अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,061.10
सोना 95,100
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 16 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**शुभांशु शुक्ला आठ जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जल संधि पर रहेगी रोक

## विदेश मंत्री एस.जयशंकर का पाकिस्तान को करारा जवाब

**कहा: कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी**

**पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने आजदो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्थायी तौर पर सीमापार आतंकवाद खत्म नहीं करता। कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नए दूतावास का उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है, जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था, जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है, जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं, जो संभव हैं। सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता -शेष पृष्ठ दो पर



## पाकिस्तान के परमाणु हथियार आईएईए की निगरानी में रखे जाएं: राजनाथ

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।



रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है।

आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है।

### जेएनयू की राह पर चला जामिया, तुर्की से की 'तौबा'

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की ने पाकिस्तान को मदद की। इसके बाद देशभर में तुर्की का बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। जामिया ने तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी तरह के समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। बुधवार को जेएनयू ने भी तुर्की के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया था।

# नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर अंतरिम रोक बरकरार रहेगी

**20 मई की सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे बहस के लिए दिए जाएंगे**

**वक्फ संशोधन कानून की विवादित धाराओं पर रोक का जारी रहना एक आशाजनक प्रगति: मौलाना मदनी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह मंगलवार को करने का आदेश दिया।

अगली सुनवाई में अदालत, अंतरिम स्टे से संबंधित पक्षकारों की दलीलों को सुनेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर बहस के लिए वकीलों को दो-दो घंटे का समय दिया जाएगा, और विपक्षी और पक्ष को जवाब देने के लिए भी दो घंटे का समय दिया जाएगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि बहस के लिए वकीलों की नियुक्ति पक्षकारों पर छोड़ दी गई है, लेकिन दोनों पक्ष तय समय के अनुसार ही बहस कर सकेंगे। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने एक संक्षिप्त नोट तैयार किया है, जिसके आधार पर ही बहस की जाएगी। कपिल सिब्बल द्वारा तैयार नोट का जवाब केंद्र सरकार सोमवार तक अदालत में दाखिल करेगी, इस बात की पुष्टि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश को दी है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 20 मई को करेगा। कपिल सिब्बल के अनुरोध पर अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा विवादित धाराओं पर दी गई आश्वासन को अगली सुनवाई तक बरकरार रखने का आदेश दिया है। गुरुवार को भी अदालत में वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर बहस करने की अनुमति मांगी गई, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने अस्वीकार कर दिया और कहा -शेष पृष्ठ दो पर

### राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा परामर्श

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है।

## भारत-पाक सीजफायर पर पांच दिन बाद ट्रम्प का यू-टर्न

**पहले कहा था सीजफायर कराया, अब बोले- मैंने सिर्फ मदद की**

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत- पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत- पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं।




with you hamesha | xmart | *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

BAJRANG MOTORS
HALDWANI 7617595006 9997191416 | PITHORAGARH 7060201577 | ALMORA 9997051025 | BAGESHWAR 8126177772 | CHAMPAWAT 8126177778

KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD.
RUDRAPUR 8192835111 8449101234 | KASHIPUR 8449904477 | KHATIMA 8191899023 | SITARGANJ 8193899109

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र के मंत्री पर भाजपा के एक्शन का इंतजार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि कर्नल सोफिया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक्शन की पूरे देश को प्रतीक्षा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया पहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा। उन्होंने कहा कि देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ, कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं।

### सीएम योगी तिलक विरोधी: अखिलेश

**अमेठी।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को अमेठी दौरे के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने योगी सरकार पर ब्राह्मण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तिलक विरोधी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से कई मुद्दों पर बातचीत की। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने मुख्यमंत्री को लेकर ये टिपण्णी कर दी। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि हमें अपनी बहादुर फौज पर गर्व है, हमारे फौजी दुनिया की जो फौजें हैं, उनसे कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करती हैं। कर्नल सोफिया के बारे में जो कहा भारतीय जनता पार्टी ने यही इनका चाल चरित्र चेहरा है।अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाई, आधी आबादी और जो पीड़ित हैं, दु:खी हैं, हम उसके साथ हैं। इससे पहले अखिलेश ने बीजेपी पर तंज भी खूब कसे और कहा कि भारतीय जनता पार्टी अमेठी में गुमशुदा है।

### बर्खास्त शिक्षकों ने राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय का किया घेराव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय 'विकास भवन' का शुक्रवार को हजारों बर्खास्त शिक्षकों ने घेराव कर अपनी बहाली की मांग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बर्खास्त शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उनकी नौकरी समाप्त किए जाने के खिलाफ था। शिक्षकों को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश द्वारा बर्खास्त किया गया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने कथित नकद- नौकरी घोटाले के बाद सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगभग 26,000 शिक्षकों को प्रभावित करने वाले एक फैसले के तहत वर्ष 2016 के पूरे पैनल की भर्ती रद्द कर दी थी। इस मामले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था और वह अब न्यायिक हिरासत में हैं।

## सीड पार्क, नई दुग्ध नीति को मंजूरी के प्रस्तावों पर मंजूरी

# योगी कैबिनेट में 10 प्रस्तावों पर मुहर

लखनऊ।

यूपी कैबिनेट की गुरुवार को लखनऊ में हुई बैठक में सीड पार्क से लेकर नई दुग्ध नीति, पंचायत उत्सव भवन समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज कैबिनेट में 10 अहम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर पर भी चर्चा हुई, जिसके बाद कैबिनेट द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को अभिनन्दन प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने यूपी में सीड पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। यह सीड पार्क भारत रत्न पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह जी के नाम पर होगा। इस पार्क को लखनऊ में 130.63 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसके लिए 251.70 करोड़ की लागत आएगी। नगर विकास विभाग में अमृत योजना अंतर्गत निकायों के निकाय अंश को घटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अमृत योजना 1 में 7 निकायों के 90 करोड़ धनराशि के निकाय अंश को माफ किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। उत्तरप्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इससे प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

नई दुग्ध प्रसंस्करण यूनिट स्थापना में पूंजीगत अनुदान 35 प्रतिशत किया जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग के लिए मेसर्स आरसीसीपीएल रायबरेली को सब्सिडी में सुधार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जेके सीमेंट प्रयागराज 450.92 करोड़, मून बेव. रेज लिमिटेड हापुड़ 469.61 करोड़, सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर 403.88 करोड़, ग्लोबल स्पिलट्स लिमिटेड लखीमपुर 399.74 करोड़, चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभाओं के बैठकों आदि में होने वाले व्ययों के फंड को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी मिली। पंचायत उत्सव भवन के नामकरण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नागरिक उड्डयन विभाग में निदेशालय में संविदा पर कार्यरत कार्मिकों के पारिश्रमिक के पुनर्निधारण प्रस्ताव को मंजूरी मिली। कार्मिकों में (पायलट,को पायलट, इंजीनियर, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के कार्मिकों व तकनीकी गैर तकनीकी स्टाफ)को सातवें वेतन आयोग दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर के लिए 403.88 करोड़ रुपये मंजूर



■ चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी, लखनऊ में चौ. चरण सिंह के नाम पर होगा सीड पार्क

### यूपी में 30 करोड़ से ज्यादा की दवाएं जब्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी के निर्देश पर सरकार ने नकली दवाओं के गोरखधंधे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने पूरे प्रदेश में छापेमारी अभियान चलाकर 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस रद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, 6 दवा निर्माण कंपनियों और 5 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं।

### सचिवालय कर्मियों के 25 फीसद तक बढ़े भत्ते

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सचिवालय प्रशासन विभाग में तैनात अलग-अलग कैडर के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम योगी ने इन कर्मचारियों और अधिकारियों के विशेष भत्तों में 25 फीसद की बढ़ोतरी की है। गुरुवार को वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। योगी सरकार के इस फैसले से 3500 से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार के इस फैसले के बाद सचिवालय में कंप्यूटर तकनीशियन के विशेष भत्ते को अब 790 रुपये से बढ़ाकर 950 रुपये तक कर दिया गया है. इसके साथ ही सहायक समीक्षा अधिकारी और उनके समकक्ष वेतनमान अधिकारियों को जिन्हें अब तक विशेष भत्ते के तौर पर 1,070 रुपये दिए जाते थे, उसे बढ़ाकर 1,275 रुपये कर दिया गया है। इनके साथ ही समीक्षा अधिकारी का विशेष भत्ते में भी इजाफा किया गया है। इन अधिकारियों का विशेष भत्ता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दिया गया है। सचिवालय के अनुभाग अधिकारी के पदों के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतनमान 1,880 रुपये से बढ़कर 2,250 रुपये हो गए है। सचिवालय सेवा के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतन पैमाने के अधिकारियों को अब 1,940 रुपये दिए जाते थे, जिन्हें बढ़ाकर 2,350 रुपये से बढ़कर किए गए हैं। सचिवालय सेवा उपसचिव के विशेष भत्ते को 2,070 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया गया है। संयुक्त सचिव व उनके समकक्ष अधिकारियों का विशेष भत्ता 2,500 से 2,700 रुपये हो गया है। सचिवालय सेवा के विशेष सचिव और इसके समकक्ष वेतनमान के अधिकारी को 2,500 रुपये विशेष भत्ता मिलता था, जो अब बढ़कर 3,000 रुपये हो गया है।

## जाति जनगणना पर कांग्रेस के दबाव में झुके मोदी: राहुल गांधी

दरभंगा, वार्ता



■ तेलंगाना की तर्ज पर की जानी चाहिए जनगणना

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन उनकी (श्री गांधी) ओर से लगातार जारी दबाव में आकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना कराने की घोषणा की है।

गांधी ने गुरुवार को यहां जिला प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे। यह उनका दबाव था, जिसने मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर जाति गणना पूर्ण हुई, तो यह समाज के वंचित और उत्पीड़ित वर्ग के हित में होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई। अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए। गांधी ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है। हालांकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सूचीबद्ध मजदूरों में उनकी संख्या सबसे अधिक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को निजी संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। इन वर्गों के आरक्षण के लिए कानून तो है, लेकिन इसे न तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और न ही बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार लागू कर रही है।

## राहुल को संवाद करने से रोकने पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते थे राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह बिहार के दरभंगा में अम्बेडकर हॉस्टल में दलित तथा पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हालांकि संविधान और लोकतंत्र में तानाशाही से कोई उन्हें रोक नहीं सकता है।

गांधी को दलित छात्रों से संवाद करने से रोकने की खबर आते ही कांग्रेस का गुस्सा भड़क गया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के इस प्रयास को तानाशाही करार दते हुए इसे निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार न्याय और क्रांति की धरती है और वहां की जनता इस तरह की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बिहार में एनडीए की 'डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार' मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया। नीतीश आप किस बात से डर रहे हैं। क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं। भारत लोकतंत्र है, संविधान से चलता है, न कि तानाशाही से, हमें सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए आवाज़ उठाने से कोई नहीं रोक सकता। खड़गे ने कहा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है। क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बात. चीत करना कोई पाप है।

### सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करने को करेंगे जय हिंद सभाएं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों की सशक्त जवाबी कारवाई को सलाम करने के लिए पार्टी देशभर जय हिंद सभाओं का आयोजन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए आज बताया कि कांग्रेस सशस्त्र बलों की सर्वोच्च वीरता और सफलता को सलाम करने के लिए पूरे भारत में 'जय हिंद सभा' आयोजित करेगी।

## लखनऊ में चलती एसी बस में आग, पांच लोग जिंदा जले

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला बिहार से दिल्ली जा रही थी

**लखनऊ।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### बलरामपुर में ट्रक-कार में भिड़ंत, पांच मरे, आठ घायल

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चकवा चौकी के पास गुरुवार देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बारात से लौट रहें एक ही परिवार के पांच लोगो की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र के कस्बा से पिंटू कुमार अपने परिवार संग कार से श्रावस्ती जिले के भालुहिया वीरपुर गांव में बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था उन्होंने बताया कि इस हादसे में अजय कुमार (35), फूल बाबू (35), विजय कुमार (40), शिवकुमार (22) और मासूम आदित्य (8) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### ट्रक की आटो में टक्कर छह की मौत, तीन गंभीर

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ट्रक ने सवारियों से भरे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो चुका था। सभी घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। यह हादसा कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांगरमऊ संडीला मार्ग पर हुआ। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि गुरुवार को सुबह पौने नौ बजे कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांगरमऊ संडीला मार्ग पर यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर घायल हैं, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है। दो को लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर संडीला सीओ सतेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर सीएचसी संडीला भेजा।

## अर्थ व्यापार

## चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तूफानी तेजी

मुंबई, वार्ता



अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25062.10 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,625.55 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत की तेजी लेकर 50,450.47 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2637 में तेजी जबकि 1327 में गिरावट रही, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2942 कंपनियों के शेयरों में से 1980 में लिवाली जबकि 890 में बिकवाली हुई, वहीं 72 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.15, हेल्थकेयर 0.71, इंडस्ट्रियल्स 1.62, आईटी 1.25, दूरसंचार 1.02, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 1.86, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.99, धातु 1.60, तेल एवं गैस 1.01, पावर 0.98, रियल्टी 1.87, टेक 1.36, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.20, जापान का निक्केई 0.98, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.68 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 81,354.43 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,762.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं दमदार लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,718.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,330.56 अंक के मुकाबले 1.48 प्रतिशत उछलकर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 28 अंक उठकर 24,694.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,494.45 अंक के निचले, जबकि 25,116.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,666.90 अंक की तुलना में 1.60 प्रतिशत की उड़ान भरकर 25,062.10 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक की 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल हुई महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों की भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 69 रिंगिट लुढ़ककर 3831 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.00 सेंट गिरावट लेकर 49.42 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**समूचे आतंकी...**

चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डा. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि उसकी सेना पर और पाकिस्तानी सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और वे कितना कम नुकसान कर पाये। यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

**नए वक्फ कानून....**

कि केवल उन्हीं पांच याचिकाओं पर बहस की अनुमति दी जाएगी, जिन्हें अदालत ने निर्धारित किया है। अन्य किसी याचिका पर बहस की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत द्वारा निर्धारित पांच याचिकाओं में मौलाना अरशद मदनी की याचिका प्रथम क्रमांक पर है, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। अगली सुनवाई में अदालत वक्फ संशोधनों पर अंतरिम स्टे से संबंधित ही सुनवाई करेगी, यह स्पष्टीकरण मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार की सुनवाई के दौरान दिया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार की कानूनी प्रगति पर कहा कि आशाजनक बात यह रही कि विवादित धाराओं पर रोक को अदालत ने बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे का समय बहस के लिए दिया गया है, यह इस बात का संकेत है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द इसकी सुनवाई पूरी करना चाहती है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि इस पर अदालत का अंतिम फैसला शीघ्रता से आ जाए, क्योंकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक के बावजूद कई स्थानों पर मस्जिदों और दरगाहों को अवैध करार देकर गिरा दिया गया है। इसमें उत्तराखंड स्थित एक वक्फ दरगाह का मामला भी शामिल है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे ज़िलों में कई मदरसों, कब्रिस्तानों, ईदगाहों ही नहीं, बल्कि कई मस्जिदों को भी अवैध या सरकारी जमीन पर स्थित बताकर तोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान की सर्वोच्चता को खत्म कर चुके हों, उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे कानून का सम्मान करेंगे? ये वही लोग हैं, जो सत्ता के नशे में खुद को ही कानून समझ बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ 'दान' (चैरिटी) का ही एक रूप है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वक्फ को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद ग़लत प्रचार किया गया है और बहुसंख्यक समुदाय को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई है कि वक्फ की आड़ में मुसलमानों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है, जबकि दुखद सच्चाई यह है कि वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकार ने ही कर रखा है। यह वक्फ संशोधन कानून इसलिए लाया गया है, ताकि इस अवैध कब्जे को कानूनी जामा पहनाने के साथ-साथ अन्य वक्फ संपत्तियों पर भी कब्जा करने का रास्ता आसान किया जा सके। गौरतलब है कि वक्फ कानून के लागू होने के बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से की थी, जिसके बाद यह मामला तीन बार सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं हो सका। वक्फ संशोधन कानून पर राष्ट्रपति महोदया की मंजूरी मिलने के बाद मौलाना अरशद मदनी ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मौलाना अरशद मदनी की ओर से एडवोकेट आन रिकार्ड फुज़ैल अय्यूबी ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें लिखा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन व वक्फ के लिए विनाशकारी है।

## विजय शाह के घर चले बुलडोजर: जमीयत

■ मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें: रशीदी

**लखनऊ।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिन्द भी खुलकर सामने आ गई है। जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा की भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त कर देशद्रोह के आरोप में जेल में डाल देना चाहिए।

मोलाना काब रशीदी ने भाजपा पर सवाल उठाते हुआ कहा कि अब कहां है आपका बुलडोजर ? जो कल तक देश के मुसलमानों को डसते थे। अब वो विदेश सचिव और सेना को डस रहे हैं, पीएम कार्यालय क्यों खामोश है। हमारे पीएम और विदेश मंत्री क्यों नहीं बोल रहे? देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए राजनीतिक हितों को नहीं देखना चाहिए। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। उस मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें। मौलाना काब रशीदी ने कहा कि देश में मानसिक रोगियों का एक ऐसा टोला है, जो मुसलमानों को गालियां देते देते अब देश को गाली देने लगा है ये वो लोग हैं, जिन्हें यह सिखाया जाता है कि ये मुसलमानों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से जहर फैलाएं और आग उगलें। आज ऐसे समय में जब भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ है और पूरा देश एकजुट है। जम्मू कश्मीर तक के लोग तिरंगे की आन बान शान के लिए एक साथ लाल चौक पर खड़े हैं और कर्नल सोफिया कुरैशी, जिसने सबसे पहले देश को जानकारी दी थी और जो महिला देश का स्वभिमान बढ़ाने वाली है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मंगल दलों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि बढ़ाई जाएगी

## मुख्य सेवक संवाद में युवक एवं महिला मंगल दलों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

**सेवा, संस्कृति, स्वावलंबन के लिए मंगल दलों का योगदान सराहनीय: मुख्यमंत्री**
**मंगल दलों को आत्मनिर्भर बनाने व ऋण सुविधा के लिए नीति बनाई जाएगी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्य सेवक संवाद के तहत प्रदेशभर से आए युवक एवं महिला मंगल दलों के प्रति. निधियों के साथ मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मंगल दलों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि 04 हजार रूपये से बढ़ाकर 05 हजार रूपये की जायेगी। मंगल दलों को आत्मनिर्भर बनाने और ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए नीति बनाई जायेगी।

मंगल दलों को डिजिटल मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य स्तर पर एक पोर्टल बनाया जायेगा, जिससे प्रत्येक युवा और महिला मंगल दल को एक दूसरे से जोड़ा जायेगा।

मुख्यमंत्री ने मंगल दलों द्वारा सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंगल दल उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। युवक एवं महिला मंगल दल प्रदेश की सामाजिक चेतना को मजबूत करने, लोक परंपराओं को संजोने और गांव-गांव में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय मंगल दल 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभाते हैं और जनजागरूकता अभियानों में भी आगे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मंगल दलों को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि मंगल दलों को स्वरोजगार के लिए 50 हजार रुपये से 3.5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

### मंगल दलों के सुझाव....

उत्तरकाशी के आजाद डिमरी ने संवाद में सीएम से मांग की थी कि मंगल दलों को मिलने वाली राशि 04 हजार रूपये से बढ़नी चाहिए। बागेश्वर की खुष्टि कोरंगा ने कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा फायदा मिल सके इसके लिए ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर होने वाली विभिन्न बैठकों में मंगल दलों को भी शामिल किया जाना चाहिए। चम्पावत की मोनिका ने कहा कि जनहित में महत्वपूर्ण जानकारियों एवं सूचनाओं के लिए पोर्टल बनाया जाना चाहिए। चमोली के सुरजीत सिंह बिष्ट ने कहा कि ग्राम स्तर पर मंगल दलों को डिजिटल प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। हरिद्वार के मनोज चौहान ने कहा कि योग और फिटनेस पर राज्य में अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर विधायक सुरेश गड़िया, पीएमजीएसवाई राज्य स्तरीय अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव एस.एन.पाण्डेय, निदेशक युवा कल्याण प्रशांत आर्य उपस्थित थे।

# ड्राफ्ट्समैन के चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर स्टे से सता रही ज्वाइनिंग की चिंता




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** ड्राफ्ट्समैन की भर्ती परीक्षा पास करके विभिन्न विभागों में नौकरी की आस लगाए अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट के स्टे के कारण झटका लगा है, क्योंकि कई अभ्यर्थियों को विभाग से ज्वाइनिंग लेटर भी मिल चुके थे। उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षा पास करके विभिन्न विभागों में नौकरी पाने वाले अभ्यर्थी अब हाईकोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पास हुए अभ्यर्थियों ने गुरुवार को मंत्री सौरभ बहुगुणा को भी अपनी स्थिति बताते हुए न्यायालय में मजबूत पैरवी की उम्मीद जताई है।

उत्तराखंड राज्य लोकसेवा आयोग की भर्ती परीक्षा पास करके ड्राफ्ट्समैन के पदों पर चयनित हुए कुछ अभ्यर्थियों ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के यमुना कॉलोनी आवास पर उनसे मुलाकात करके अपनी स्थिति बताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में यूकेपीएससी ने विभिन्न विभागों के लिए ड्राफ्ट्समैन के पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसी वर्ष जनवरी में अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी हुई थी। उनको विभाग भी आवंटित हो गये थे। लेकिन भर्ती परीक्षा में मेरिट में शामिल न पाने वाले एक अभ्यर्थी की रिट पर हाईकोर्ट ने भर्ती पर स्टे लगा दिया है।

मामले में मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अभ्यर्थियों को आश्वासन देते हुए न्यायालय पर भरोसा रखने को कहा है।

# यात्रा मार्ग पर 25 स्थानों पर मिल रही ई-चार्जिंग की सुविधा

**इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सरकार ने दी महत्वपूर्ण सुविधा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** चारधाम यात्रा को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए, प्रदेश सरकार ने इस यात्रा सीजन से 25 स्थानों पर ई व्हीकल चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी है। इससे यात्रा में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार चारधाम यात्रा को ग्रीन यात्रा की थीम पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग (28) और टीएचडीसी (10) के सहयोग से चारधाम यात्रा मार्ग पर 38 ई व्हीकल चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। इसमें से यात्रा शुरू होने तक 25 स्टेशन शुरू किए जा चुके हैं, जहां यात्री आसानी से अपने ई व्हीकल को चार्ज करवा रहे हैं। ज्यादातर चार्जिंग स्टेशन जीएमवीएन की प्रापर्टी में स्थापित किए गए हैं।

प्रत्येक स्टेशन पर 60 किलोवाट क्षमता के यूनिवर्सल चार्जर लगाए गए हैं, जिनमें 30-30 किलोवाट की दो चार्जिंग गन शामिल हैं। जीएमवीएन के एमडी विशाल मिश्रा ने बताया कि ग्रीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने के लिए मुख्य पड़ावों पर ई-चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है, ताकि यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित हो सकें। अकेले जनपद रुद्रप्रयाग में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित चार जीएमवीएन गेस्ट हाउस पर चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है।

**यहां हैं ई चार्जिंग स्टेशन**

उत्तरकाशी, हरिद्वार, ऋषिकेश, मंगलौर, रुड़की, बड़कोट, स्यानाचट्टी, फूलचट्टी, जानकीचट्टी, कौडियाला, श्रीनगर, श्रीकोट, गौचर, कर्णप्रयाग, गैरसैंण, कालेश्वर, नंदप्रयाग, पीपलकोटी, औली, पांडुकेश्वर बद्रीनाथ, स्यालसौड़, गुप्तकाशी, सोनप्रयाग, घनसाली आदि।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप इस वर्ष चारधाम यात्रा को हरित यात्रा के रूप में आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में यात्रा मार्ग पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाएगी, बल्कि उत्तराखंड को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में भी एक सार्थक कदम साबित होगी। सरकार का उद्देश्य है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण, रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म और हरित पर्यटन को नई दिशा दी जा सके...



**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

# अहिल्याबाई होलकर की जीवनी से महिला सशक्तिकरण का संदेश देगी भाजपा: दीप्ती



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी ने अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को महिला सशक्तिकरण के राष्ट्रीय अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस क्रम में देश के सभी राज्यों में महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन और छात्र सम्मेलन जैसे जन संवाद के प्रेरणात्मक कार्यक्रम जिले व मण्डल स्तर तक आयोजित किये जायेंगे। इसके निमित्त भाजपा ने देशभर मे सभी राज्यों में प्रदेश स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया है। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ती रावत भारद्वाज को अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए केंद्रीय टीम का सदस्य भी बनाया गया है। दीप्ती ने दिल्ली, शिमला और करनाल में आयोजित कार्यशालाओं में सहभागिता करते हुए अहिल्याबाई होलकर के जीवन संदेश को साझा किया। दीप्ती रावत ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर केवल एक रानी नहीं थीं बल्कि न्याय, करुणा और सामाजिक दायित्व की जीवंत प्रतिमूर्ति थीं।

उन्होंने कहा कि जब स्त्रियों से चुप रहना अपेक्षित था, अहिल्याबाई ने शासन, न्याय और सेवा के माध्यम से एक नई परंपरा गढ़ी। अहिल्याबाई का जीवन हमें यह सिखाता है कि महिला सशक्तिकरण किसी नारे से नहीं, बल्कि सतत सेवा, दूरदर्शिता और मूल्यों से होता है। अहिल्याबाई ने, निर्माण के माध्यम से समाज को दिशा दीख्रघाट, मंदिर, कुएँ, मार्ग और न्याय की नींव। यह सब उनकी दृष्टि का परिणाम था। दीप्ती रावत ने बताया कि 31 मई तक देशभर में विशेष आयोजन किए जाएँगे।

# चारधाम यात्रियों की संख्या में हो रहा है इजाफा: महाराज

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रही है। देश-विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की संख्या लगातार वृद्धि हो रही है।

महाराज ने बताया कि भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद अब हालात सामान्य होने पर एक बार पुनः चारधाम यात्रा को लेकर श्रृद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। बुकिंग शुरू होने से टूर एवं ट्रेवेल्स इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को भी राहत मिली है।

30 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ हुई चारधाम यात्रा के बाद से अब तक 8 लाख श्रद्धालु धामों में दर्शनों का लाभ उठा चुके हैं। इसके अलावा जीएमवीएन के गेस्ट हाऊसों की बुकिंग के आधार पर कहा जा सकता है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब चारधाम का रुख कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हॉउसों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग के तहत अभी तक कुल 12,68,55,745 (बारह करोड़ अड़सठ लाख पचपन हजार सात सौ पैंतालीस) रुपये से अधिक की बुकिंग की जा चुकी है।



**आदि कैलाश यात्रा के लिए जारी हुए 3256 इनरलाइन परमिट**

महाराज ने बताया कि आदि कैलाश व ओमपर्वत की यात्रा भी 02 मई 2025 से प्रारम्भ हो चुकी है। इसमें अब तक 3256 इनरलाईन परमिट जारी किये जा चुके हैं। जबकि 05 वर्षों के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून 2025 को दिल्ली से प्रारम्भ हो रही है। यात्रा में इस वर्ष कुल 250 यात्री प्रतिभाग कर सकेंगे। अंतिम बार यह यात्रा वर्ष 2019 में संचालित हुई थी। कोरोना महामारी के कारण इस यात्रा का संचालन नहीं हो सका।

इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा में 50-50 यात्रियों के कुल 05 दल जायेगें, प्रथम दल 10 जुलाई को लिपुलेख पास से होते हुए चीन में प्रवेश करेगा, अंतिम यात्रा दल 22 अगस्त को चीन से भारत लौटेगा। यात्रा का संचालन कुमायूँ मण्डल विकास निगम की और से किया जायेगा। इस बार यात्रा रूट टनकपुर से धारचूला होते हुए कैलाश मानसरोवर जायेगा व चौकोडी होते हुए अल्मोडा से वापसी करेगा।

# केदारनाथ के दर्शन करने वाले भक्तों का आंकड़ा पहुंचा तीन लाख पार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विश्व विख्यात केदारनाथ धाम की यात्रा ने तेज रफ्तार पकड़ दी है। 14 दिन की यात्रा में तीन लाख से अधिक भक्तों ने बाबा केदार के दर्शन कर दिये हैं। जो कि एक रिकार्ड बन गया है। लगातार बढ़ रही भक्तों की चहल-कदमी से केदारनगरी जय केदार के उदघोषों से गुंजायमान है। वहीं दूसरी ओर पिछले दो दिनों से मौसम भी साथ दे रहा है। केदारनाथ धाम से लेकर सम्पूर्ण जनपद में दो दिनों से बारिश नहीं हुई है।

द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शनों के लिये इन दिनों भक्तों का हुजूम उमड़ रहा है। प्रत्येक दिन बीस हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि पिछले दो-तीन दिनों से मौसम भी साथ दे रहा है। इन दिनों मौसम साफ है, जिस कारण बारिश में होनी वाली परेशानियां भी भक्तों की दूर हुई हैं। धाम पहुंचने वाले सभी भक्तों को बाबा केदार के दर्शन हों, इसके लिये



मंदिर खोलने की समयावधि भी बढ़ाई गई है। धाम पहुंच रहे प्रत्येक भक्त को दर्शन कराये जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार टोकन सिस्टम के जरिये दर्शन हो रहे हैं। टोकन सिस्टम के जरिये दर्शन करने में कम समय लग रहा है।

टोकन सिस्टम लागू होने से दोपहर के समय तक सभी भक्त मंदिर के गर्भ गृह में जा रहे हैं और दर्शन कर रहे हैं। भारी संख्या में भक्त केदारनाथ धाम के क्षेत्ररक्षक भैरवनाथ भगवान के अलावा शंकराचार्य गददीस्थल के भी दर्श कर रहे हैं।

# 'जादुई पिटारा' से सीखने की प्रवृत्ति होगी विकसित : डॉ. रावत

## प्रथम चरण में पौड़ी व पिथौरागढ़ के 2327 विद्यालयों को मिला जादुई पिटारा

**तीन से 8 वर्ष के बच्चों के लिये तैयार की गई खेल आधारित शिक्षण सामग्री**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेशभर के प्राथमिक विद्यालयों में 'जादुई पिटारे' के माध्यम से बच्चों में सीखने की समझ विकसित की जायेगी। इस पिटारे में बच्चों के लिये खिलौने, कठपुतलियां, दिलचस्प कहानियां उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा इस खेल आधारित शिक्षण सामग्री को 3 से 8 आयु वर्ष के बच्चों के लिये तैयार किया गया है। इस जादुई पिटारे को प्रदेशभर के सभी प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराया जायेगा। प्रथम चरण में पौड़ी और पिथौरागढ़ जनपद के दो हजार से अधिक विद्यालयों में जादुई पिटारा उपलब्ध करा दिया गया



है। जबकि शेष 11 जनपदों में जादुई पिटारा शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को अपने विद्यानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाबौं के ब्लॉक के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित खेल आधारित अधिगम सामग्री 'जादुई पिटारा' वितरित किया। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी स्तर को मजबूत करने के लिये राज्य सरकार शिक्षा से संबंधित विभिन्न नवीन तकनीकों को प्रदेश में लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा के अनुरूप एनसीईआरटी द्वारा विकसित नया स्टडी मटेरियल 'जादुई पिटारा' को प्रदेशभर के प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश में समग्र शिक्षा के तहत प्रथम चरण में पौड़ी और पिथौरागढ़ जनपद के 2327 प्राथमिक विद्यालयों में जादुई पिटारे वितरित किये जा चुके है। जिसमें पौड़ी जनपद में 1354 प्राथमिक विद्यालय जबकि पिथौरागढ़ जनपद में 973 विद्यालय शामिल हैं।

विभागीय मंत्री डा. रावत ने बताया कि द्वितीय चरण में शेष 11 जनपदों के 8939 प्राथमिक विद्यालयों में जादुई पिटारा वितरित किया जायेगा। जिसमें अल्मोड़ा जनपद के 1248, बागेश्वर 561, चमोली 919, चम्पावत 477, देहरादून 881, हरिद्वार 666, नैनीताल 937, रूद्रप्रयाग 521, टिहरी 1265, ऊधमसिंह नगर 778 तथा उत्तरकाशी जनपद के 686 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जादुई पिटारा प्रथमिक स्तर पर 3 से 8 वर्ष के बच्चों पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी, सीखने की ललक, चिंतन कौशल, गणित और भावनात्मक कल्याण को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। इस पिटारे में बच्चों के लिये खिलौने, पहेलियां, दिलचस्प कहानियां उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा खेल, चित्रकला, नृत्य व संगीता पर आधारित शिक्षा भी जादुई पिटारा में शामिल हैं।

# चारधाम पर सरकार के दावे खोखले: कांग्रेस

**प्रदेश में घटी चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों की संख्या: धस्माना**

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** चार धाम यात्रा में पहले दो सप्ताह में श्रद्धालुओं का आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 31 प्रतिशत गिरा है यह बात गुरुवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

धस्माना ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन 2024 में पहले दो सप्ताह में चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या नौ लाख इकसठ हजार थी जबकि इस बार पहले दो सप्ताह में केवल छह लाख बासठ हजार तीर्थ यात्री चार धाम पहुंचे हैं । धस्माना ने कहा कि पिछले वर्ष तीर्थ यात्री जम्मू कश्मीर में भी जा रहे थे लेकिन इस वर्ष पहलगाम की आतंकवादी घटना के कारण जम्मू कश्मीर और वैष्णो देवी जाने वाले



यात्रियों की संख्या घटी है और यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि इसके कारण उत्तराखंड में पर्यटकों व तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ सकती है उसके बावजूद उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में यात्रियों की संख्या अपेक्षा के विपरीत बहुत ज्यादा कम हुई है ।

धस्माना ने कहा कि इसका एक बड़ा कारण नैनीताल में नाबालिग के बलात्कार की घटना को सांप्रदायिक रंग दे कर माहौल बिगाड़ने का जो प्रयास हुआ उसका विपरीत संदेश पूरे देश में गया और उत्तराखंड आने से लोग सुरक्षित यात्रा के प्रति थोड़ा सशंकित हो गए हैं।

# गर्मी में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की गुणवत्ता पर सतर्क हुआ एफडीए

**जारी किए सख्त निगरानी के आदेश, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर और ठंडे पेय पदार्थों की गुणवत्ता व भंडारण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : डॉ. आर. राजेश**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** गर्मियों में तापमान में तेजी से वृद्धि और पर्यटन सीजन की शुरुआत को देखते हुए उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। राज्य भर में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर और ठंडे पेय पदार्थों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने और उनके उचित भंडारण के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव स्वास्थ्य एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने कहा, राज्य सरकार नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गर्मियों के इस संवेदनशील मौसम में खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि बाजार में बिकने वाला पैकेज्ड पानी व शीतल पेय मानकों के अनुरूप हों। यदि कोई भी विक्रेता या आपूर्तिकर्ता नियमों की अवहेलना करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं से अपेक्षा है कि वे केवल प्रमाणित और लाइसेंसी उत्पादों का ही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं की सेहत सर्वोपरि है और गर्मियों के इस संवेदनशील मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**बिना अनुमति खुले में बिक रहा ठंडा पानी हो सकता है खतरनाक: जग्गी**

fda Uttarakhand

अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि स्वास्थ्य सचिव व आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देश पर यह आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'गर्मी के मौसम में बाजार में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर और अन्य ठंडे पेय पदार्थों की मांग में भारी वृद्धि होती है। लेकिन देखा गया है कि कई स्थानों पर इनका भंडारण खुले में और अनियमित तरीकों से किया जा रहा है, जिससे इनकी गुणवत्ता पर असर पड़ता है।

# कपिल की मौत के ढाई माह बाद मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** आईजी गढ़वाल के निर्देश पर आखिरकार बड़कोट पुलिस ने ढ़ाई महीने बाद सरनौल गांव के कपिल चौहान की मौत पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि बुधवार को यूकेडी नेताओं ने देहरादून स्थित गढ़वाल आईजी से मुलाकात कर थाना बड़कोट में मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की थी, जिसके बाद बड़कोट पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में सरनौल गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

इधर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित पक्ष मेरे पास आये थे मैंने थानाध्यक्ष बड़कोट को जांच के निर्देश दिए थे। इधर थानाध्यक्ष बड़कोट दीपक कठैत ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ धारा 103 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में सिद्धार्थ, जगवीर पुत्र सदर सिंह, सदर सिंह, निरज पत्नी सिद्धार्थ के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

**क्या है पूरा मामला**

बड़कोट (उत्तरकाशी)। घटना दो से चार मार्च 2025 की है जब बचाण गांव के ऊपर कंदराला के जंगलों में कपिल चौहान अपने भाईयों के साथ भेड़ चुगा रहे थे। अचानक सुबह को गांव में जंगल से फोन आता है कि कपिल पेड़ से गिर गया है। गांव से कुछ लोग आनन-फानन में जंगल जाते हैं और कपिल का मृत शव को गांव लाया जाता है उसके बाद अंतिम संस्कार किया जाता है। उसके दो सप्ताह बाद गांव में इस बात की चर्चा शुरू हो जाती है कि कपिल पेड़ से नहीं गिरा बल्कि इसका मर्डर हुआ है। और परिजन पुलिस थाना बड़कोट के चक्कर काटने लगाते हैं। परिजनों का आरोप है कि बड़कोट पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया और न कोई जांच की है जिसकी शिकायत पुलिस ने उत्तरकाशी पुलिस अधीक्षक को भी की है।

# हेमकुंड साहिब रोपवे निर्माण की कवायद शुरू

**पर्वतमाला परियोजना के तहत हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर होगा 12.4 किमी रोपवे का निर्माण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोपेश्वर।** चमोली जिले में उच्च हिमालयी क्षेत्र 4 हजार 329 मीटर की ऊंचाई पर स्थित श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा को सुगम बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी रोपवे परियोजना निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद शुरु कर दी है। गुरुवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान परियोजना निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार करने के साथ ही भूमि अधिग्रहण को लेकर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे निर्माण के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद ने एनएचएलएमएल के साथ अनुबंध किया है। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर रोपवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाना है। जिसे लेकर एनएचएलएमएल कंपनी के अधिकारियों की ओर से प्रेजेंटेशन दिखाई गई। जिसके बाद जिलाधिकारी ने निर्माणदायी कंपनी को परियोजना निर्माण से क्षेत्र पर होने वाले सामाजिक और पारिस्थितिक प्रभाव की आकलन रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि परियोजना का निर्माण सुगमता से किया जा सके।



बैठक में रोपवे विशेषज्ञ नितेश कुमार ने बताया कि एनएचएलएमएल द्वारा रोपवे का विकास किया जा रहा है। जिसका डिजाइन ट्रैकटेबल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड की ओर से तैयार किया गया है। कहा कि गोविंदघाट-हेमकुंड रोपवे परियोजना में 6 स्टेशन निर्मित किए जाएंगे। रोपवे निर्माण के बाद एक घंटे की समयावधि में करीब एक हजार एक सौ तीर्थयात्री हेमकुंड जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना का निर्माण 2,730.13 करोड़ की लागत से किया जाएगा।

हेमकुंड साहिब तक जाने के लिए 18 किमी की पैदल दूरी तय करनी होती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे, भूमि अधिग्रहण विशेषज्ञ सईद, वन विशेषज्ञ आकाश आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### विवाहिता ने दर्ज कराया उत्पीड़न का मुकदमा

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने सेल टैक्स विभाग मुरादाबाद में तैनात स्टेनो पति और ससुरालियों पर दहेज व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। चक गजरौला, थाना टांडा रामपुर निवासी पूनम ने आइटीआई थाने में तहरीर देकर कहा कि उसका विवाह 1 दिसंबर 2014 को सूरजपाल पुत्र टीकाराम निवासी खड़कपुर देवीपुरा के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद पति और ससुर टीकाराम, सास वीरवती व देवर अनिल ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बताया कि शादी के एक वर्ष बाद पति की नौकरी स्टेनो के पद पर लग गई। इसके पर आरोपियों ने दहेज में 15 लाख रुपये की मांग की। वह बीते 3 मई को उसे अपनी बहन के घर से एक शादी में मुरादाबाद जाना था। वहां पति व देवर अंकित भी गए थे। आरोप है कि दोनों ने उसे घर ले जाने के लिए गाड़ी में बैठा लिया, मारपीट की। ससुराल पहुंचने के बाद जब पीड़िता ने अपने भाई को आपबीती बताई, तो 4 मई को उसका भाई प्रदीप, देवेंद्र व भाभी गजना देवी खड़कपुर आए। आरोप है कि ससुरालियों समेत उसके चचेरे ससुर महीपाल, छोटे लाल व कंचन ने 4-5 अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उसके भाई पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर मारपीट की। आईटीआई थाना प्रभारी प्रकाश बिष्ट ने बताया कि आरोपी पति मुरादाबाद सेल टैक्स विभाग में स्टेनो है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### प्याज एवं लहसुन पर कार्यशाला का समापन

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस संस्थान हवालबाग में प्याज एवं लहसुन पर अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना की 16वीं वार्षिक कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया है। कार्यशाला में देश के विभिन्न कृषि संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला के समापन समारोह में अध्यक्ष के रूप में डीओजीआर पुणे के पूर्व निदेशक डा. केई लवांडे मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्याज और लहसुन की खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों की आय बढ़ाने में इन फसलों की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं, संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकान्त ने कहा कि यह कार्यशाला प्याज और लहसुन की खेती से जुड़े वैज्ञानिकों एवं हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुई है। बताया कि कार्यशाला में कुछ तकनीकी संस्तुतियां की गई जो संस्थान के बागवानी संभाग द्वारा कृषि मंत्रालय को हस्तान्तरित की जाएगी।

### विधायक ने मोटर मार्ग का शिलान्यास किया

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत फलसीमा में मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। 69.46 लाख से मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण से ग्राम पंचायत को इसका लाभ मिलेगा। यहां विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख (प्रशासक) बबीता भाकुनी, निर्वतमान क्षेत्र पंचायत सदस्य महिला बिष्ट, निर्वमान जिला पंचायत सदस्य जीवन सिंह भंडारी, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, संजय बिष्ट, बीडीओ एसएस दरियाल, भूपेंद्र सिंह, पान सिंह, जगदीश बिष्ट, परितोष जोशी, रोहित कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### 17.63 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान लोधिया के पास एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवक के कब्जे से 17.63 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा कोतवाली पुलिस और एसआ. जी की संयुक्त टीम ने लोधिया के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक युवक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी फैजल अहमद पुत्र जुनैद अहमद, निवासी थाना बाजार अल्मोड़ा के कब्जे से 17.63 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत करीब 5 लाख 28 हजार 900 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। टीम कोतवाल योगेश चन्द्र उपाध्याय, एसओजी प्रभारी भुवन जोशी, एसआई बृजमोहन भट, कांस्टेबल सुंदर लाल, इरशाद उल्ला, राजेश भट शामिल रहे।

### मारूती शोरूम में हुई चोरी का खुलासा

**अल्मोड़ा।** नगर के धारानौला स्थित मारूती शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम भी बरामद कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मारूती शोरूम के मैनेजर जदगीश बोरा ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते नौ मई को वह वर्कशॉप बंद कर घर चले गए थे। दूसरे दिन शोरूम में पहुंचने पर देखा तो लॉकर टूटा हुआ था। जिसमें रखे 65 हजार से अधिक की नगदी में चोर ने हाथ साफ कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर, अल्मोड़ा पुलिस ने चोरी के आरोप में मोहसिन खान पुत्र हसीन मिया, निवासी छीपी टोला बरेली उत्तर-प्रदेश हाल निवासी मारुति सर्विस सेंटर शोरुम राजपुरा अल्मोड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नगदी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी सात-आठ साल से वर्कशॉप में डेंटिंग का काम करता है। टीम में चौकी प्रभारी धारानौला एसआई आनंद बल्लभ कश्मीरा, आसिफ हुसैन, राजीव जोशी शामिल रहे।

# अतिक्रमणमुक्त की जाएगी ढेला नदी

## मेयर दीपक बाली के प्रयास से हुई भू व्यवसाइयों और विकास प्राधिकरण की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मेयर दीपक बाली के प्रयासों के चलते आज यहां नगर निगम सभागार में भू व्यवसाइयों और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच एक खुली बैठक हुई, जिसमें वैध/अवैध कालोनियों, प्लॉटों आदि की समस्याएं रखी गई। अधिकारियों ने कई भ्रम दूर करते हुए प्रोपर्टी डीलरों को नियम कायदे बताए तो वहीं मेयर दीपक बाली ने प्रोपर्टी डीलरों और जनता की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा और कड़े नियमों में शिथिलता लाने के लिए जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि बन रही महा योजना पर आपत्तियों का एक मौका शीघ्र ही मिलेगा। श्री बाली ने कहा कि मास्टर प्लान में जो भी रोड मिले विकास प्राधिकरण को चाहिए कि उसे 30 फुट चौड़ी कर दे। महापौर ने कहां कि आरोप लगाना बहुत आसान




होता है लेकिन समाधान करना बहुत कठिन लिहाजा व्यवसाईयों को को भी प्राधिकरण का सहयोग करना चाहिए। प्रोपर्टी डीलर अनिल डाबर, शक्ति अग्रवाल पार्षद रशिद फारुकी, केवल कृष्ण छाबड़ा सहित अनेक व्यवसायियों ने पूर्व में बनी अवैध कालोनियों को वैध करने, शहर के अंदर के मकान जिनके दस्तावेज के तौर पर केवल हाउस टैक्स की रसीद है की रजिस्ट्री करने की इजाजत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने अपनी 10 एकड़ जमीन में से एक एकड़ जमीन रिहा. इश आदि के लिए बेच दी तो उसकी बाकी बची 9 एकड़ जमीन को बेचने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसकी इजाजत दी जाये। मुख्यमंत्री से बात करके सीएम योगी की तरह 1000 फीट तक के प्लाटों के मानचित्र फ्री कराने की भी मांग की। विकास प्राधिकरण के वीसी जयकिशन ने बताया कि काशीपुर के अंदर महापुरुषों के नाम पर चौराहों और गेट बनाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। बाजपुर रोड पर आरओबी के नीचे पार्किंग बनाई जायेगी। वहीं, ढेला किनारे बने मकानों को वैध करने की मांग पर विकास प्राधिकरण के सचिव व एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि ढेला नदी के किनारे बने मकान पहले भी अवैध थे और, आगे भी अवैध ही रहेंगे और जल्द ही ढेला नदी को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा क्योंकि किसी प्रकार की जन हानि या धन हानि होने के लिए प्राधिकरण ही जिम्मेदार है। इस दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह, मनीष श्रीवास्तव, मुहम्मद अशरफ, एमए राहुल, मोहम्मद आरिफ, लवीश अरोरा, पार्षद वैशाली गुप्ता, पुष्कर बिष्ट, सुरेश सैनी, विजय कुमार बौबी, मोहम्मद सादिक, शशांक गोले, अनीता कंबोज, सीमा सागर, सतीश शर्मा, कैलाश प्रजापति एडवोकेट आदि मौजूद थे।

### शव की शिनाख्त

**बागेश्वर।** बुधवार देर शाम को जिला मुख्यालय के चौरासी में मिले शव की शिनाख्त बिलौना निवासी सुर्जन सिंह के रूप में हुई है। मृतक के भाई महेंद्र ने शव की पहचान की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। मृतक के परिजनों ने हत्या की आंशका जताते हुए पुलिस में तहरीर सौंपी है। बता दें कि चौरासी क्षेत्र में बुधवार की शाम साढ़े गले हालत में एक शव मिला। स्थानीय महिला ने सूचना अन्य लोगों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना बताई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रख दिया। गुरुवार को मृतक की पहचान सुर्जन सिंह दफौटी पुत्र मोहन सिंह दफौटी के रूप में हुई है। मृतक के भाई महेंद्र सिंह ने बताया की वह पिछले 25 साल से कही गायब थे। कुछ ही समय पहले वह घर आए। आने के बाद भी वह समय-समय पर गायब रहते थे। दो चार दिन गायब रहने के बाद घर वापस आ जाते थे। लेकिन एक सप्ताह पूर्व वह घर से बाहर गए, तब से वापस नहीं लौटे बल्कि उनका शव मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

# आपदा कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में मानसून सीजन के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को डीएम ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के साथ ही आपदा कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट में बैठक में डीएम ने कहा कि इस बार सामान्य से अधिक, लगभग 105 प्रतिशत वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में हम सभी को पूर्व से ही तैयार रहना होगा। बरसात शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त कर लेना अत्यंत आवश्यक है। आपदा के समय प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। तहसील स्तर पर खोज और बचाव से जुड़े उपकरणों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने, थानों या तहसीलों में चेतावनी जारी करने के लिए सायरन की व्यवस्था करने, सिविल डिफेंस मॉकड्रिल कराने, बंद कलवर्टों की समय पर सफाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा हेलीपैडों का निरीक्षण कर उन्हें चालू स्थिति में रखे जाने, आपदा मित्रों की नियुक्ति करने के साथ ही खाद्यान्न और ईंधन का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने, सभी विभाग सतर्क और सचेत रहने के निर्देश दिए। यहां बैठक में डीएफओ दीपक सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत राहुल आनंद, एसडीएम संजय कुमार, एसडीएम सीमा विश्वकर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रांसपोर्ट नगर की मांग

**काशीपुर।** काशीपुर वेलफेयर टांसपोर्टर सोसायटी ने मेयर को ज्ञापन सौंपकर टांसपोर्ट नगर स्थापना की मांग की है। सोसायटी से जुड़े टांसपोर्टरों ने नगर निगम में मेयर दीपक बाली से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि क्षेत्र में करीब 120 टांसपोर्ट काम कर रहे हैं। जिनके वाहन जगह-जगह रोड के किनारे खड़े होते हैं। कहा कि टांसपोर्टरों के साथ ही आम जनता काफी लंबे समय से टांसपोर्ट नगर की स्थापना की मांग कर रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि सड़क किनारे वाहन खड़े होने से हादसों का डर बना रहता है। वहीं लोडिंग व अनलोडिंग की समस्या बनी रहती है। टांसपोर्टरों ने समस्या का निदान कर टांसपोर्ट नगर स्थापना की मांग की। यहां सोसायटी अध्यक्ष सतनाम सिंह, विजयपाल सिंह, रुप सिंह बैंस, संदीप सिंह, प्रदीप कुमार, अफजल हुसैन, राहुल यादव, राजपाल, तारा. चंद मौजूद रहे।

# डेयरी में लगी आग में झुलसे पिता-पुत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के एलआरसाह रोड पर गुरुवार सुबह एक डेयरी शॉप में अचानक आग धधक गई। जिसमें डेयरी



स्वामी पिता-पुत्र झुलस गए। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आग लगने से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार नगर के एलआरसाह रोड के पास पोखरखाली निवासी गोपाल सिंह दुग्ध डेयरी की दुकान चलाते हैं। दुकान में दुध उबालने के दौरान एकाएक गैस पाइप में लाग लग गई और पाइप फट गया और आग की लपटों ने पूरी दुकान को अपने आगोश में ले लिया। इससे आसपास के लोगों में भी हड़कंप मच गया। आग की चपेट में दुकान स्वामी गोपाल सिंह और उनका पुत्र रविंद्र सांगा झुलस गए। सूचना पर पहुंची फायर सर्वित की टीम आग बूझाने में जुट गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन इस दौरान दुकान में रखा सामान जलकर स्वाहा हो गया। वहीं, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एलआरसाह रोड के पास घनी आबादी के बीच दुग्ध डेयरी की दुकान में धधकी आग की चपेट में आने से अन्य दुकानें भी बच गई। समय रहते फायर सर्विस की टीम ने आग पर काबू पा लिया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। डेयरी शॉप में धधकी आग के चलते एलआरसाह रोड के पास वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। इस दौरान स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों को अन्य मार्ग से अपने गतव्य को निकलना पड़ा।

# यूपी की तर्ज पर 1.5 प्रतिशत हो मण्डी शुल्क: अशोक बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** केजीसीसीआई ने मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार को एक पत्र प्रेषित कर राज्य के कृषि आधारित उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए मण्डी शुल्क एवं विकास उपकर की दरों में संशोधन की माँग की है।



चैम्बर के अध्यक्ष अशोक बंसल ने बताया कि उत्तराखण्ड में मण्डी शुल्क एवं विकास उपकर की दरें उत्तर प्रदेश की तुलना में अधिक हैं, जिससे राज्य के राइस मिल, फ्लोर मिल, फ्रोजन फूड, मसाला प्रसंस्करण एवं प्लाईवुड जैसे उद्योगों की लागत बढ़ जाती है और वे प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मण्डी शुल्क घटाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने एवं नए कृषि आधारित उद्योगों को छूट देने से वहाँ निवेश आकर्षित हो रहा है, जबकि उत्तराखण्ड के उद्योग पिछड़ रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि राज्य की मण्डी समितियों द्वारा बाहर से लाए गए कच्चे माल (द्वितीय आवक) पर मण्डी शुल्क / विकास उपकर की वसूली की जा रही है, जो उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं संविधान के प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने मांग की है कि मण्डी शुल्क एवं विकास उपकर की कुल दर अधिकतम 1.5 प्रतिशत निर्धारित की जाए, नए कृषि आधारित उद्योगों को कम-से-कम 10 वर्षों के लिए मण्डी शुल्क/विकास उपकर से पूर्णत: मुक्त रखा जाए, किसानों से सीधी खरीद करने वाली मैन्युफैक्चरिंग/प्रसंस्करण इकाईयों को मण्डी शुल्क/विकास उपकर से पूर्णत: छूट दी जाए, द्वितीय आवक (बाहर से लाए गए कच्चे माल) पर मण्डी शुल्क / विकास उपकर की वसूली तत्काल बंद की जाए।

### शराब की दुकानें अब नहीं खुलेंगी

**बागेश्वर।** जिले में इस वित्त वर्ष में स्वीकृत नई शराब की दुकानें अब नहीं खुलेंगी। जन विरोध के चलते सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। दुकानदार की तरु से जमा धनराशि भी वापस होगी। जिले में अब पूर्व में खुली दुकानें ही संचालित होंगी। बता दें कि गत दिनों जिले में सात नई शराब की दुकानें आवंटित हुई थी। इसमें दुग-नाकुरी, कपकोट, कांडा, गरुड़ क्षेत्र शामिल था। दुकान आवंटन की प्रक्रिया के बाद जिले में इसका विरोध शुरू हुआ। जिसके बाद मामला राजनीतिक होने लगा। कांग्रेस नेता तथा भाजपा के नेता दुक. ानों के खिलाफ बोलते नजर आए। जन विरोध के चलते सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। इसे बंद करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आबकारी आयुक्त हरि चंद्र सेमवाल के हस्ताक्षर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है।

# एसएमसी एवं शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में एसएमसी और शिक्षक अभिभावक संघ की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने समस्त शिक्षक और अभिभावकों का स्वागत किया और बैठक के उद्देश्य को स्पष्ट किया। परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र कुमार जोशी ने शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें 24 छात्र प्रथम श्रेणी और 10 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा, जिसमें अमन कुमार (कला वर्ग) और अभिनव टम्टा (विज्ञान वर्ग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ शिक्षक राजेश आगरी ने विद्यालय की भौतिक प्रगति की जानकारी दी। शिक्षक सुरेश राम आर्य ने छात्रों के मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर अभिभावकों को जागरूक किया और बच्चों के साथ नियमित संवाद रखने की सलाह दी। प्रधानाचार्य ने सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों और योजनाओं की जानकारी दी और अभिभावकों से इनका लाभ उठाने की अपील की। बबीता देवी को नए सत्र 2025-26 के लिए एसएमसी अध्यक्ष पुन: निर्वाचित किया गया, जबकि हेमा देवी को अभिभावक समिति का अध्यक्ष चुना गया। प्रधानाचार्य ने उनका शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार टम्टा द्वारा किया गया। बैठक में राजेश आगरी, हेमचंद्र जोशी, गोविंद प्रकाश, सुरेश राम उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने डा. शिवराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** राजकीय शिक्षक संघ की ब्लॉक ताड़ीखेत इकाई का गुरुवार को वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का भी आयोजन हुआ।

### ताड़ीखेत इकाई का वार्षिक अधिवेशन हुआ सम्पन्न

जिसमें विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना एवं शिक्षक हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

अधिवेशन के पश्चात ब्लॉक कार्यकारिणी पदाधिकारियों के चयन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।



जिसमें डा. शिवराज बिष्ट को ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश राम को ब्लॉक मंत्री, पंकज सिंह को संयुक्त मंत्री, सुधा शर्मा को संयुक्त मंत्री (महिला), अनूप दास को उपाध्यक्ष, पूनम बोरा को महिला उपाध्यक्ष और सुमन को आय-व्यय निरीक्षक चुना गया। मौके पर मंडलीय मंत्री रविशंकर गुसाईं, जिलाध्यक्ष भारतेन्दु जोशी व जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मनमोहन देव ने राजकीय शिक्षक संघ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन केवल अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का अग्रदूत भी है। प्रत्येक शिक्षक को संघ के माध्यम से अपनी सामूहिक शक्ति का अनुभव होता है। हमें इस संगठन की एकता और दिशा पर गर्व है। वहीं, निर्वतमान ब्लॉक मंत्री जीवन चंद्र तिवारी ने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ न केवल शिक्षकों की आवाज़ है, बल्कि यह एक परिवार की तरह है जहां विचार, संघर्ष और सहयोग साथ-साथ चलते हैं। संगठन ने मुझे जो दायित्व सौंपा, उसे मैंने पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया। मैं नवचयनित कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे संगठन की गरिमा को और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाएगे। यहां सुनील कुमार जोशी, हेमंत अग्रवाल, डा. दिनेश चंद्र पंत, कुंवर पपनै, चंदन मेहर, संतोष भट्ट, धर्मेश बोरा, महेंद्र नयाल, राजीव खाती, दीपक बिष्ट, विमला बिष्ट संजीव एहलावत आदि मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर न लगवाए जाएं

**बागेश्वर।** संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर योजना वापस लेने को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिले सीमांत क्षेत्रों में आने वाले दिनों में स्मार्ट मीटर से होने वाली दिक्कतों के बारे में बताया। गुरुवार को संगठन से जुड़े लोगों ने एसडीएम मोनिका के माध्यम से सीएम धामी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में स्मार्ट मीटर लगा रही है। जबकि पूरे राज्य में डिजिटल मीटर लगे है तो ये नए मीटर लगाने के पीछे सरकार की क्या मनसा है। एक ओर लगातार बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी से लोगों में भारी रोष है। देश के कुछ पूंजी पतियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से नए मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रकाश पांडे, अनमोल चन्द्र, सूरज मौजूद थे।

# मंजू बिष्ट बनीं पीटीए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दूचौड़।** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट की अध्यक्षता में

### रेनू को मिला विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष पद

अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) और विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से मंजू बिष्ट को अभिभावक संघ की अध्यक्ष चुना गया। प्रधानाचार्य डा.




भारती नारायण भट्ट को उपाध्यक्ष, प्रवक्ता कल्पना जोशी को सचिव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार पाठक को कोषाध्यक्ष वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के लिए रेनू देवी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उनकी पुत्री नमिता कक्षा 8 की छात्रा हैं। समिति के अन्य सदस्य विपिन त्रिपाठी, चंद्रकला, कमला देवी, भावना सुयाल, सूर्यकांत आदि बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता कल्पना जोशी ने किया। इस अवसर पर एसएमसी प्रभारी अभिलाषा कीर्ति, रीता लसपाल, देवश्री मनराल, रंजना रौतेला, नीता बिष्ट, कंचन पांडे, विद्योत्तमा टम्टा, जय आर्य, कमला जोशी, प्रियंका चम्याल, बीना पंत और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# फुले दम्पति पर दिखाई जाएगी फिल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बीएल आर्य ने की और संच. ालन नफीस अहमद खान द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य



उद्देश्य फुले दंपत्ति द्वारा महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के संघर्षों पर आधारित फिल्म को हल्द्वानी में सिनेमा हॉल में प्रदर्शित कराना था। बैठक में बताया गया कि यह फिल्म फिलहाल केवल देहरादून में प्रदर्शित की गई है। हल्द्वानी में फिल्म का एक शो चलाने के लिए कम से कम 188 टिकटों की बुकिंग जरूरी है। इस पर सभी साथियों ने एक नहीं बल्कि दो शो आयोजित कराने का निर्णय लिया और 350 से अधिक टिकट बुक करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान ही लगभग 120 टिकट फोन के माध्यम से बुक कर लिए गए। पहला शो रविवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक लक्ष्मी सिनेमा हॉल में दिखाया जाएगा। दूसरे शो के लिए प्रयास जारी हैं। बैठक में विशेष रूप से महिलाओं को फिल्म देखने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे समझ सकें कि फुले दंपत्ति ने उनके अधिकारों के लिए कैसे संघर्ष किया। फिल्म प्रदर्शन के बाद भीम आर्मी की सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। कई सदस्यों ने सदस्यता दिलवाने की जिम्मेदारी ली। यह तय किया गया कि शनिवार को सुबह 11 बजे मंगल पड़ाव स्थित अंबेडकर पार्क में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में जीआर टम्टा, जगदीश चंद्र, सिराज अहमद, विकास कुमार चौहान, शंकर लाल, सुंदरलाल बौद्ध, फिरोज खान, जीवन चंद्र आर्य, बालकिशन राम, लक्ष्मी नारायण, हरीश लोधी, सुल. ेमान मलिक समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वरोजगार योजना की समीक्षा

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह योजना मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं और अन्य पात्र व्यक्तियों को आर्थिक रूप से लाभान्वित करने के उद्देश्य से बनाई गई है, और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसका लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत आने वाले सभी आवेदनों पर संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि आवेदकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने परियोजना के आवेदन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने सख्त निर्देश दिए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने एक कमेटी गठित कर उसके माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

# बागेश्वर पुलिस ने 9.21 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर पुलिस ने 9.21 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2,76,600 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

बुधवार को पुलिस टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा और उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान, अनिल कुमार (20 वर्ष) और करन




कुमार (19 वर्ष), दोनों निवासी घटबगड़वार्ड, बागेश्वर, के कब्जे से क्रमश: 4.87 ग्राम और 4.34 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की इस सफलता पर एसपी ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें एक हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। पुलिस टीम में कोतवाली बागेश्वर के कोतवाल कैलाश नेगी, हेकां ना. पु. राजभानु (एसओजी), कां. ना. पु. संतोष सिंह (एएनटीएफ), कां. रमेश सिंह (एएनटीएफ) और कां. चालक राजेन्द्र कुमार (एसओजी) शामिल थे।

**NAME CHANGE**

I **SAMRIDHI AGRAWAL** have changed my name from **SAMRIDHI** to **SAMRIDHI AGRAWAL** hence forth I shall be known as **SAMRIDHI AGRAWAL,** D/o GAURAV AGRAWAL, R/o 21 Rose Dale, Phasiyapura, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK

# विभागों को मिलेगा भरपूर बजट

## जिला योजना के लिए 70 करोड़ बीस लाख रुपये अनुमोदित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वरोजगार परख सहित जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता, गतवर्ष के कार्यों को पूर्ण करने के लिए विभागों के बजट में

■ प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की बैठक में पूंजीगत और अधूरे निर्माण कार्यों को दी गई प्राथमिकता

प्राथमिकता दी गई। जंगली जानवरों से खेती के बचाव के लिए कृषि ओद्यानिकी विभाग अंतर्गत चेन लिंक फैसिंग, घेरबाड़ का कार्य मनरेगा कन्वर्जेंस के माध्यम से किया जाएगा इन कार्यों को किए जाने के लिए योजनाऐं अनुमोदित जिला योजना समिति नैनीताल की बैठक गुरुवार को हल्द्वानी बागजाला स्थित ग्राम्य विकास विभाग के सभागार में खेल, युवा कल्याण, महिला कल्याण एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व जनपद प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 70 करोड़ 20 लाख 20 हजार की वार्षिक जिला योजना को अनुमोदित किया गया। बैठक में सभी आंगतुकों का स्वागत करते हुए जिला. धिकारी वंदना ने विभागवार व योजनावार प्रस्तावित परिव्यय को समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया। डीएम ने अवगत कराया कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी बजट समान रखा गया है इसमें किसी भी प्रकार की बृद्धि नहीं की गई है। इस वर्ष कुल 35 विभागों द्वारा स्वरोजगार, मानदेय वचनबद्ध कार्यों को पूर्ण किए जाने के लिए धनरा. शि प्रस्तावित की गई है। बैठक में प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस वर्ष उद्यान, सिंचाई, रेशम, माध्यमिक शिक्षा, खेल, युवा कल्याण, पेयजल जल संस्थान, बाल विकास इन विभागों के परिव्यय में वृद्धि की गई है। पूंजीगत निर्माण और अधूरे कार्यों की पूर्णता को प्राथमिकता दी गई है। अधिकांश योजनाओं को आगामी दो वर्षों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जिले के जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत संयोजन नहीं है उन सभी केंद्रों में उरेडा के माध्यम से विद्युत संयोजन इस वित्तीय वर्ष की जिला योजना के बजट के माध्यम से कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग को मनरेगा के साथ डपटेलिंग करते हुए जंगली जानवरों से ग्रामीणों की खेती को हो रहे नुकसान से बचाव के लिए घेरवार चैन लिंक फेंसिंग का कार्य कराए जाने के लिए योजना प्रस्तावित करने के निर्देश विभाग को दिए। बैठक में विधायक लालकुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट, रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, भीमताल राम सिंह कैड़ा, प्रशासक जिला पंचायत बेला तोलिया, प्रशासक विकासखंड भीमताल डा. हरीश बिष्ट, ओखलकांडा कमलेश कैड़ा, मुख्य विकास अधिकारी अना. मिका, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी मुकेश नेगी सहित समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग 31 मई तक रहेगा बंद

**हल्द्वानी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नैनीताल फिंचाराम चौहान ने जानकारी दी है कि विकासखंड भीमताल, नैनीताल के अंतर्गत अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग के डहरा क्षेत्र किमी 1.050 से 1.270 तक में जमरानी बांध परियोजना के तहत मोटर मार्ग के चौड़ीकरण, रॉक बोल्टिंग और शॉर्टक्रीट जैसे सुरक्षात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के दौरान डंपरों की आवाजाही को देखते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए यह मार्ग 31 मई तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। अपर जिलाधिकारी ने परियोजना से संबंधित कार्यदायी संस्था उत्तराखंड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड, कार्यालय दमुवाढूंगा, काठगोदाम को निर्देशित किया है कि मार्ग बंद रहने की अवधि में संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों के वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। साथ ही मार्ग चौड़ीकरण के दौरान आने वाले पेड़ों के कटान के लिए वन विभाग से विधिवत अनुम. ति लेने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## बड़ी मंडी में छह घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्ति विभाग की टीम ने गुरुवार को हल्द्वानी की बड़ी मंडी में छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान मंडी स्थित कैंटीन और फायर स्टेशन के पास लगे ठेलों पर घरेलू सिलेंडरों से खाना बनाते हुए लोगों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान छह घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए, जिन्हें नियमों के तहत हल्द्वानी गैस एजेंसी के स्टोरकीपर को सौंप दिया गया। छापेमारी के दौरान वरिष्ठ पूर्ति निरीक्षक राहुल डांगी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नियमों का उल्लंघन है और सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर खतरा पैदा करता है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मंडी स्थित कैंटीन और फायर स्टेशन के पास लगे ठेलों पर घरेलू सिलेंडरों से खाना बनाते हुए कुछ लोगों को पकड़ा गया। इसके साथ ही 6 घरेलू सिलेंडर भी जब्त किए। जिसके बाद उन्हें गैस एजेंसी को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि विभाग इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रखेगा ताकि अवैध गति. विधियों पर रोक लगाई जा सके। कार्रवाई के दौरान पूर्ति निरीक्षक अरुण खुल्बे, ललित मेर और सुबोध त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# 150 अवैध प्लॉट किए ध्वस्त

## गौलापार देवला तल्ला में विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार के देवला तल्ला पजाया क्षेत्र में अवैध रूप से काटी गई प्लाटिंग पर प्राधिकरण का पीला पंजा चला है। प्राधिकरण की टीम ने देवला तल्ला पजाया क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्यवाही करते हुए करीब 150 अवैध प्लॉट जेसीबी से ध्वस्त करा दिए। बता दे कि गौलापार के देवला तल्ला पजाया क्षेत्र में लगभग तीन हेक्टेयर भूमि पर बिना अनुमति के प्लाटिंग की जा रही थी। इसको लेकर पूर्व में प्राधिकरण की ओर से चालान और नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी वाजपेई के नेतृत्व में टीम देवला तल्ला पजाया पहुंची और जेसीबी से करीब 150 अवैध प्लॉट ध्वस्त किए। सुरक्षा के मद्देनजर कार्रवाई के दौरान सीओ नितिन लोहनी, बनभूलपुरा थाना एसओ नीरज भाकुनी समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। प्राधिकरण की कार्यवाही शुरू होते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकजुट हो गए, जिनका दावा था कि उन्होंने उक्त जमीन खरीदी है और उसी पर प्लाटिंग कर रहे थे। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने कहा कि अवैध निर्माण या प्लाटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।



### बनभूलपुरा से दो लापता

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में दो लोग लापता हो गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सोनापुर काशीराम मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी प्रकाश ने पुलिस को बताया कि 14 मई को उसका परिवार जवाहर नगर, बनभूलपुरा गया था। इस दौरान उसका 17 वर्षीय बेटा अरुण, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, कहीं बिना बताए गायब हो गया। वहीं इंद्रानगर निवासी लक्ष्मी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके पति परमहंस महतो 31 मार्च को सुबह अपने घर, दुघडा अंचल गोरेयाकोठी, सिवान बिहार के लिए निकले थे, लेकिन वे न तो बिहार पहुंचे और न ही लौटकर वापस आए। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# पूर्व ग्राम प्रधान का घर खंगाल गए चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में आए दिन चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है। चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दे

■ लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी चोरी
■ पत्नी का इलाज कराने दिल्ली गया था पूरा परिवार
■ टीपीनगर क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला जारी,

रहे है। चोरों ने पहले मुखानी क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया अब चोर टीपीनगर चौकी क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो रहे है। बीते मंगलवार को चोरों ने एक शिक्षक के घर पांच ताले तोड़ने के बाद, अब ओखलकांडा ब्लॉक के डूंगरी गांव के पूर्व प्रधान शंकर दत्त भट्ट के घर को भी निशाना बना लिया।

चोर वहां से हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात ले उड़े। चोरों ने चोरी की वारदात को उस समय अंजाम दिया जब शंकर दत्त भट्ट अपने परिवार के साथ दिल्ली अपनी पत्नी का इलाज कराने गए थे। सूचना पर पहुंची टीपीनगर पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही चोरों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ओखलकांडा ब्लॉक स्थित डूंगरी गांव के पूर्व ग्राम प्रधान शंकर दत्त भट्ट दो साल पहले ही यहां घुड़दौड़ा में मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रहते है। जबकि उनका बेटा भुवन दिल्ली में नौकरी करता है। बताया जा रहा कि कुछ समय से शंकर दत्त भट्ट की पत्नी की तबियत खराब चल रही थी जिनका उपचार दिल्ली से चल रहा है। पत्नी के उपचार के लिए पूरा परिवार घर में ताला लगाकर दिल्ली गया था। बताया जा रहा कि बीते 11 मई को पड़ोसी ने शंकर दत्त भट्ट के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ देखा, और उन्होंने शंकर दत्त को दूरभाष पर सूचना दी। अगले ही दिन जब शंकर दत्त घर पहुंचे तो घर के ताले टूटे देख और सारा सामान इधर-उधर बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि चोर घर से 30 हजार की नगदी व लाखों के जेवरात ले उड़े। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जा रहा है, और शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



# राजपुरा में दो नजूल भूखंडों से अतिक्रमण हटाया गया, चेतावनी बोर्ड लगाए गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरूवार को राजपुरा क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त हल्द्वानी ऋचा सिंह एवं उपजिलाधिकारी राहुल शाह के नेतृत्व में यह अभियान संपन्न हुआ। अभियान के दौरान लगभग 1000 वर्गफुट क्षेत्रफल के दो नजूल भूखंडों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाते हुए इन भूखंडों पर लगे गेटों को भी प्रशासन द्वारा हटा दिया गया और संबंधित भूमि पर प्रशासन ने पुन: कब्जा ले लिया। प्रशासन की ओर से इन भूखंडों पर चेतावनी संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को रोका जा सके। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि नजूल भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा नजूल भूमि में अतिक्रमण को लेकर की जा रही कार्रवाई आगे भी इसी प्रकार से जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान नगर निगम हल्द्वानी और राजस्व विभाग की टीमें मौजूद रहीं।



# प्रदीप अध्यक्ष, खीमानंद बने महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में ट्रांसपोर्ट व्यापारियों की एक बैठक संपन्न हुई।

■ ट्रांसपोर्ट व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित

जिसमें व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया गया। इस दौरान व्यापारियों ने होने वाली समस्याओं को अवगत कराया और अपने-अपने सुझाव भी रखे। बैठक के उपरान्त ट्रांसपोर्ट व्यापारी संघ के संरक्षक कश्मीरी लाल साहनी की देखरेख में सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न कराये गये। सर्वसम्मति से ट्रांसपोर्ट व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए प्रदीप सब्बरवाल को ट्रांसपोर्ट व्यापारी संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि खीमानंद शर्मा को महामंत्राी नियुक्त किया। इसके अलावा जसपाल मालदार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंसूर खान को उपाध्यक्ष, पंकज बोरा को कोषाध्यक्ष, सचिव केनेडी सचदेवा, मिडिया प्रभारी राज. ेशपुरी चुने गए। जबकि इन्द्रर कुमार भुटियानी, चंद्रशेखर पांडे, हाजी नफीस, कमल जोशी, अमन भट्ट को संरक्षक बनाया गया। इस दौरान शंकर भुटियानी, अनिल बेलवाल, श्याम कृष्ण उप्रेती, अमित बोहरा, प्रेम पाल, ललित मोहन बिष्ट, विक्की भाटिया, नासिर खान सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।




# छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर सोशल मीडिया के जरिए छेड़छाड़ और धमकियां देने का आरा. ेप लगा है। आरोपी ने एक युवती को पहले सोशल मीडिया पर परेशान किया और फिर सड़क पर आकर अश्लील कमेंट करने लगा। जब युवती ने उसे समझाने की कोशिश की तो आरोपी अब उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता, जो एक ज्वैलरी शोरूम में काम करती है और सोशल मीडिया पर वीडियो बनाती है, ने पुलिस को बताया कि उसका वीडियो देखकर आरोपी आज़म सैफ ने उसे लाइक और कमेंट करना शुरू किया था। बाद में वह उल्टे-सीधे मैसेज करने लगा, जिसके बाद पीड़िता ने उसे ब्लॉक कर दिया। लेकिन आरोपी ने एक नई आईडी बनाकर फिर से मैसेज करना शुरू कर दिया। बुधवार को जब पीड़िता शोरूम से घर जा रही थी और उसकी स्कूटी खराब हो गई, तो वह पैदल ही घर की ओर जा रही थी। इस दौरान आज़म ने उसे रास्ते में रोक लिया और अश्लील कमेंट करने लगा। किसी तरह वह घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने पति को दी। दंपति आरोपी को समझाने के लिए उसके पास पहुंचे, लेकिन उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस में तहरीर दी और पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मेधावी मनीष को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में गुरुतेग बहादुर स्कूल, हल्द्वानी के छात्र मनीष साहू ने इंटरमीडिएट में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने उन्हें मिठाई खिलाकर और पुष्प देकर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि मनीष न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। उन्होंने मनीष की लगन और मेहनत की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह में पार्षद प्रीति आर्या, संरक्षक हरीश चंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार, अमन कुमार, सूरज मिस्त्री, अभिषेक साहू, सुशील राय, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# मंगलपड़ाव में शराब की दुकानों का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगल पड़ाव स्थित देसी शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर

■ हटवाने के लिए नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

गुरूवार को एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त ऋचा सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यह दुकान बीच बाजार में स्थित है, जिससे महिलाओं और युवतियों का बाजार में आना-जाना दुभर हो गया है। शाम के समय शराब की दुकान के पास गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इसके चलते क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि दुकान के समीप रेस्टोरेंट, ढाबे हैं जहां नशा करने वालों की आवाजाही अधिक रहती है। इतना ही नहीं दुकान के ठीक बगल में स्थित आंचल दूध डेयरी में काम करने वाली कई महिला कर्मचारी भी असुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा यदि शीघ्र इस शराब की दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया, तो संगठन को आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में जमील कुरैशी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण, संजय जोशी, जीतू सागर आदि मौजूद रहे।



### हार-जीत की बाजी लगाते दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि गश्त के दौरान बनभूलपुरा पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाने वाले दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से ताश के पत्ते व 1690 रूपये की नगदी बरामद की है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते बुधवार की रात्रि पुलिस टीम क्षेत्रा में गश्त कर रही थी तभी इन्द्रानगर फाटक के सामने ट्रीटमेन्ट प्लांट के पास हार-जीत की बाजी लगाते हुए निसार पुत्रा कयूम निवासी नूरी मस्जिद इन्द्रानगर बनभूलपुरा, रईस अहमद पुत्रा महमूद हसन निवासी उत्तर उजाला बरेली रोड बनभूलपुरा को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जिनके पास से ताश के पत्ते व 1690 रूपये की नगदी बरामद की है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# इंस्टाग्राम पर धमकाने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर युवक पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि साकिब खान निवासी आजादनगर नामक युवक से उसकी स्कूल के समय से जान-पहचान थी, लेकिन वर्तमान में वह उच्च शिक्षा की तैयारी कर रही है और युवक की हरकतों से परेशान है। युवती के अनुसार, साकिब पिछले कुछ समय से उसका लगातार पीछा कर रहा है और इंस्टाग्राम पर अशोभनीय संदेश भेजता है। युवती ने आरोप लगाया कि रास्ते में कई बार युवक ने भद्दे कमेंट किए और परिजनों से शिकायत के बावजूद उसकी हरकतें नहीं रुकीं। हाल ही में जब वह परीक्षा का प्रवेश पत्र निकालने एक सीएससी केंद्र गई, तो आरोपी वहां पहुंचकर धमकाने लगा। इधर थाना बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कॉप्स इलेवन की जीत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में चल रही स्व. एनके आर्या मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में वीरवार को क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला कॉप्स इलेवन और सिग्नेचर वी-विहान के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉप्स इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 164 रन का लक्ष्य रखा जबाब में वी-विहान की टीम निर्धारित ओवरो में 131 रन ही बना पाई। दूसरा मैच एमएच एनवाईएस व मक्कार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मक्कार की टीम ने 187 का लक्ष्य रखा जिसमें गोपाल ने 39 बॉल में 72 रनो की धुंआधार पारी खेली। जबाब में एमएच एनवाईइस मात्र 115 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता का दूसरा क्वाटर फाइनल मुकाबला शुक्रवार (आज) को खेला जाएगा।

# टीपीनगर में चुनाव की मांग हुई तेज व्यापारी प्रशासन से मदद लेने के मूड में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन में लंबे समय से चुनाव न होने और अध्यक्ष अमरजीत सेठी के निधन के बाद व्यापारियों ने चुनाव की मांग तेज कर दी है। व्यापारी नेता अश्मित गुजराल ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और अध्यक्ष के निधन के चलते एसोसिएशन की कार्यकारिणी स्वत: भंग मानी जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि निवर्तमान पदाधिकारी आम चुनाव की घोषणा नहीं कर रहे हैं और जबरन पदों पर बने हुए हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। अश्मित गुजराल ने कहा कि अधिकांश व्यापारी मतदाता सूची बनाकर जल्द से जल्द चुनाव तिथि घोषित करने की मांग कर रहे हैं ताकि सभी व्यापारी चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में कई वरिष्ठ और योग्य व्यापारी हैं, जो संगठन को बेहतर नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। यदि शीघ्र चुनाव की घोषणा नहीं की गई तो व्यापारी प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करेंगे। इस दौरान चुनाव की मांग करने वालों में अश्मित गुजराल, जसपाल सिंह कोहली, कुंदन सिंह बिष्ट, जेसी पंत, विशाल जुनेजा, परमजीत सिंह, हरजीत सिंह, भूपेश मौर्या, बलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, पंकज कुमार, प्रिंस सयाली, कैलाश चंद्र और रवि बिष्ट सहित कई प्रमुख व्यापारी शामिल हैं।

### अज्ञात कारणों से महिला ने गटका कीटनाशक

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती पंगोट निवासी एक महिला ने वीरवार को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया जिसके बाद परिजनों की ओर से उसे उपचार के लिए नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया और अपचार के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल के इमरज. ेंसी में मौजूद डा. नेहा कांडपाल ने बताया कि पंगोट गांव निवासी 38 वर्षीय धना देवी ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक गटक लिया जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल लाए और उपचार के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# गौलापुल मार्ग का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट तथा लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट ने गुरुवार को 1 करोड़ 48 लाख 48 हजार रुपए की लागत से बनभूलपुरा रेलवे क्रॉसिंग से गौलापुल तक के 120 मीटर क्षतिग्रस्त मार्ग के पुनर्निर्माण व सतह सुधार कार्य का शिलान्यास कर कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि मार्ग निर्माण कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूरा किया जाए और गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। उन्होंने बताया कि कार्य के लिए धन. राशि पूर्व में ही स्वीकृत कर दी गई थी, लेकिन न्यायालयी विवाद के चलते कार्य में देरी हुई। सांसद ने बताया कि गौलानदी किनारे भू-कटाव रोकने के लिए 28 करोड़ रुपए की लागत से सिंचाई विभाग द्वारा तैयार स्टीमेट को स्वीकृति के बाद जल्द कार्यान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में मेयर गजराज बिष्ट, मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, एसडीएम राहुल साह, अधिशासी अभियंता प्रत्यूष सिंह, बसंत सनवाल, मुकेश बेलवाल, लक्ष्मण खाती, समीर बोरा, यशपाल आर्य, त्रिलोक सिंह नौला, हरीश संभल, विक्रम बर्गली, राजेंद्र बिष्ट सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसीएमओ ने अस्पतालों में छापा मारा

- एक सप्ताह में दस्तावेज उपलब्ध कराएंगे नहीं तो होंगे सील
- एक निजी अस्पताल में छह आशा वर्कर्स प्रबंधक के साथ बैठक करती पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोराहा/बाजपुर।** स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ डा. डीपी सिंह, सीएमएस डा. पीडी गुप्ता, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट की संयुक्त टीम ने दो निजी अस्पतालों में छापामारी की। जिससे हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने निजी अस्पताल प्रबंधन के साथ छह आशा वर्कर को बैठक करते हुए पकड़ा। एसीएमओ डा. डीपी सिंह ने कहा आशा वर्कर्स को हटाये जाने के लिए की रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। जिस पर टीम ने एक सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

एसीएमओ डा. डीपी सिंह को सूचना मिली कि बाजपुर के मुख्य मार्ग स्थित निजी अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन द्वारा आशा वर्कर्स के साथ बैठक की जा रही है। सूचना मिलते ही एसीएमओ डा. डीपी सिंह ने तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अस्पताल में छापेमारी की। जहां टीम को मौके पर चार आशा वर्कर्स मिली, जबकि दो आशा वर्कर्स अधिकारियों के आने से पहले ही अस्पताल से रवाना हो गई। वहीं इसके उपरांत टीम ने साई अस्पतालो में छापेमारी की जहां टीम को मौके पर पंजीकृत चिकित्सा नहीं मिली। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल का रजिस्ट्रेशन, अग्निशमन विभाग की एनओसी, नगर पालिका से बायो मेडिकल वेस्ट की एनओसी नहीं दिखाई गई। इतना ही नहीं अस्पताल में बिना महिला चिकित्सक के डिलीवरी कराया जाना भी पाया गया। इसके उपरांत एसीएमओ डा. डीपी सिंह ने अस्पताल संचालक को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसीएमओ डॉक्टर डीपी सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निजी अस्पताल में प्रसव करवाने वाली आशा वर्कर्स के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। दौरान सीएमएस डा. पीड़ी गुप्ता, जिला आशा समन्वयक निधि शर्मा, प्रदीप मेहर, ब्रजबाला सहित मौजूद रहे।

## सहायता राशि बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** महिला मंगल दल व युवक मंडल दल के प्रोत्साहन के लिए सहायता राशि बढ़ाने का सुझाव युवा सेवक संवाद कार्यक्रम, देहरादून में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आयोजित युवा सेवक संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला मंगल दल व युवक मंडल दल के हित में अहम सुझाव प्रस्तुत किए गए।महिला मंगल दल हरसान अध्यक्ष के दायित्व से, उमा जोशी ने मुख्य सेवक पुष्कर सिंह धामी के समक्ष महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करने की मांग रखी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता के दायरे को बढ़ाया जाना समय की आवश्यकता है।

# लव जिहाद के खिलाफ चढ़ा विधायक अरोरा का पारा

- बोले-नहीं सुधरेंगे, तो उल्टा लटका देंगे
- पुलिस को कठोर कार्रवाई कर नाबालिग के सकुशल वापसी की कही बात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधम सिंह नगर में जिहादी मानसिकता और लव जेहाद जैसी घटना आए दिन सामने आती रहती है, वही इस क्रम मे एक मामला केलाखेड़ा का सामने आया जिसमे एक सिख समाज की नाबालिक लड़की जिसकी उम्र 13 साल बताई जा रही है उसको मुस्लिम समाज का लड़का जिसका दानिश अली है वह विगत 18 दिन पूर्व बहला फुसलकर भागा ले गया।

जिसकी शिकायत पुलिस को उसके परिवार द्वारा दी गई। वहीं जब इतने दिन बीत जाने के बाद परिवार को निराशा हाथ लगी। तब हिंदूवादी संगठन के लोग केलाखेड़ा थाना पर गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसमे विधायक अरोरा जैसे ही केलाखेड़ा थाना पहुंचे वहां लोगों भारी आक्रोश देखने को मिला।

मौके पर पहुंचे विधायक अरोरा ने पूरा मामला जाना और घटना की जानकारी के बाद विधायक ने परि. जनों को अश्वस्त किया कि यह देवभूमि उत्तराखंड है, जहां के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी कि सरकार है, जो लेंड जिहाद, लव जिहाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के लिए पूरे देश में जानी जाती है।

बोले यह तय माने इस मामले में भी पुलिस उन घटिया मानसिकता के जेहादी तत्वों को धर पकड़ का कार्य करेगी और वह नाबालिक बच्ची सकुशल अपने घर वापस लौटेगी। विधायक अरोरा ने पुलिस के अधिकारियों से भी मौके पर बात की और सीओ बाजपुर, थानाध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिए 18 दिन बीत जाने के बाद लड़की का बरामबादी नहीं होना यह सोचनीय विषय है। हमको इस मामले की गंभीरता को समझने जरूरत है, और इस मामले को भी ठीक वैसे ही देखा जाना चाहिए जैसे पुलिस आपराधिक मामलों के खुलासे करती है।

विधायक ने कहा ऊधम सिंह नगर में हम ऐसी जेहादी मानसिकता बिल्कुल पनपने नही देंगे। उन्होंने पुलिस को सख्त कार्यवाही करते हुए ऐसे लोगों को पेड़ पर उल्टा लटकाने की बात कही।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नानकमत्ता पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

नानकमत्ता के एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें कहा था कि 11 मई को वह अपने पति के साथ रिश्तेदारी में गई थी। उनकी 13 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी। गांव के ही 30 वर्षीय युवक सायं चार बजे उसके घर में घुस गया। उसके पास तमंचा था। उसने तमंचे की नोंक पर पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला के अनुसार जब शाम को घर लौटे तो बेटी रोते हुए मिली। पूछने पर उसने अपनी मां को सारी बात बताई। महिला ने बताया कि गांव के जनप्रतिनिधि को सूचना दी। एसओ उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने बीएनएस की धारा 64 व बाल संरक्षण अधिनियम 3 व 4 के तहत मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार किया। गुरुवार को अदालत में पेश किया।

### अज्ञात कारणों के चलते फंदे पर लटका मिला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अज्ञात कारणों के चलते थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र ठाकुरनगर में एक युवक का शव घर में ही फंदे पर लटका मिला। परिवार के लोग उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक ठाकुरनगर निवासी 24 वर्षीय दीपांकर मजूमदार पुत्र स्व. दीपक मजूमदार सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था। बुधवार शाम को उसने टीन शैड के घर में दुपट्टे से एंगल में लटका मिला। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया। आनन-फानन में दीपांकर को फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय ले गए, गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपांकर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर एसआई महेश कांडपाल पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जसपुर के पूर्व ईओ रहे फहीम खान हज कमेटी उत्तराखंड के सदस्य मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** सेवानिवृत अधिशासी अधिकारी फईम खान को हज कमेटी का सदस्य मनोनित किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी का व्यक्त की है।

ज्ञातव्य रहे कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग, उत्तराखंड शासन के सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल के द्वारा राज्यपाल की अनुशंसा पर हज समिति अधिनियम 2002 के अन्तर्गत राज्य हज कमेटी का गठन करते हुए मुस्लिम समुदाय के 13 बुद्विजीवियों को इसका सदस्य नामित किया है, जिसमे काशीपुर की रानी पद्मावती कालोनी निवासी सेवानिवृत नगर पालिका के सेवानिवृत ईओ रहे हाजी फईम खान पुत्र स्व. फिरोज काले खान को सदस्य नामित किया है। श्री खान के अलावा लक्सर विधायक मौ. शहजाद, जीशान अहमद खटीमा, हसीब अहमद टनकपुर, रिजवाना परवीन कोटद्वार, इस्लामुद्दीन अंसारी देहरादून, मौ. मनान रजा रुद्रपुर, समीर जाफरी एडवोकेट रूड़की, खतीब अहमद सितारगंज, हाजी अबरार देहरादून, शाहिदा सिराज अल्मोड़ा, तरन्नुम खान हल्द्वानी आदि शामिल है। फहीम खान के हज कमेटी का सदस्य नामित होने पर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिला अध्यक्ष मनोज पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. यूनुस चौधरी, समाजसेवी नसरीन चौधरी, अनीश रूबी एडवोकेट, ईओ शाहिद अली, अध्यक्ष नौशाद सम्राट, एडवोकेट अखलाक अहमद आदि लोगों ने बधाई दी।

### विवादित भूमि होने का बोर्ड लगाने पर सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता।** जनजाति के ग्रामीण ने उसकी जमीन में विवादित होने का बोर्ड लगाने वालो के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

ग्रामीण ने जाति सूचक शब्दों व गाली गलौच करने का लगाया आरोप

गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम गढीपट्टी निवासी करम चन्द पुत्र मान सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया हैं की वह थारू जनजाति का व्यक्ति है उसकी पुस्तैनी नानकमत्ता में अन्य आराजी के अतिरिक्त खेत नं0 414 रकवा 0. 2020 है० भूमि भी है उस पर जबरदस्ती जमीन विवादित होने का बोर्ड लगाकर उसे कुछ लोग धमकी दे रहे है कि यह जमीन हमे दे दो नहीं दोगे तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे या मरवा देगें। ग्रामीण का कहना है कि जबकि इस आराजी से आरोपियों का कोई वास्ता सरोकार नहीं है वह अपनी आराजी में काबिज चला आ रहा है। आरोप हैं की उसके साथ जाति सूचक शब्द कर कर गाली गलौच की गयी है। पुलिस ग्रामीण की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है।

एम.के. वाटर प्रूफिंग

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रूद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# विधायक ने तहसील प्रशासन के साथ की बैठक

- आमजनमानस से जुड़े विषयों को तेजी से निपटरा करने के दिए निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर तहसील प्रशासन की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विधायक ने कहा तहसील आमजनमानस के रोजमर्रा के कार्य की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है, तहसील का कार्य पारदर्शी हो सरलता से समयानुसार पूर्ण हो ऐसा तहसील का प्रयास होना चाहिए।

विधायक अरोरा ने कहा एक गरीब व्यक्ति के लिए तहसील से कार्य करवाना चुनौती मानी जाती है, हमको यह धारणा बदलने की आवश्यकता है। तहसीलदार से लेकर पटवारी तक को अपनी समय सीमा के अन्तर्गत लोगों की मूलभूत सुविधा से जुड़े आय, जाति, चरित्र, स्थायी प्रमाण पत्र जैसी सुविधा जिसकी जरूरत अधिकतर हर व्यक्ति को समय समय पड़ती है, उनको जनता को सरलता से उपलब्ध करवा दिया जाए, उनको बार बार चक्कर ना काटने पड़े। इसके लिए कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है, जिससे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन अपनी सरकार आपके द्वार को हम सार्थक बना सके। विधायक ने कहा तहसील की कार्यप्रणाली में तेजी आने से आमजन को आने वाली रोज की समस्या का समाधान हो जाएगा। वहीं विधायक अरोरा ने समीक्षा बैठक के दौरान तहसीलदार को निर्देश दिए कि रुद्रपुर विधानसभा में गतिमान बड़ी योजना जिसमे जमीन ट्रांसफर की प्रकिया गतिमान है या लंबित है उनको अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए आगे बढ़ाने का कार्य करें, जिससे बड़े कार्यों को धरातल पर उतारा जा सके। इस दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार पीवी बुदलाकोटी, कानूनगो राधे राणा, पटवारी प्रकाश रावत, प्रवीण चौबे, और मयंक कक्कड़ मौजूद रहे।

# डबल मर्डर का वांछित सन्नी मांगड को दबोचा

- एक अवैध तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशानुसार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही जारी है। कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में हुए डबल मर्डर का वांछित सन्नी मांगड घटना के दिन से लगातार फरार चल रहा था। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस द्वारा बिलासपुर गुरुद्वारे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वांछित अभियुक्त पूर्व में भी हत्या के प्रयास के मामले में उत्तर प्रदेश की जेल में जा चुका है। मामले से संबंधित सात आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त सन्नी मांगड की निशानदेही पर एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया है।

बता दें कि बीती 28 अप्रैल 2025 को कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में हुई पिता-पुत्र की हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पांच सगे भाईयों एवं दो अन्य मुख्य अभियुक्तों को मय घटना में प्रयुक्त पिस्टल सहित गिरफ्तार किया जा चुका था। परन्तु घटना के दो अभियुक्त सन्नी मांगड़ और विशाल हुड़िया घटना के दिन से लगातार फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार ताबड़तोड़ दबिशें दे रही थी। दोनों के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट भी न्यायालय से जारी किए जा चुके थे। कोतवाली रुद्रपुर एवं एसओजी रुद्रपुर की पुलिस टीम उक्त वांछित अभियुक्तों की तलाश में विलासपुर क्षेत्र में मौजूद थी, जहां उन्हें वांछित अभियुक्त सन्नी मांगड़ के विलासपुर गुरुद्वारे में छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस द्वारा वांछित की धरपकड़ हेतु तत्काल घेराबंदी की गई तथा मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर अभियुक्त सन्नी मांगड़ को विलासपुर विशारतनगर गुरुद्वारे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त की निशानदेही पर एक तमंचा 315 बोर मय जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। अभियुक्त सन्नी मांगड़ इससे पूर्व मर्डर तथा 307 भादवि के मामलों में विलासपुर से जेल जा चुका है।

# एमपी के मंत्री का किया पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोलीहाट।** गंगोलीहाट बीते दिनो भारत-पाक के विरूद्ध चले ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वाले मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्रित होकर मंत्री शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्यकताओ ने मंत्री व मध्यप्रदेश बीजेपी सरकार का पुतला दहन कर मंत्री को त्याग पत्र देने की मांग उठाई। कांग्रेस नगर अध्यक्ष नारायण सिंह बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री एक और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देते हैं। और वही दूसरी और पार्टी के मंत्री देश की महिलाओं को अपमानित करते है।

# एसएम पब्लिक स्कूल के युवराज का छात्रवृत्ति के लिए हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सितारगंज।** एसएम पब्लिक स्कूल के कक्षा 5 वीं के छात्र युवराज का मुख्यमंत्री उदयीमान खेल योजना 2025 के तहत छात्रवृति के लिए चयन हुआ है।

गुरुवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. मनिंदर सिंह गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उदयीमान खेल योजना के तहत चयन हुए छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की धनराशि उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। पूरे सितारगंज क्षेत्र मात्र एक छात्र का चयन इस योजना के तहत हुआ है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट, उप प्रबंधक हिमांशु खर्कवाल, प्रधानाचार्य डॉक्टर मनिंदर सिंह गुलाटी द्वारा छात्र युवराज को सम्मानित कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ कामना दीं।

# एक माह बाद शुरू हुआ सीएचसी का अल्ट्रासाउंड

**टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग एक महीने के लंबे इंतजार के बाद अल्ट्रासाउंड होने शुरू हो गए हैं। पिछले एक महीने से अल्ट्रासाउंड कक्ष डॉक्टर नहीं होने के कारण बन्द पड़ा था। रेडियोलॉजिस्ट का पैर फैक्चर होने से जांच नहीं हो पा रही थी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्ष2023 में सांसद अजय भट्ट ने अपनी सांसद निधि से एक अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई थी, लेकिन अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पद सृजित ना होने के कारण से बाजपुर में तैनात रेडियोलॉजिस्ट विनय कुमार यादव की ड्यूटी सप्ताह में दो दिन जसपुर लगा दी गई थी। वह सप्ताह में दो दिन जसपुर आते थे, लेकिन रुद्रपुर व बाजपुर का चार्ज होने के चलते वह केवल सप्ताह में एक दिन ही आ रहे थे। गत अप्रैल में उनका पैर फैक्चर होने के कारण वह एक माह के अवक. ाश पर चले गए थे। इससे अल्ट्रासाउंड कराने वालों नागरिकों खासकर गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ रही थी। इससे संबंधित खबर आपके प्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स ने एक मई के अखबार में प्रकाशित की थी। जसपुर के सीएमएस डॉक्टर धीरेंद्र मोहन गहलोत ने बताया कि बुधवार को विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर ड्यूटी पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अल्ट्रासाउंड का कार्य भी शुरू कर दिया है आज कई मरीजों का परीक्षण किया गया है।

पर स्थायी रेडियोलॉजिस्ट की मांग जस की तस

रेडियोलॉजिस्ट के पहुंचने पर गर्भवती महिलाओं, क्षेत्रीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। लगभग दो साल से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थाई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मिला । वर्ष 2023 में अल्ट्रासाउंड मशीन के शुभारंभ के समय ही स्थानीय लोगों वह जनप्रतिनिधियों ने सांसद अजय भट्ट से जसपुर में स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की मांग की थी। मौके पर सांसद ने लोगों व जनप्रतिनिधियों को जल्द ही स्थाई रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने की भरोसा दिलाया था, परंतु अब लगभग दो साल बीत जाने के बाद भी अभी तक स्थाई डॉक्टर/रेडियोलॉजिस्ट का पद सृजित नहीं हो पाया है, जबकि इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक, पूर्व विधायक व जनप्रतिनिधियों से इस विषय में कई बार अपनी बात रख चुके हैं।

अब क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भी जसपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं, इसलिए क्षेत्रीय नागरिकों में जल्द ही इस मुद्दे पर लोगों में कोई उचित/ व्यवस्थित कार्यवाही की आस जगी है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में निकाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** ऑपरेशन सिंदूर की एतिहासिक सफलता पर जहां देश भर में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं खटीमा में भी जामा मस्जिद के प्रशासक व वरिष्ठ भाजपा नेता कामिल खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया।

इस दौरान अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने जामा मस्जिद से मुख्य चौक तक तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाल. कर हिंदुस्तान जिंदाबाद तथा भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान जामा मस्जिद के प्रशासक तथा वरिष्ठ भाजपा नेता कामिल खान ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को ऐतिहासिक विजय बताया। साथ ही उन्होंने भारतीय सेवा के जांबाज सैनिकों का नमन करते हैं कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकवादी कार्यवाही का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। इस दौरान मुन्ना आढ़ती, हफीज रहमान, जफर खान, हाफिज कफील, कासिम खान, शारिक रजा, सलीम अहमद, आलम तहसीनी, तौफीक अहमद, शोएब अहमद तथा दानिश खान आदि उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र चरनजीत सिंह गलत संगत में पड़ गया है। आए दिन हमसे व मेरे परिजनों से लड़ाई झगड़ा करता है। चरनजीत सिंह और उसकी पत्नी जसप्रीत कौर की गलत हरकतों से परेशान होकर दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। चरनजीत सिंह और उसकी पत्नी जसप्रीत कौर के किसी प्रकार कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। किसी भी कृत्य के लिए चरनजीत सिंह और उसकी पत्नी जसप्रीत कौर जिम्मेदार होंगे।

**निरंजन सिंह पुत्र श्री महताब सिंह, निवासी ग्राम महाराजपुर पोस्ट- लालपुर, थाना किच्छा उधमसिंह नगर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, खटीमा ( उधमसिंह नगर )

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार दर्ज पूर्व भवन स्वामियों का नाम खारिज कर उनके सम्मुख अंकित कॉलम सं.-5 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम कॉलम सं. 6 उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर गृहकर वसूली हेतु गृहकर नामान्तरण/संशोधन दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | वार्ड संख्या | भवन संख्या | पूर्व भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम भवन नामान्तरण किया जाना है। | नामान्तरण/संशोधन हेतु प्रस्तुत अभिलेख का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना 08 नया 13 | 109/08 | श्री रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री हरिशंकर शर्मा | श्री त्रिलोकीनाथ शर्मा पुत्र स्व. रमेश चन्द्र शर्मा | पारिवारिक समझौता, शपथ पत्र के आधार पर |

अत: उक्तानुसार गृहकर अभिलेखों में उक्तानुसार कॉलम सं. 4 में अंकित पूर्व स्वामी का नाम खारिज कर कॉलम सं. 6 में उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर कॉलम सं. 5 में अंकित वर्तमान भवन स्वामी का नाम गृहकर नामान्तरण/संशोधन दर्ज किये जाने आप अपने व्यय किसी समाचार पत्र में प्रकाशन कराकर पेपर कार्यालय में प्रषित करे। के संबन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य एक माह के भीतर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से अपनी आपत्ति प्रषित कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा उक्तानुसार प्रस्तावित गृहकर नामान्तरण/संशोधन करतु हुये गृहकर अभिलेखों में गृहकर की वसूली हेतु पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर वर्तमान भवन स्वामी के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# सरकारी भूमि पर काबिज लोगों पर कार्रवाई

- तीन सौ परिवार चिन्हित सौ को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इन दोनों सरकारी जमीन में बैठे परिवारों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। राजस्व विभाग की टीम अब तक लगभग 300 से अधिक लोगों का पता लग चुकी है, जो वर्षों से सरकारी जमीन पर काविज हैं। उन्हें हटाने के लिए तहसील प्रशासन लगभग 100 से अधिक नोटिस जारी कर चुका है।

राजस्व विभाग के रिकॉर्ड की मानें तो जनहित याचिका के आधार पर उन लोगों के रिकॉर्ड खंगाल कर कार्यवाही की जा रही है जो वर्षों से सरकारी जमीन पर बसे हैं। विभाग अब तक लगभग 300 ऐसे लोगों की तलाश चुका है, जो सरकारी भूमि पर बैठे हैं। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सरकारी जमीन को खाली करने की प्रक्रिया चल रही है। हल्का पटवारी अभी तक 250 से अधिक सरकारी भूमि पर कभी लोगों को तलाश चुकी है, इनमें से 90 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं । तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सरकारी भूमि पर काफी लोगों को सरकार बनाम कब्जेदार के नाम से नोटिस जारी किए गए हैं। जिसमें खसरा संख्या , रकवा दर्शाते हुए 15 दिन के अंदर साक्ष्य प्रस्तुत करने के आदेश निर्गत किए गए हैं । ठोस साक्ष्यों के अभाव में स्वयं अधिकरण हटाने तथा नहीं हटाने की स्थिति में बलपूर्वक खाली करने की चेतावनी दी गई है। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से बड़ी संख्या में सरकारी भूमि पर काबिज परिवारों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं जो लोग 50 वर्षों से अधिक समय से सरकारी जमीन पर काविज हैं। इस प्रक्रिया से बेघर होने की स्थिति में आ गए हैं। तहसीलदार सजवाण ने यह भी बताया कि जिन लोगों को नोटिस जारी हुए हैं उन्हें अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। फिलहाल सरकारी तालाब रास्ते आदि पर काबिज लोगों को नोटिस जारी हुए हैं। न्यायालय के आदेश के अनुसार अनुपालन में इस दिशा में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# पाइप लाइन लीकेज होने पर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**दोराहा/बाजपुर।** केंद्र सरकार की हर घर नल योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा ग्राम की सड़कों को खुर्द बुर्द कर पाइपलाइन बिछाई गई पाइपलाइन लीकेज हो जाने के कारण ग्रामीण के घरों में प्रदूषित पानी पहुंच रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।

पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवदीप सिंह कंग द्वारा जेई प्रभात जोशी को सख्त निर्देश दिए गए। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद अजय भट्ट ने जांच करने के निर्देश दिए गए हैं जो भी इसमें लिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और 2 करोड़ की पेमेंट का भुगतान भी रोक दिया गया है जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता शेष धनराशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 स्थित ग्राम महेशपुरा में उत्तराखंड पेयजल निगम एवं हर घर नल योजना केंद्र सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 4 करोड़ 81 लाख 47000 की लागत से ग्राम समूह पेयजल योजना से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया। ग्रामीणों के घरों में पानी तक नहीं पहुंच पा रहा है जो पाइपलाइन इन्होंने सड़क के क्षतिग्रस्त कर बिछाई गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पाइपलाइन की लीकेज एवं सड़कों के रिपेयर करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया।

उन्होंने जल जीवन मिशन के जेई प्रभात जोशी को सख्त निर्देश देते हुए कहा जल्द ही पाइपलाइन लीकेज ठीक की जाए और सड़कों की रिपेयरिंग की जाए, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी पीने के लिए मिल जाए। लापरवाही वर्तने वाले अधिकारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगे।इस मौके पर राकेश गुप्ता,फुरकान रजा,राधे सैनी, आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यालय पर कब्जे का मामला घमासान के बाद हुआ शांत

## पूर्व विधायक रावत और पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के बीच छिड़ी जुमानी जंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में कांग्रेस कार्यालय पर कब्जे को लेकर तीन दिन पूर्व पहले हुआ घमा. सान तो शांत हो गया है, लेकिन अब कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के बीच जुमानी जंग छिड़ गई है।

बुधवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी का नाम ना लेते हुए बयान दिया था कि जो लोग आज व्यापारी के हित की बात करते हुए उसका समर्थन कर रहे हैं। उन लोगों का अपराधी के इतिहास जानना लोगों को जरूरी है।उन्होंने पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी पर इशारा करते हुए कहा कि आज वह लोग व्यापारी का समर्थन कर रहे हैं। जिन लोगों ने व्यापारियों का उत्पीड़न किया उनसे वसूली करने के वाले शहर में शराब



जुआ एवं सट्टे के अड्डे अवैध रूप से संचालित किया इतना ही नहीं पूर्व विधायक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख पर कालाढूंगी के चकलुवा कांड एवं रामनगर के टंकी कांड का भी उन्हें जनक बताते हुए कई आरोप लगाए थे।

पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद गुरुवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2002 से पहले रंजीत रावत क्या थे और 2002 के बाद वह कहां पहुंच गए। जिन्होंने उन्हें आसमान तक पहुंचाया था। वह उनको ही भूल गए हैं।उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक कार्यकाल में सत्ता में पहुंच रखते हुए रंजीत सिंह रावत ने इतनी संपत्ति कहां से जोड़ी थी इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने कितने लोगों से डरा धमका कर अवैध वसूली की इसके दर्जनों साक्ष्य उनके पास मौजूद है।उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने दाना पानी होटल जो बनाया है वह भी वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाया गया है।इसके अलावा उन्होंने उन पर कई अन्य जमीनों पर भी अवैध रूप से कब्जे करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक कई बार का चुनाव हार चुके हैं। आखिर जनता उन्हें क्यों नहीं चाहती है।

उन्होंने कहा कि आज मेरे पास जो भी ताकत है वह जनता की है और जनता के आशीर्वाद से आज भी ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद ज्येष्ठ प्रमुख पद पर तैनात हैं। उन्होंने इन नेताओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इस प्रकार के मामलों में इन लोगों को यहां नहीं आना चाहिए था, हालांकि पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कहा शायद पूर्व विधायक ने अपने ही पार्टी के नेताओं को गुमराह करते हुए यहां बुलाया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यालय में कब्जे को लेकर जो रामनगर में अराजकता का माहौल पैदा हुआ था वह ठीक नहीं है, उसके लिए पूर्व विधायक जिम्मेदार हैं तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में अब खुले तौर पर भवन स्वामी नीरज अग्रवाल का समर्थन करेंगे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग के ग्राम टांडा के पास बुधवार देर शाम थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कार सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद जहां एक और मृतक के परि. जनों में कोहराम मचा है, तो वही पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम भगतपुर थाना मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सैफुल इस्लाम ने बताया कि उसका 29 वर्षीय भाई कासिम पुत्र अफसर अली जोकि रामनगर में कपड़े की फेरी का काम करता था। बुधवार की शाम को वह कार से वापस अपने घर जा रहा था। उन्होंने बताया कि ग्राम टांडा के समीप उनके भाई की कार अचानक खराब हो गई इसके बाद कासिम ने



कार को लॉक कर सड़क किनारे खड़ा कर दिया था और सड़क पार कर रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन के चालक द्वारा उनके भाई को टक्कर मार दी गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घायल कासिम को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने के बाद प्राथमिक उपचार के चलते चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

परिजन उसे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन तब तक कासिम ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस द्वारा गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। मृतक के चार छोटे छोटे बच्चे हैं और उनका रो रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### बच्चों को स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** घनश्याम ओली चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी ने जीआईसी सात सिलिंग और बीसाबजेड के बच्चों को स्कूल बैग,कॉपियां और स्टेशनरी का सामान वितरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश लेने हेतु उत्साहित करना था।

संस्था की तरफ से गिरीश चंद्र ने बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित कर भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। संस्था की सदस्य माधवी चंद ने अपने जन्मदिन पर बच्चों के साथ केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। संस्था अध्यक्ष ने बताया माधवी चंद बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही हैं।

### सुधारीकरण और हाटमिक्स की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थल।** थल से पाखू होते हुए कोटमन्या को जोड़ने वाले सड़क के सुधारीकरण के लिए कार्यकताओं ने देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुकालात कर सड़क के सुधारीकरण व हाटमिक्स करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं को उनकी मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी,थल के भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संह संयोजक शशिकला सत्याल,मण्डल अध्यक्ष मनोज कार्की,भाजपा नेता मनोहर सिंह सत्याल मौजूद रहे।

### जाजरदेवल पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** न्यायालय की ओर से गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। गुरुवार को जाजरदेवल पुलिस ने थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में भादवि की धारा 279, 338 के तहत पंजीकृत वारंटी जगत सिंह को सुजई जाजरदेवल से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक महावीर सिंह, हेड कांस्टेबल जरनैल सिंह, पंकज भण्डारी, कांस्टेबल सुरेन्द्र रौतेला शामिल रहे।

### डॉ.ऋचा पुनेठा को मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट शोध पत्र प्रोत्साहन पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की वनस्पति विज्ञान विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा पुनेठा को उनके उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि द्वारा सम्मानित किया गया है। यह प्रोत्साहन राशि डा. पुनेठा द्वारा 2024 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शोध पत्र प्रकाशित किए जाने पर दी गई है। उनके द्वारा विगत कई वर्षों से शोध कार्य किया गया।



उन्हें यह प्रेरणा अपने पिता डॉ.एन.पुनेठा से मिली जो फर्न प्रजाति के पौधों की संरचना,टैक्सोनामी तथा साइटोलॉजी में शोधरत थे। इसलिए उन्होंने भी फर्न प्रजाति के पौधों में एपिफाइटि फर्न ड्रिनेरिया प्रोपिनक्वा की फिनोलॉजी और ग्रोथ हेबिट विषय पर शोध का चयन किया। डॉ.ऋचा ने बताया कि वे लगभग बीस वर्षों से शोध कार्य कर रहीं हैं और अब तक उनके 40 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उनके निर्देशन में वर्तमान में एक शोध छात्रा फर्न के इक्विसेटम के विभिन्न आयामों पर शोधरत है। शोध पत्रों की उत्कृष्टता के आधार पर वर्ष 2016 में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट के अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार एवं वर्ष 2018 में इंडियन फर्न सोसाइटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एस.एस. वीर गोल्ड मेडल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे ने बधाई देकर महाविद्यालय में शोध स्तर को बढ़ावा देने पर जोर दिया।इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो.एस.एस.मौर्या, डॉ.पीस पालीवाल सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने डॉ.ऋचा पुनेठा को बधाई दीं हैं। बता दें कि डॉ.ऋचा ने वनस्पति विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथोरागढ़ से उत्तीर्ण किया है और पीएचडी उपाधि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से प्राप्त की है।

### नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कुंडेश्वरी ग्राम सभा जगतपुर में गुरूद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर समस्त ग्राम वासियों ने जोरदार फूल मालाओं से स्वागत किया और ग्राम वासियों की जन समस्याओं को सुना और शीघ्र विभागीय अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। गुरूद्वारे के सौंदर्यीकरण के लिए 500000 की घोषणा की। जुड़का नंबर एक में समस्त ग्राम वासियों



से जनसंपर्क किया उनकी समस्याओं को सुना जुड़का नंबर 2 में पूर्व ग्राम प्रधान होशियार सिंह का हाल-चाल जाना और जनसंपर्क किया स ग्राम सभा प्रतापपुर में आयोजित कार्यक्रम पहुंचने पर फूल मालाओं से ग्राम वासियों ने जोरदार स्वागत किया और नेता प्रतिपक्ष के सामने बिजली पानी व अन्य समस्याओं को उनके समक्ष रखा स नेता प्रतिपक्ष ने तत्काल विभागीय अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया और माता रानी मंदिर के लिए 500000 की घोषणा की। ग्राम सभा इटावा में ग्राम प्रधान सतनाम सिंह के पिता के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कीस इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, एडवोकेट मनोज जोशी, कुंडेश्वरी क्षेत्र कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राकेश लखेरा, एडवोकेट उमेश जोशी, मलकीत सिंह, हरजिंदर सिंह, मनजिंदर सिंह, प्रीत बम, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मनमोहन सिंह रमोला, श्रीमती प्रभा रेखाडी, रवि ढींगरा, गुरदयाल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख जसवीर सिंह बिट्टू, चंद्रभान, राजेंद्र कुमार, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवदीप कंग, दीपक कांडपाल, वीरेंद्र, गोपी, सुखवंत सिंह, भगवान सिंह, गुड्डू, प्रकाश शर्मा, आनंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में उपजे विवाद में एक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** बच्चों को स्कूल पहुंचाकर घर लौट रहे युवक कोघ घेरकर उसके साथ मारपीट कर घायल करने का मामल प्रकाश में आया हैं, इस मामले में घायल के भाई ने कुछ लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी हैं ।

गुरुवार को जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गिधौर निवासी बलजिन्दर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया हैं की उसका भाई बलजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम गिधौर, अपने बच्चों को स्कूल छोडकर ग्राम चेतुआखेडा से घर को अपनी मोटर साईकिल से लौट रहा था कि ग्राम ऐचता जंगल के पास घात लगाये बैठे कुछ लोगों ने मिलकर अचानक उसके भाई पर धारदार हथियार से प्रहार कर उसे घायल कर दिया तथा गाली गलौच करते हुए भाई को जान से मारने की प्रयास किया।

हमले से भाई बलजीत सिंह के हाथ पांव, पैर सिर में गंम्भीर चोटे आयी है, जिसमें उपचार के लिए नानकमत्ता सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से उसे रेफर कर दिया है।

आरोप हैं की हमलावर नशा तस्कर हैं जो उसके भाई को पुलिस का मुखबिर समझते हैं, हमलावरों ने मुखबिर होने का आरोप लगाकर उसके भाई की हत्या करने का प्रयास किया है। इधर समाचार लिखे जाने तक किसी के विरुद्ध भी कोई अभियोग दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का हुआ सफल समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला उद्योग केंद्र द्वारा जनपद के समस्त युवाओं एवं स्टार्टअप उद्यमियों के लिए नन्हीं परी सीमान्त इंजीनीयरिंग कॉलेज, पिथौरागढ़ में आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दो दिवसीय बूट कैंप का उद्देश्य उत्तराखंड में एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना।

राज्य के स्टार्टअप नीति 2023 का व्यापक प्रचार प्रसार करना तथा जनपद के युवा उद्यमियों को अपना उद्यम स्थापित करने और उसे सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और कौशल प्रदान करना था। इस बूट कैंप का उद्घाटन जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा दिनांक 14 मई 2025




को किया गया था, उन्होंने सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों तथा युवा उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए पिथौरागढ़ की आवश्यकताओं एवं संसाधनों पर नए आइडियाज प्रस्तुत करने वालों को 10 हजार का नगद इनाम देने के साथ ही अपने आइडियाज भी छात्रों के साथ शेयर किए थे उनके द्वारा अधिक से अधिक युवाओं को स्टार्टअप अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया जिस हेतु महाप्र. बंधक जिला उद्योग केंद्र पिथौरागढ़ कविता भगत, संयुक्त निदेशक उद्योग निदेशालय देहरादून डॉ दीपक मुरारी, सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ०अजीत कुमार, आईआई एम काशीपुर के विशेषज्ञ प्रो०उत्कर्ष एवं प्रबंधक संजय पाल ने जिलाधिकारी के साथ शिष्टाचार भेंट कर उनको धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दो दिवसीय बूट कैंप में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा उद्यमिता विकास, व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, विपणन रणनीतियां और सरकारी योजनाओं की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। बूट कैंप में बड़ी संख्या में उत्साही युवाओं और स्टार्टअप उद्यमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान किया और उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाशा।

# राज्य सरकार उत्तराखंड में नहीं करा पाई त्रिस्तरीय चुनावः यशपाल आर्य

**भाजपा सरकार संविधान का कर रही खुला उल्लंघन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि एक देश, एक चुनाव की बात करने वाली भाजपा और उत्तराखंड सरकार तेरे स्तरीय चुनाव तक नहीं करा पा रही है। ग्राम पंचायत छोटी नहीं बल्कि असली सरकार होती है। भाजपा सरकार संविधान का खुला उल्लंघन कर रही है।

यशपाल आर्य ने कहा चुनाव न होने से जहां गांवों का विकास ठप हैं, वहीं आम लोगों को अपने छोटे-छोटे काम कराने के लिए विभागों के




चक्कर काटने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा जिससे त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल एक दिन के लिए भी नहीं बढ़ाया जा सकता और सरकार अधिकतम छह महीने के लिए प्रशासक नियुक्त कर सकती है, लेकिन स्थिति ये है सरकार द्वारा पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। सरकार पंचायती राज व्यवस्था की शक्तियां छीनने और ग्रामीण संस्थाओं को अस्थिर करने का काम कर रही है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा के शासन में जिस तरह पंचायती राज व्यवस्था में संविधान की अवहेलना एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था का दमन किया जा रहा है, उससे गांव की सरकार कभी सशक्त और सुदृढ़ नहीं हो सकती।ग्राम सभायें हमारी संस्कृति व समृद्धता की नींव है और इसके सशक्तीकरण का काम पंचायतीराज व्यवस्था के माध्यम से होता आया है लेकिन आज सरकार पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर करना चाहती है जिसका हम प्रमुखता से विरोध करेंगे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मूनाकोट विकास खंड के राजकीय इंटर कॉलेज डूंगराकोट में एसएसबी 55 वीं बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार के निर्देशानुसार,एसएसबी के सहायक कमांडेंट शिवजी लाल के निर्देशन पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन अनिता अधिकारी बसेड़ा (प्रवक्ता अर्धशास्त्र) राजकीय इंटर कॉलेज डूंगराकोट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि एसएसबी के शिवजी लाल, सहायक कमांडेंट रहे। एसएसबी 55वीं वाहिनी के सहायक कामडेंट शिवजी लाल ने बताया कि एसएसबी



55वीं वाहिनी लगातार सीमांत क्षेत्र मे नागरिक कल्याण के कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत जानकारियां दी गईं जिसमें बच्चों को पढ़ाई के दौरान मोबाईल से दूर रहने, अपने कॅरियर के प्रति सचेत रहने, अपने जीवन का लक्ष्य चुनने एवं नशा से दूर रहने के लिए बताया गया। साथ ही साथ रोजगार के संबंध में और ऑर्मी एवं एसएसबी में भर्ती कैसे होते हैं इसके संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसएसबी जवानों के साथ ही छात्र-छात्राएं और अध्यापक-अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# जानलेवा हमला करने में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी शाहूनगला, पो. बीरपुर थाना तहसील मुरादाबाद उत्तर प्रदेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सलीम पुत्र शाहिद निवासी मोहल्ला उटपड़ाव रामनगर, जिशान और सौरभ त्यागी द्वारा के द्वारा एक राय होकर चाकू से वार कर जान से मारने की कोशिश की।उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।कोतवाल अरुण कुमार सैनी नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया।कोतवाल ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा अलग अलग स्थानो पर दबिश दी गई।उन्होंने बताया कि आरोपी सलीम पुत्र शाहिद उर्फ साजिद अली निवासी उठपड़ाव खताड़ी रामनगर को रेलवे ग्राउन्ड रामनगर से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया।आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी सलीम को कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।इस दौरान पुलिस टीम में एसआई राजकुमारी, कांस्टेबल बिजेन्द्र गौतम , कांस्टेबल संजय सिंह, कांस्टेबल मौ. राशिद शामिल रहे।

# बाइक सवार लुटेरे ने महिला की चेन लूटने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र के उदयपुरी में एक महिला से लूट के प्रयास का एक मामला सामने आया है।

ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में रहने वाली महिला शशी नेगी ने बताया कि बुधवार की शाम वह अपनी पड़ोसी महिला सीमा रावत के साथ शाम को इवनिंग वॉक पर निकली थी। इसी बीच नकाबपोश एक बाइक सवार बिना नंबर प्लेट की बाइक लेकर उनके पीछे लग गया और इस नकाबपोश ने शशी नेगी का पीछा करते हुए उनके गले में पड़ी सोने की चेन को जैसे ही खींचने की कोशिश की तभी महिला सतर्क हो गई और उसने पीछे मुड़ते हुए तुरंत अपनी सहयोगी महिला के साथ इस नकाबपोश बदमाश को दबोचते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। हालांकि मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी ना तो इन महिलाओं का साहस बढ़ाया और नहीं बदमाश को पकड़ने में कोई मदद की। महिला शशी नेगी ने बताया कि इसी बीच इस बदमाश ने पहले उनको चाकू दिखाकर डराने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भी महिलाएं डरी नहीं और इस बदमाश से भिड़ती रही। अपने आप को घिरा देख इस नकाबपोश ने महिलाओं पर तमंचा तान दिया। इसके बाद यह महिला घबरा गई और उन्होंने खेत में भाग कर अपनी जान बचाते हुए घटना की जानकारी 112 पर पुलिस को देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय के नये कुलपति बने प्रो. एचएस सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/मिर्जापुर।** गुणवत्ता और रोजगारपरक उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले ग्लोकल विश्वविद्यालय के विकास में एक नया अध्याय जुड़ गया। प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ. हृदय शंकर सिंह को ग्लोकल विश्व. विद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। मूलरूप से गोरखपुर क्षेत्र के निवासी डॉ. सिंह शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासन में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। साथ ही देश-विदेश के शैक्षणिक मंचों पर उनकी नेतृत्व क्षमता और विद्वता को व्यापक रूप से सराहा गया है।

प्रोफेसर सिंह को इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के प्रथम कुलपति के रूप में कार्य करने का भी गौरव प्राप्त है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट मां शाकंभरी विश्व. विद्यालय के प्रारंभिक विकास चरणों में शैक्षणिक और संस्थागत संरचना की नींव रखी और उसे एक सशक्त शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के जंतु विज्ञान विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया और वहीं से सेवानिवृत्त हुए। वह अपने करियर के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक तथा सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर भी नियुक्त रहे। वह चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की एकेडमिक काउंसिल और एग्जीक्यूटिव काउंसिल के भी मेंबर रह चुके हैं । इसके साथ ही रिसर्च के क्षेत्र में भी उनका एक अहम योगदान रहा है। उनके निर्देशन में 90 छात्रों ने एमफिल और 35 छात्रों ने पीएचडी की है। उन्हें देश और विदेश से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए तमाम पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

प्रोफेसर सिंह को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम विकास, तथा अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष दक्षता प्राप्त है। वे कई अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संगठनों से जुड़े रहे हैं और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। साथ ही, उन्होंने दर्जन भर से अधिक देशों की अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्राएं भी की हैं, जिनके माध्यम से उन्होंने वैश्विक शिक्षा और नवाचार से जुड़े विविध अनुभव प्राप्त किए हैं। ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात, प्रोफेसर सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया।

### किसानों के मसीहा स्व. महेन्द्र को मिले भारत रत्नः मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने किसान नेता स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत को भारत रत्न दिये जाने की मांग की।मुजतबा मलिक ने किसान को उसके हको की लड़ाई लड़ने का हौसला देने और उसकी फसलो की सही कीमत दिलाये जाने बिजली बैंक अमीन तहसील किसान सहकारी सोसाइटीयो में उनके शोषण को रोकने के लिये एकजुट होकर इन्सपेक्टर राज के खिलाफ लामबंद होने की ताकत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय किसान नेता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होने केंद्र सरकार से माँग की उनको भारत रत्न दिया जाना आवश्यक है और अनेकों किसान योजनाओं के नाम उनके नाम पर सरकार चलाये। इस अवसर पर मनोज चौधरी, मोनू आमिर मलिक, नोशाद अली, परवेज मलिक आदि मोजूद रहे।

### विधायक आशु ने उठाए सिंचाई विभाग से जुड़े मुद्दे

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में सिंचाई विभाग से जुडी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में विधायक ने कहा कि हौजखेडी माइनर की पटरी के निकारें से खरौली रजवाहे से आमदपुर जाने वाला लगभग दो किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त है यह मार्ग दमकडी, दाबकी गुर्जर, हौजखेडी, भाऊपुर, आदमपुर का सम्पर्क मार्ग है। जिसके कारण ग्रामीणों को भारी समस्या से रूबरू होना पडता है। समस्या के समाधान हेतु अधिशासी अभियंता अपर खण्ड पूर्वी यमुना नहर को अवगत कराया गया था, लेकिन अभ्झी तक भी मार्ग का निर्माण नही हुआ। ग्राम मालाहेडी से जा रहे विजोपुरा की ओर पूर्वी यमुना नहर की पटरी रजवाहे पिलखनी के नीचे से पटरी और इनलेट टूट गये थे। जिसके कारण गांव में जलभराव रहता है।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कारपोरेट आईडेन्टिटी नं०U40109UR2001SGC025867/2358
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड, देहरादून
दूरभाष : 91-135-2763672-76, फैक्स : 91-135-2760289

ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित सी सी पी-I/1/2025-2026 जोकि 11 के०वी० वी सी बी इनकमिंग पैनल 500 एमवीए 800/400/5ए, 11 के०वी० फीडर वी सी बी पैनल 500 एमवीए 400/200/5ए एंव 11 के0वी0 बस कपलर 500 एमवीए की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा दिनांक 3.6.2025 के 17:00 बजे तक क्रय एवं जमा की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 4.6.2025 को 15:45 बजे खोला जायेगा।

अन्य नियम व शर्त मूल ई-निविदा के अनुसार रहेगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)
No. : 268/EE(CM)/UPCL/A-2, Dt. 15.05.2025

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

# हेट स्पीच, प्रशासनिक प्रक्रिया की जांच के निर्देश

## दुष्कर्म के आरोपी उस्मान के बेटे ने अपने तबादले को हाईकोर्ट में दी चुनौती

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद उस्मान खान के पुत्र अपर सहायक अभियंता

■उच्च न्यायालय में अगली सुनवाई 29 मई को

रिजवान खान का स्थान्तरण निर्माण खंड खटीमा से अस्थायी खण्ड घनसाली में करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई हेतु अब 19 मई सोमवार की तिथि नियत की है। इस याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नैनीताल जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली



पर गंभीर सवाल उठाए हैं। याची के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि स्थानांतरण आदेश में उत्तराखंड स्थानांतरण अधिनियम-2017 की नियमावली का पालन नहीं किया गया है जबकि नियमावली के अनुसार प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण करने से पूर्व स्थानांतरित कर्मचारी के विरुद्ध विधिवत जांच होनी चाहिए किस आधार पर उसका स्थानांतरण किया जा रहा है। स्थानांतरण आदेश में मनमाने ढंग से उल्लेख किया गया है कि याचिकाकर्ता ने अपने कार्यों में लापरवाही की है एवं वरिष्ठ अधिका. रियों के आदेशों का अनुपालन नहीं कर राजकीय कार्य अपने मनमाने ढंग से किए हैं जबकि याची की ओर से न्यायालय के समक्ष गोपनीय आख्या प्रस्तुत की है जिसमें कहा गया है कि याचिकाकर्ता की सेवाएं उत्कृष्ट हैं लेकिन उनके पिता के विरुद्ध आपरा. धिक मामला दर्ज होते ही वह अचानक लापरवाह कैसे हो गए? उन्हें कभी कोई कारण बताओ नोटिस भी नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता एवं उनके परिवार के विरुद्ध कुछ संगठनों के द्वारा फेसबुक पर प्रसारित घृणास्पद भाषण की पोस्ट भी न्यायालय को दिखाई गई, उन्हीं भाषणों के प्रभाव में उनका स्थानांतरण आदेश पारित किया गया, अब उन्हें ऑनलाइन प्रताड़ित किया गया। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस प्रकार के दंडात्मक स्थानांतरण विधि के विरुद्ध हैं। प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण से पूर्व इसकी जांच होनी चाहिए। दंडात्मक स्थानांतरण होने का कोई आदेश नहीं हो सकता। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि वे ऐसे हेट स्पीच का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं। यह कैसे संभव हो सकता है कि उच्च न्यायालय का नाम इन हेट स्पीच में दुरुपयोग हुआ और प्रशासन ने कुछ नहीं किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद मुख्य स्थायी अधिवक्ता एवं महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उन्हें हेट स्पीच की जानकारी नहीं है। न्यायालय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को निर्देश दिया है कि वे उन ऑनलाइन पोस्टों की जांच करें जिनमें हेट स्पीच प्रसा. रित हुए एवं जिनमें हाईकोर्ट का भी उपयोग हुआ है। अब मामले को सोमवार 19 मई को पुन: सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया है। वीरवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में हुई।

## मोदी सरकार की कूटनीतिक नाकामी: पांडे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भाकपा (माले) के नैनीताल जिला सचिव डा.कैलाश पांडेय ने प्रेस को जारी बयान में भारत-पाकिस्तान सीजफायर और कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप को तीसरे पक्ष के रूप में स्वीकार करना शिमला समझौते का उल्लंघन और भारत की कूटनीतिक विफलता है। उन्होंने भाजपा पर तिरंगा यात्रा की आड़ में अपनी नाक. ामी छिपाने का आरोप लगाया और कहा कि इसे माफी यात्रा में बदलना चाहिए। वहीं, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री के खिलाफ ट्रोलिंग व अभद्र टिप्पणियों की निंदा करते हुए भाजपा मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने और जेल भेजने की मांग की। डा. पांडेय ने आरोप लगाया कि गोदी मीडिया ने जानबूझकर झूठी खबरें फैलाई और सरकार ने तथ्यपरक पत्रकारिता करने वाले चैनलों और यूट्यूबरों पर ही कार्रवाई की।

# नाले के डायवर्जन कार्य की धीमी रफ्तार पर भड़के विधायक भगत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने गुरुवार को दमुआढूंगा स्थित बनचौकी बरसाती नाले के डायवर्जन कार्य का निरीक्षण किया। जलभराव से परेशान लोगों की शिकायत पर पहुंचे विधायक ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई और अधिक. ारियों को दोनों ओर से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चौफला से कार्य शुरू करने पर हैरानी जताते हुए बनचौकी से भी खुदाई शीघ्र शुरू कराने को कहा। साथ ही कटघरिया तक अतिक्रमण चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने चेताया कि इस बार जलभराव हुआ तो लाप. रवाह अफसरों पर कार्रवाई होगी। देवकी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे ने कार्य में देरी, बढ़े बजट (143 लाख), और अतिक्रमण हटाने की चुनौतियों की जानकारी दी। एसडीएम राहुल साह ने बताया कि सिंचाई व राजस्व विभाग की टीम अतिक्रमण चिन्हित कर रही है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल साह, ईई सिंचाई डीएस रावत, पार्षद नवीन जोशी, बीजेपी नेता विकास भगत सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जलभराव प्रभावित मौजूद रहे।

## राइंका की बैठक सम्पन्न

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता सेनानी किशन सिंह मेहता राजकीय इंटर कॉलेज सूपी की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान अभिभावकों ने इंटर कालेज सूपी के लिए पूर्ण स्टाफ, विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण और विद्यालय की 22 नाली भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। इस संदर्भ में एसएमसी अध्यक्ष लीला शर्मा ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक इंटर कालेज है। जिसका भवन आज जर्जर हो चुका है। जिसकी भूमि पर लोगों का अतिक्रमण हो रहा है। स्टाफ कम है और अर्थशास्त्र जैसे विषय की मान्यता ही नहीं है जबकि उसमें सर्वाधिक बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि इंटर कालेज सूपी को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए सरकार को गंभीरता से प्रयास करना होगा। तमाम गांवों के अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विधि अधिकारियों का हुआ उच्चीकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड शासन के न्याय अनुभाग की ओर से वीरवार को उच्च न्यायालय में राज्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति तथा पदावधि के लिए सामान्य अनुद. ेश-2016 के अनुदेश-4 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए पूर्व से आबद्ध विधि अधिका. रियों को उच्चीकृत कर दिया गया है। इसके तहत पुष्पा भट्ट उप महाधिवक्ता को अपर महाधिवक्ता, बीएस परिहार स्थायी अधिवक्ता को अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता, विश्व दीपक विसैन स्थायी अधिवक्ता को अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता, प्रमोद तिवारी ब्रीफ होल्डर (क्रि) को सहायक शासकीय अधिवक्ता, एसएस चौधरी ब्रीफ होल्डर (सि) को स्थायी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 10 नए अधिवक्ताओं को शासन के मामलों की पैरवी के लिये आबद्ध किया गया है जिनमें राहुल वर्मा को अपर महाधिवक्ता बनाया गया है जबकि वासवानन्द मौलेखी को उप महाधिवक्ता, दिनेश चौहान तथा नन्दन सिंह कन्याल को सहायक शासकीय अधिवक्ता जबकि एनके पपनोई को स्थायी अधिवक्ता वहीं विजय खंडूरी व चित्रार्थ कांडपाल को ब्रीफ होल्डर क्रिमिनल तथा चंद्रशेखर जोशी व तरुण मोहन को ब्रीफ होल्डर सिविल बनाया गया है।

# अपने कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दे रही कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिला और महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज आश्रम में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर

■प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अनुशासन और जनहित में सजग रहने के टिप्स दिए

आयोजित हुआ। इस दो दिवसीय शिविर का उद्देश्य कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विच. ारधारा, संगठनात्मक संरचना, जनसंपर्क कौशल एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण के उपरांत प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष करन माहरा और प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी नवप्रभात ने किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से समाज सेवा, अनुशासन और जनहित के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षक मृणाल पंत और सीताराम ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए, जिनमें मुख्य रूप से संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व विकास, संवाद कला और साम. ुदायिक समस्याओं के समाधान जैसे विषय शामिल रहे। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस 120 से अधिक कांग्रेसियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। प्रशिक्षण के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। विधायक सुमित हृदयेश ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने बताया कि शिविर में बिन्दुखत्ता, हल्द्वानी, लालकुआं, बरेली रोड, नैनीताल, भीमताल, भवाली, रामनगर, धारी, रामगढ़, ओखलकांडा, रामनगर, कालाढूंगी, गौलापार, बेतालघाट आदि क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, ललित जोशी, हेमवती नंदन दुर्गापाल, उमेश कबड़वाल, भोला भट्ट, खजान पांडे, मनोज शर्मा, भुवन दरम्वाल, प्रताप बर्गली, भीमताल नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा, खष्टी बिष्ट, मधु सांगूड़ी, विशाल भोजक, सुमित लोहनी, जया कर्नाटक, मलय बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, तारा नेगी, कुंदन नेगी, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, हेमन्त पाठक, संजय किरौला, महेश काण्डपाल, पुष्कर दानू, उमेश कबड़वाल, कौशलेंद्र भट्ट, देवेंद्र चुनोतिया, मीमांशा आर्य, गीता बहुगुणा, मयंक भट्ट, नीरज तिवारी, अनुपम कबड़वाल, भुवन पांडे, गिरीश पांडे, रॉकी बृजवासी, डीके डालाकोटी, रमेश तिवारी, अमित रावत, हेमन्त बगड़वाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बार काउंसिल का कार्यकाल बढ़ाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** बार कौंसिल ऑफ इण्डिया ने उत्तराखंड बार कौंसिल का कार्यकाल पुन: बढ़ा दिया है, जिसके बाद राकेश गुप्ता उत्तराखंड बार

■राकेश गुप्ता बनाए गए चेयरमैन

कौंसिल के चेयरमैन बनाए गए हैं साथ अन्य समितियों का भी गठन कर दिया है। बता दें कि वर्तमान में डा. महेन्द्र पाल सिंह उत्तराखंड बार कौंसिल के अध्यक्ष थे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन द्वारा 10 मई 2025 को जारी आदेश के अनुसार अधिवक्ता



अधिनियम-1961 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा बार कौंसिल ऑफ इण्डिया सत्यापन नियम-2015 के नियम 32 के अनुपालन में उत्तराखण्ड बार कौंसिल के प्रभावी कामकाज और प्रशासन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिसके तहत राकेश गुप्ता उत्तराखण्ड बार कौंसिल के चेयरमैन होंगे जबकि कुलदीप सिंह को वाइस चेयरमैन व मेहरमान सिंह कोरंगा को पुन: सदस्य सचिव बनाया गया है। इन पदाधिकारियों ने बीरवार को सुखपाल सिंह पूर्व चेयरमैन, अर्जुन सिंह भण्डारी पूर्व चेयरमैन, नन्दन सिंह कन्याल पूर्व वाइस चेयरमैन व कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया प्रमाण पत्र और अभ्यास स्थान (सत्यापन) नियम 2015 का नियम 32 मुख्य रूप से राज्य बार काउंसिल के सदस्यों के कार्यकाल के विस्तार से संबंधित है जब कोई चुनाव नहीं हो पाया हो। यह नियम बीसीआई को राज्य बार काउंसिल के सदस्यों के कार्यकाल को एडवोकेट एक्ट-1961 द्वारा निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाने की अनुमति देता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य बार काउंसिल का कामकाज सुचारू रूप से जारी रहे।

# कूकना के ग्रामीणों ने मांगी स्वास्थ्य सुविधाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के दूरस्थ विकास खंड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत कूकना के वाशिंदों ने ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की गुजारिश नैनीताल जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश चंद्र पंत से की है। पूर्व प्रधान मदन सिंह नौलिया के मुताबिक विगत 20 वर्षों से कई बार स्वास्थ्य विभाग एवं शासन प्रशासन से इस दुरुस्त क्षेत्र ग्राम पंचायत कूकना विकासखंड ओखल कांडा में प्राथमिक उपचार के लिए निवेदन किया जा चुका है, समस्या के चलते एक बार क्षेत्र वासियों के द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार तक किया गया था जो ग्राम सभा कैड़ा गांव, ग्राम सभा कूकना, ग्राम सभा धैना, ग्राम सभा नौलिया गांव के लोगों के द्वारा चार बूथो में बहिष्कार किया गया था। उसके बाद विभागीय अधिकारियों के द्वारा कई आश्वासन दिए गए लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इस संबंध में लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी के बाद जिलाधिकारी के आदेश के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी के सभागार में एक शपथ ली गई थी जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत कूकना केंद्र बिंदु में किराए के भवन पर फार्मासिस्ट बैठने की बात शपथ के दौरान की गई थी जिसमें अभी तक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों की ओर से नौलिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश चंद्र पंत से गुजारिश की है कि शीघ्र किराए के भवन में फार्मासिस्ट की नियुक्ति करें।

## एक नजर

### कमल जोशी के पिता का निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के प्रमुख राज्य आंदोलनकारी कमल



जोशी उर्फ पिंकी के पिता आनन्द बल्लभ जोशी (90) का निधन हो गया। उनके निधन पर राज्य आंदोलनकारी संगठन ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक डा. नारायण जंतवाल समेत शाकिर अली, संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान तारा सिंह, महेश जोशी, प्रकाश आर्य, संजय बिष्ट, भुनेश्वर रावत, दीपक बिष्ट डैनी तथा इन्दर सिंह नेगी व ललित जोशी आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### डायट में कौशलम प्रदर्शनी का आयोजन

**नैनीताल।** डायट भीमताल में कौशलम कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 40 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 80 विद्यार्थियों ने स्थानीय उत्पादों के प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमशील मानसिकता और 21वीं सदी के कौशल विकसित करना था। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य सुरेश आर्या और कुमाऊं विश्वविद्यालय, भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. एलके सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों को असफलता से सीखते हुए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। राइका कसियालेख की टीम को प्रथम, राइंका बानना को द्वितीय और राइंका पदमपुर मीडार चोरलेख को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र दिए गए, जो अब राज्य स्तरीय कौशलम एक्सपो में नैनीताल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में डा. ज्योतिर्मय मिश्र और डा. शैलेन्द्र धपोला ने मूल्यांकन किया। चयनित 10 उद्यमशील मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। संचालन मनोज कुमार चौधरी ने किया।

### नियमितिकरण के लिए पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन बीरवार को 314वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में जहां पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत बीरवार को विवाह समारोह कार्यक्रम को पौधारोपण से जोड़ने के तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम नैनीताल मुख्यालय में कार्यरत प्रमोद पांडे व निर्मला पांडे की पुत्री भावना पांडे ने परिणय सूत्र में बधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने माता पिता की मौजूदगी में परिणय पौध लगाया। भावना ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगी। प्रमोद पांडे ने कहा कि अब वह इस पौधे की देखभाल पुत्री समझकर करेंगे। विवाह समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इस अनूठे कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता भगवान पंत भी उपस्थित रहे।

### रोहित के शानदार प्रदर्शन पर जीती टीम

**अल्मोड़ा।** नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अल्मोड़ा



प्रीमियर लीग 2025 के तहत प्रतियोगिता जारी है। गुरुवार को जय गोलू क्रिकेटर और जिला पंचायत के बीच मैच खेला गया। जय गोलू क्रिकेटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 237 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला पंचायत की टीम सिर्फ 151 रन ही बना पाई। जिसमें रोहित भट्ट ने 3.1 ओवर में 9 रन देखकर 6 विकेट झटके।

### एलपीएस में पेरेन्ट एसोसिएशन की गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित लॉन्गव्यू पब्लिक स्कूल में वीरवार को पेरेन्ट




एसोसिएसन व चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएसन की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में युवाओं में ड्रग्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई। बच्चों को नशे से दूर रखने सुझाव दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

### सहजयोग ध्यान की बारीकियां समझाईं

**नैनीताल।** सहजयोग संस्था की ओर से आयोजित आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम में सनवाल स्कूल मल्लीताल में कर्नल वीरेन्द्र तिवारी ने 500 छात्र छात्राओं और 15 शिक्षकों को सहजयोग ध्यान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहजयोग हमारे मनोवैज्ञानिक, शारिरिक व आध्यात्मिक समझ में सुधार करता है। इस दौरान स्कूल की प्रिंसपल डिंपल इमेनुअल, तृप्ति तिवारी, बिशना शाह, डा. वीरेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मनोज छात्र संसद व चेतना कन्या भारती की प्रधानमंत्री बनीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**गरुड़।** खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज में छात्र संसद व कन्या भारती का गठन किया गया। इस मौके पर मनोज भंडारी छात्र संसद तथा चेतना मिश्रा कन्या भारती की प्रधानमंत्री चुनी गई। राजकीय पॉलीटैक्निक कालेज गरुड़ के प्रधानाचार्य एनएस अल्मिया ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बच्चों में विद्यार्थी जीवन से ही नेतृत्व क्षमता विकसित करनी जरूरी है। विद्यालय में संपन्न चुनाव में छात्र संसद के लिए कृष्णा जीना उप प्रधानमंत्री, रोहित दोसाद सेनापति, पवन नर्सवाण उप सेना. पति, विक्रम सिंह नेगी सचिव, सौरभ जोशी उप सचिव चुने गए। कन्या भारती के लिए हर्षिता पटवाल उप प्रधानमंत्री, कृतिका रावत सेना. पति, तनुजा तुलेरा उप सेनापति, निर्. कता गड़िया सचिव चुनी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने छात्र संसद व कन्या भारती के गठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र संसद प्रमुख आचार्य उमेश जोशी व कन्या भारती प्रमुख आचार्या भावना रावत ने संयुक्त रूप से पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसदों ने भी शपथ ली। विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भी कार्यभार संभाला। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वे विद्यालय व छात्र हित के लिए सदैव सक्रिय रहकर कार्य करेंगे।

# जीवन को सकारात्मक कार्यों में लगाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा द्वारा सात नम्बर स्थित रामलीला प्रांगण में आयोजित

■संगीतमय देवी भागवत कथा प्रारम्भ

संगीतमय देवी भागवत में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा कथा श्रवण का लाभ लिया जा रहा है। इसी क्रम में वीरवार को व्यास के रूप में कथा वाचन करते हुए भागवत किंकर नमन कृष्ण ने मानव जीवन को समझ कर इसे सदकार्यों में लगाने की प्रेरणा देते हुए भगवत कार्यों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग हेतु प्रेरित किया।इस मौके पर उन्होंने सत रज तम गुणों के समन्वय के साथ अनिश्चित जीवन को निरंतर सकारात्मक कार्यों में लगाने के प्रसंगों का वर्णन किया साथ ही ज्ञान प्राप्त



होने पर घमंड से बचने का आह्वान किया। मधुर कंठ के धनी व्यास भागवत किंकर नमन कृष्ण महाराज के मार्गदर्शन में आचार्य विवेक पांडे, आचार्य विवेक पोखरिया के साथ संगीत टीम में संगीताचार्य रवि शंकर शास्त्री, तबले में छोटू शरण शर्मा, बेंजो में दीपक शर्मा की बोर्ड में मोहन शर्मा तथा विमल द्वारा वायलिन की संगत से वातावरण को भक्तिमय बनाने में योगदान दिया जा रहा है। बता दें कि भागवत कथा के साथ दैनिक पूजन के क्रम में यजमानों के रूप में समिति के सदस्यों द्वारा सपत्नीक योगदान दिया जा रहा है। यजमानों में खुशाल सिंह रावत एवं उनकी धर्म पत्नी लता रावत, सचिव पी सी पांडे निर्मला पांडे, प्रकाश चंदोला- बीना चंदोला, हिम्मत सिंह- जया बिष्ट, संतोष पंत-चित्रा पंत, दिनेश जोशी-कमला जोशी, उमेश सनवाल-कविता सनवाल, कैलाश जोशी- इंद्रा जोशी, इंद्र सिंह रावत- सुमन रावत, कंचन चंदोला- बीना चंदोला, हिमांशु पांडे- दीपा पांडे सहित नवीन चंदोला, प्रकाश चंद्र सती, दिनेश पांडे एवं हेमा तिवारी द्वारा विश्व शांति की प्रार्थना के साथ जगत कल्याण के लिए पूजन अर्चन में योगदान दिया जा रहा है।

# जलवायु परिवर्तन पर मॉडल प्रदर्शनी

## इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में समझ पैदा करती हैं: डा. जोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के देव सिंह बिष्ट परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा वीरवार को वैश्विक जलवायु परिवर्तन विषय पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया। बता दें कि कार्यक्रम में एमएससी चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लेकर रचनात्मक मॉडल्स के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों को उजागर किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने ग्रीन हाउस प्रभाव, धुवीय ग्लेशियरों का पिघलना, कार्बन फुटप्रिंट, जलवायु अनुकूल खेती, वनों की कटाई, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत आदि विषयों पर आकर्षक एवं सूचनाप्रद मॉडल प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम के समन्वयक डा. हेम चन्द्र जोशी ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में विषय के प्रति गहरी समझ विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि जब छात्र किसी वैज्ञानिक विषय को मॉडल के रूप में तैयार कर प्रस्तुत करते हैं तो वे केवल याद नहीं करते, बल्कि उसे व्यावहा. रिक रूप से समझते भी हैं। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के शैक्षणिक नवाचार विद्यार्थियों में शोध की भावना तथा पर्यावरणीय चेतना और समूह कार्य की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। प्रो. तिवारी ने स्वयं सभी मॉडलों का मूल्यांकन किया और श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रो. तिवारी ने आयोजन की संकल्पना को साकार रूप देने में सक्रिय भूमिका निभाई तथा छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके निर्देशन में ही विषय की रूपरेखा तथा मूल्यांकन प्रक्रिया एवं अंतिम निष्कर्षों की प्रस्तुति हुई।प्रदर्शनी के अंत में प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। विभाग ने भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना व्यक्त की।

# बिजनेस मॉडल कैनवास विषय पर व्याख्यान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा वीरवार को बिजनेस मॉडल कैनवास विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. अमित जोशी (विभागाध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज सर जेसी बोस कैंपस भीमताल) रहे। इससे पूर्व प्रो. आशीष तिवारी (निदेशक इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर कुमाऊँ विश्व. विद्यालय) ने औपचारिक रूप से प्रो. अमित जोशी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डा. निधि वर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो. अमित जोशी ने बताया की किस तरीके से छोटे-छोटे बिजनस की शुरुआत की सकती है। बिजनस मॉडल किस तरीके से बनाया जाता है, वर्तमान समय की मांग, लोगों की पसंद को ध्यान में रखते बिजनस मॉडल बनाया जाना चाहिए। प्रो. जोशी द्वारा बताया गया कि बिजनस मॉडल इकोफ्रैंडली व पर्यावरण से सम्बंधित चीजों को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए। प्रो. जोशी द्वारा बिजनस से सम्बंधित छोटी छोटी बारीकियों के बारे में बताया। अंत में डा. पैनी जोशी (उपनिदेशक कुवि इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन) ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. गीता तिवारी, डा. रीना सिंह, डा. हरीप्रिया पाठक, डा. लज्जा भट्ट, डा. श्रुति शाह, डा. नंदन सिंह, डा. हर्ष चौहान, डा. दलीप कुमार, डा. ऋचा गिनवाल, डा. नवीन पाण्डे, डा. हृदेश कुमार, डा. हिमानी जलाल तथा आरिफ सहित 95 प्रतिभागी रहे।

# WTC-2025 के विजेता पर होगी पैसों की बारिश

● आईसीसी ने इनामी राशि दोगुना की, चैंपियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

**दुबई, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे।

आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि आईसीसी की ओर से मैं दोनों टीमों के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं, यह हमारे लिए आईसीसी खिताब जीतने का एक अच्छा अवसर है। हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है और यह हम सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हारी



■ जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से अपने नाम किया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल के दूसरे राउंड में जापान की रूई हीरो. कामि और सायाका होबारा से हारकर थाईलैंड ओपन 2025 से बाहर हो गईं। यहां निमिबुत्र स्टेडियम में 53 मिनट तक चले मुकाबले में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जपानी जोड़ी से मिली हार के इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई क्योंकि सभी पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबले हार गए। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन 20-22 से हार गईं। इसके बाद जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से जीतकर मैच जीत लिया। अन्य मुकाबलों में महिला एकल में उन्नति हुड्डा भी बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 14-21, 11-11 से हार का सामना करना पड़ा। मालविका बंसोड़ को भी थाईलैंड की खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन से 12-21, 16-21 से हराया।

## विदेशी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से टीमों को नहीं पड़ेगा फर्क

● अस्थायी खिलाड़ियों को जोड़ने की दी मंजूरी, नियमों में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया और फेंचाइजियों को उनके सभी खिलाड़ियों को एकत्र करने के निर्देश दिए। हालांकि, कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने बाकी बचे सत्र के लिए अनुपलब्धता जाहिर की है। ऐसे में आईपीएल ने टीमों को राहत देने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अपने साथ अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को जोड़ने की मंजूरी दी है। दरअसल, कुछ विदेशी खिलाड़ी आगामी मैचों के लिए अनुपलब्ध हैं। मूल कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का फाइनल 25 मई को होना था लेकिन अब यह तीन जून को होगा जिससे राष्ट्रीय टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए इसमें खेलना मुश्किल हो जाएगा। कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों से वापस नहीं आ रहे जबकि मौजूदा सत्र में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले जेमी ओवरटन जैसे खिलाड़ी विंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ब्रिटेन में ही रहेंगे। पीटीआई ने आईपीएल के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कहा कि हमें आईपीएल 2025 को अस्थाई रूप से निलंबित करना पड़ा जिसके परिणामस्वरूप इसे 25 मई 2025 की पूर्व निर्धारित तिथि के बाद पूरा करना पड़ रहा है इसलिए हमने वैकल्पिक खिलाड़ी से जुड़े प्रावधानों का पुनरू मूल्यांकन किया है। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी के कारण कुछ विदेशी प्लेयरों की अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के समापन तक अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी जाएगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## दासनायके को अमेरिका की टीम का कोच बनाया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दासनायके ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले। अमेरिका की टीम का फिर से कोच बनाये जाने पर दासनायके ने कहा कि अमेरिका पुरुष राष्ट्रीय टीम में वापस आना और उसका नेतृत्व करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका क्रिकेट के लिए कुछ सार्थक करने के लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की टीम भारत में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है।

## दिल्ली ने फ्रेजर मक्गार्क की जगह मुस्तफिजुर रहमान रिप्लेस किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गार्क के कारणों से आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है।

आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थागित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है। आईपीएल ने फ्रैचाइजी को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ियों की राष्ट्रीय जिम्मेदारियों, व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी की वजह से अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के आखिर तक अस्थायी रूप से खिलाड़ी लेने की अनुमति है। उन्होंने कहा जिस भी खिलाड़ी को अस्थायी अनु. बंधित किया जायेगा। फ्रैचाइजी उन्हें अगले सत्र के लिए रिटेन नहीं कर पायेगी। यह फैसला संभवतः इसीलिए लिया गया है ताकि फ्रैचाइजी नीलामी प्रक्रिया को दर्रा. कनार करने के लिए जानबूझकर रिप्लेसमेंट न लें, बल्कि जरुरत के आधार पर ही ऐसा करें।

# शोएब मलिक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मेंटर का पद छोड़ा

**लाहौर, वार्ता।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। उल्लेखनीय है कि मलिक ने दो सप्ताह पहले बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि अब वह अगले सत्र में मेंटर नहीं होंगे। वह अपने शेष अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा निर्वहन करेंगे। पीसीबी ने शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और वकार यूनिस को मेंटर के रूप में 2027 तक तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया था। मलिक का इस्तीफा सार्वजनिक होने के बाद मीडिया रिपोर्टों ने बताया कि पीसीबी ने सभी पांच मेंटरों को हटाने का फैसला किया है। हालांकि पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड को इस बारे में नहीं बताया है। साथ ही अन्य मेंटरों का कहना है कि उन्हें किसी भी बदलाव के बारे में सूचित नहीं किया गया है।

# मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित शर्मा

■ औसत और स्ट्राइक रेट में हुआ सुधार, रोहित ने पांच मैचों में फेल रहने के बाद की जबरदस्त वापसी

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरुआत 17 मई से होने जा रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। हालांकि, दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की वापसी को लेकर फैंस में उत्साह है।

अंक तालिका में फिलहाल गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष पर है। वहीं, आरसीबी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। एमआई की टीम ने लीग में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और अंक तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर हैं। इसका श्रेय टीम के ओपनर रोहित शर्मा को भी जाता है, जिन्होंने शुरुआती पांच मैचों में फेल रहने के बाद जबरदस्त वापसी की और पिछले पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े। पिछले साल यानी 2024 में मुंबई की कप्तानी से हटाए जाने के बाद से रोहित ने खूब रन बनाए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि कप्तानी छोड़ने के बाद से उनके औसत और स्ट्राइक रेट में बढ़ोतरी हुई है। रोहित ने 2017 से लेकर 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए 100 पारियों में 24.6 की औसत और 127.4 के स्ट्राइक रेट से 2337 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए। वहीं, 94 छक्के लगाए। वहीं, साल 2024 से लेकर अब तक रोहित ने 25 पारियों में 31.17 की औसत और 150.9 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 40 छक्के भी लगाए हैं। यानी कप्तानी छोड़ने के बाद से उन पर से दबाव हटा है और वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस आईपीएल में मुंबई की टीम उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल कर रही है और इसका फायदा उन्हें मिला है। वह मैदान पर फील्डिंग करते हुए थकते नहीं हैं और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल बल्लेबाजी के दौरान करते हैं। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी है। हालांकि, साल 2024 में मुंबई टीम मैनेजमेंट ने उन्हें हटाकर हार्दिक पांडया को कप्तानी सौंपी थी। पिछले साल मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। हालांकि, इस साल टीम अच्छा कर रही है। रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह पिछले साल टी20 अंतर्राष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं। लीग में वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं। वहीं, भारत के लिए अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखेंगे।

# हरियाणा ने अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीते




**राजगीर, वार्ता।** हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते।

यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई। हरियाणा की लड़कियों की एपी टीम की कप्तान दीपांशी ने कहा कि हमारी टीम अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को जाता है। टीम स्पर्धा में यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है और मुझे अपनी लगातार जीत पर गर्व है। पुरुषों की कृपाण टीम के कप्तान उज्ज्वल ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया था और मैं टीम वर्क और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए भाग्यशाली था। मैं अपने कोच कपिल, राजपाल यादव, नरेंद्र सिंह और सुरेश को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण पदक

**पटना, वार्ता।** कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया। हरियाणा की ओर से काफी ने 22, भूमि कतारिया ने 22 और वैष्णवी ने 13 का स्कोर किया। वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लड़कों के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला कड़ा और कम स्कोर वाला रहा। एक समय दोनों टीमें लगभग बराबरी पर थीं। अंतिम क्वार्टर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक-एक थ्री-पॉइंटर लगाया, जिससे राजस्थान के लिए मैच में वापसी मुश्किल हो गई।

## इंग्लैंड ने साउथी को टीम का सलाहकार किया नियुक्त

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को पुरुष टीम का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया है। टीम साउथी ने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 126 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में सबसे अधिक 776 विकेट लिए है। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 से अधिक वर्षो का अनुभव है। उन्होंने दिसंबर 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। ईसीबी का मानना है कि साउथी का अनुभव इंग्लैंड की टीम के लिए बहुत उपयोगी होगा। टीम साउथी जिम्बाब्वे के खिलाफ 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में शुरु होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि साउदी की यह नियुक्ति लंबे समय के लिए नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि सलाहकार भूमिका के समापन के बाद साउथी के बर्मिंघम फीनिक्स के साथ द हंड्रेड में खेलना फिर से शुरू कर सकते है।




# इंग्लैंड ने विंडीज सीरीज के लिए गेंदबाज वोंग को टीम में वापस बुलाया



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए घोषित 14 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को वापस बुलाया है। चयनकर्ताओं ने हीथर नाइट के इस्तीफे के बाद स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट को तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों के लिए पूर्णकालिक कप्तान की जिम्म्मदारी सौंपी है। वोंग की वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इसके साथ ही एलिस डेविडसन-रिचड्र्स और एम्मा लैम्ब की भी एकदिवसीय टीम में वापस आयी है। इस सीरीज में तेज गेंदबाज एमिली अर्लट भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। उन्हें टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

**टी-20 टीमः-** नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एमिली, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सारा, एमी, हीथर नाइट, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसे, इस्सी वोंग व डैनी वायट**वनडे टीमः** नेट सायवर-ब्रंट (कप्तान), एलिस- रिचड्र्स, एमिली अर्लट, टैमी,बेल, केट, चार्ली, सोफिया, माहिका, सारा, एमी, हीथर, एम्मा व लिंसे स्मिथ।

# नदीम और हम कभी करीबी दोस्त नहीं थेः नीरज

● पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर को बुलाने पर ट्रोल हुए थे कल दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे

**दोहा, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कहा है कि वे और अरशद नदीम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर कहा कि 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी।

नीरज चोपड़ा 16 मई को अपने डायमंड लीग अभियान का आगाज करेंगे। रात 10:15 बजे उनका इवेंट होगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद नीरज चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, नीरज ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि वह इवेंट स्थगित किया जा चुका है। सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन, इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।

सफाई भी दी- आतंकी हमले से पहले आमंत्रित किया था पेरिस गेम्स के रजत विजेता स्टार ने पहले कहा था कि नदीम को उनके सम्मान में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट में उनके और उनके परिवार की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने से उन्हें बहुत दुख हुआ। चोपड़ा ने तब स्पष्ट किया था कि एनसी क्लासिक के लिए निमंत्रण पहलगाम आतंकी हमले से एक दिन पहले भेजे गए थे जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

नीरज नीरज चोपड़ा ने कहा कि बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनिया भर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं। जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं, बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा। हरियाणा के स्टार ने कहा कि भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।

## एशियाई मुक्केबाजी में पांच स्वर्ण देने वाले भारतीय बने हिमांशु सिंह

चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

**संतकबीरनगर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश में संतक. बीरनगर जिले के हिमांशु सिंह ने साउथ एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

पेदम स्टेडियम मापुसा गोवा में दिनांक 09 से 11 मई तक आयोजित साउथ एशिया आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में हिमांशु सिंह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने 51 किलो भार वर्ग जूनियर कैटेगरी में पांच इवेंट्स में प्रतिभाग किया जिसमें फुल बॉडी कॉन्टैक्ट, एमेच्योर बॉक्सिंग, लो बॉडी कॉन्टैक्ट, टच कॉन्टैक्ट और म्यूजिकल फॉर्म शामिल है। उन्होने पांच इवेंट्स में पांच स्वर्ण पदक हासिल करके भारत का नाम रोशन किया। आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव नसीरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि हिमांशु की इस उपलब्धि पर इंडिया के टीम और सभी लोगों में खुशी का माहौल है। हिमांशु सिंह आगे चल कर एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे और भारत देश का नाम करेंगे। हिमांशु सिंह संतकबीरनगर जिले के छोटे से गांव रसूलपुर के निवासी बालकृष्ण सिंह के पुत्र हैं। वह गोरखपुर जिले के सहजनवा में स्थित गीडा सेक्टर 23 में अपने मामा के यहां बचपन से रहते हैं। उनके पिता जाने-माने पहलवान और प्रगतिशील किसान हैं।

### एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने बीएसएम इंटर कॉलेज के छात्रों को अपराध के प्रति किया जागरूक

# समाज में नशाखोरी, बाल अपराध, साइबर क्राइम तीव्रता से बढ़ रहे: मनोहर लाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम इंटर कॉलेज रुड़की में आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) हरिद्वार द्वारा छात्रों को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम जागरूक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य बिंदु मानव तस्करी, साइबर अपराध, बाल श्रम, नशाखोरी एवं यातायात के नियम थे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बी. एस. एम शिक्षण संस्थान के प्रबंधक, पूर्व राज्य मंत्री एव भाजपा नेता मनोहरलाल शर्मा ने कहा कि समाज में नशाखोरी, बाल अपराध, साइबर क्राइम, बाल मजदूरी जैसे विभिन्न अपराध तीव्रता के साथ बढ़ रहे हैं। आज का युवा इन अपराधों की गिरफ्त में बहुत आसानी से फँसता चला जा रहा है। पुलिस द्वारा चलाया गया यह जागरुक गोष्ठी कार्यक्रम विद्यालय में पढ़ रहे नौनिहालों के लिए एक सकारात्मक कार्यक्रम है। छात्रों को यदि अपराध एवं उसकी सजा की सही-सही जानकारी मालूम है तो वह किसी भी अपराध की ओर कदम बढ़ाने से पहले गंभीर रूप से अवश्य सोचेगा। उन्होंने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट हरिद्वार से आए समस्त विशिष्ट अतिथियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए साधुवाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट जनपद हरिद्वार द्वारा छात्रों को मानव तस्करी, साइबर अपराध, बाल श्रम, नशाखोरी, यातायात के नियम आदि के प्रति जागरूकता कार्यक्रम एक सराहनीय सोच है, जो आज के युवा को अपराध के प्रति जागरूक करती है। आज का युवा परिश्रम करने से बचता है तथा शॉर्टकट माध्यम से जीवन में सफल होना चाहता है। साइबर क्राइम एवं नशाखोरी आज ज्वलंत अपराध हैं। जनपद हरिद्वार की सम्पूर्ण पुलिस टीम को धन्यवाद जिन्होंने एन. सी. सी के कैडेट के साथ युवा छात्रों को अपने अथक प्रयास से जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस टीम के साथ आये ि देवेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों को साइबर अपराध, नशाखोरी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को जागरुक करते हुए कहा कि समाज में साइबर अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहा है पढ़ा - लिखा व्यक्ति भी इसकी चपेट में बहुत आसानी से फंस रहा है साइबर अपराध की जागरूकता ही इससे बचने का एकमात्र साधन है। युवाओं का नशे की ओर झुकाव भी समाज के लिए एक बहुत बड़ी चिंता का विषय है। टीम से आए दीपक चंद ने मानव तस्करी के बारे में छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने बालश्रम के बारे में भी छात्रों को विस्तृत रूप में जानकारी दी। यातायात के नियमों के बारे में आज भी हमारा युवा अनदेखी कर अपनी जान को जोखिम में डाल रखा है। यातायात के नियमों का पालन न करने पर रोज बहुत सी जानें बेवजह चली जाती हैं। उन्होंने छब्ब के छात्रों के साथ - साथ अन्य छात्रों को हाल ही में भारत द्वारा आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पाकिस्तान पर चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए एयर स्ट्राइक की विस्तृत जानकारी छात्रों को साझा की। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभय ढौंडियाल ने किया। कार्यक्रम में अमित कपिल, अखिलेश मोहन शर्मा, डॉ. उदयन, डी. एन. पाण्डेय, मैनपाल, विनय कुमार वर्मा, नीरज कुमार वर्मा, विशेष कुमार, विकास गौतम, विशाल कुमार शर्मा संगीता गौड़ आदि मौजूद रहे।

## स्मॉल स्केल इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी स्मॉल स्केल इण्डस्ट्रीयल एसोसिएशन की 59वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ। इस सभा में निवर्तमान कार्यकारिणी पदाधिकारियों को ही आगामी वर्ष के लिए फिर से जिम्मेदारी दी गई।

हरिद्वार रोड स्थित होटल में आयोजित आम सभा में मुख्य अतिथि मेयर अनिता अग्रवाल ने कहा की नगर निगम के आधीन आने वाले औद्योगिक क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, पथ प्रकाश, सडकों का निर्माण आदि को प्रदान करने एवम् व्यवस्था को वह स्वयं देख रही हैं। उन्होंने कहा बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई व्यवस्था करायी जा रही है। जिससे जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि रूडकी स्माल स्केल इण्डस्ट्रीयल एसोसिएशन से काफी पुराना सम्बन्ध है। रूडकी उद्योग ने देश के विकास के साथ इंजीनियरिंग उपकरण एवमं रक्षा उपकरणों का निर्माण किया है। ब्रिटिश काल से रूडकी में इंजीनियरिंग इंस्ट्रुमेंट बनाये जा रहे है रूडकी एक ऐतिहासिक शहर है। सिडकुल एसोसिएशन एसएमएयू के चौयरमेन डा० हरेन्द्र गर्ग ने कहा कि औद्योगिक संगठन सरकार एवमं उद्योग के बीच की एक कडी है। हम सरकार को उद्योगों में आने वाली समस्याओं से सरकार को अवगत कराते है, फिर शासन प्रशासन से मिलकर उन समस्याओं के उचित निस्तारण एवम् सरकारी योजनाओं को उद्योगों को प्रसारित करते है।

राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर अभय कुमार पांडे ने कहा उनका उद्योगों से सीधा संवाद हैं। कानूनी दायरे में उद्योगों की समस्याओं एवम् समय-समय पर सरकार द्वारा किये गये परिवर्तन, संस्था को सूचित करते है एवम् आवश्यक होने पर सेमिनार का भी आयोजन करते है। उद्योग देश की रीढ़ की हडडी है। हम सभी समस्याओं का निराकरण उद्योग हित में करते है।इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, लेबर विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, प्रभारी कोतवाली गंगनहर एवम् राज्य व्यापरा कर के पदाधिकारियों एवम् संस्था सदस्य अध्यक्ष विजय कुमार उपाध्याय मुकेश शर्मा, सचिव अजय भारद्वाज, सहसचिव अजय कंसल, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, राजीव मित्तल, विनीत मित्तल, विनीत कुमार, शंशाक, अक्षत जैन, नवीन गुप्ता, अजय गुप्ता, निर्युण धवन, नीरज शिवा, मुकुल गर्ग, धीरेन शर्मा, पवन हांडा, इरफान अल्वी, विजय भारद्वाज, दिव्य दीप, विवेक सिंघल, विकास सिंघल, मो० मुस्तकीम, अजय शमी, विशाल गोस्वामी, वन्दना मोहन, नवीन गुप्ता, शाहनवाज, विभू शर्मा, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सुसंस्कारित व्यक्ति से ही सभ्य एवं संस्कारवान समाज बनता है : प्रो. पंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा का अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो के के पन्त निदेशक भा प्रौ. संस्थान रुड़की, विशिष्ट अतिथि मान प्रदीप बत्रा विधायक ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर एवं रुड़की नगरी की स्वर कोकिला श्रीमती वेणु मोहन ,अनीता गुप्ता एवं टीम द्वारा वन्देमातरम् गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष डा सुधीर चौधरी द्वारा वर्ष 2024-25 मे किए गए कार्यो के संक्षिप्त विवरण के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।



समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के निदेशक प्रो के के पन्त ने अपने मृदुभाषी संबोधन में कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति को संरक्षित करते हुए समाज की उन्नति के लिए कार्य करना है जिसके लिए दृढ निश्चय होना अति आवश्यक है और जिस तरह से भारत विकास परिषद समर्पण शाखा बच्चों से लेकर बड़ों तक और समाज की उन्नति के लिए कार्य कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। भाविप समर्पण अपने पांच सूत्र के साथ अपने घर, समाज, प्रदेश, और राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही है। नव दायित्वधारियों में अध्यक्ष इं राकेश गर्ग ने वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य शाखाओं से मुख्य शाखा अध्यक्ष श्रीमती शशी कीर, सचिव निधि शॉडिल्य, प्रमोद अग्रवाल संरक्षक संपर्क शाखा, प्रवीन सब्बरवाल अध्यक्ष,कुश अग्रवाल,अविरल गंगा अध्यक्ष शिव चरण पुण्डीर, प्रीति अग्रवाल प्रान्तीय संयोजक महिला सहभागिता डॉ. राजीव गोयल प्रांतीय संयोजक संस्कार, डॉ अजय भार्गव टीवी उन्मूलन कार्यक्रम प्रभारी, डॉ सुधीर चौधरी सह प्रभारी, संरक्षक अरविंद गुप्ता, एसी धीमान, डॉ संजय जैन डॉ मोहन, हर्ष प्रकाश काला, शालिनी पन्त, शालिनी प्रकाश, रेखा गोयल, निखिल पन्त ,विनय कुमार, डॉ रमा भार्गव, डॉ मधुराका सक्सेना आदि शाखा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष दीप्ति कर्माकर ने किया।

## लक्सर में डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ ने मनाया न्यायमूर्ति गवई की नियुक्ति का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई के भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेने पर डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ भारत यूनिट लक्सर ने मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी व्यक्त की।

पदम सिंह एडवोकेट ने इस अवसर पर कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के समानता के सिद्धांतों का ही यह परिणाम है कि आज न्यायमूर्ति गवई जैसे व्यक्ति देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब भी पिछड़े, अगड़े, अल्पसंख्यक, एससी-एसटी समुदायों को महत्वपूर्ण पदों पर सेवा करने का अवसर मिलता है, तब संविधान की शक्ति का एहसास होता है, जिसे डॉ. अंबेडकर ने बनाया था। पूर्व अध्यक्ष विकास पवार एडवोकेट ने भी इस अवसर पर न्यायमूर्ति गवई को बधाई दी और कहा कि डॉ. अंबेडकर के समानता के दृष्टिकोण के कारण ही आज कई लोग बड़े पदों पर पहुँच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह संविधान की ताकत है कि आज न्यायमूर्ति गवई ने मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया और उनके द्वारा स्थापित समानता के मूल्यों को सराहा।

## शांति भंग में दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियो को शांति भंग मे गिरफ्तार किया गया है। दिनाँक 14.05.2025 की सायं को पुलिस पार्टी दिनेश गुप्ता व पीआरडी महेन्द्र गश्त करते हुये ढण्डेरी ख्वाजगीपुर के पास पहुँचे तो शुभम उर्फ काला पुत्र काला निवासी ढण्डेरी ख्वाजगीपुर रूडकी व नीरज पुत्र तेल्लूराम निवासी उपरोक्त आपस मे झगड कर आमदा फौजदारी पर उतारू हो गये। जिन्हे पुलिस पार्टी के द्वारा समझाया गया जो नही माने शांति भंग करने का अंदेशा है जिस कारण दोनो व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया न्यायालय पेश किया जा रहा है पुलिस टीम में हेकानि0 दिनेश गुप्ता कोतवाली रूडकी, पीआरडी महेन्द्र कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

## कलियर परिवार के साथ जियारत को आए दो बच्चे गंगनहर में डूबे, दोनों के शव बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** अलग-अलग जगह से दो परिवार के साथ जियारत को आए दो बच्चे गंगनहर में डूब गए जिनके आज काफी तलाश के बाद शव बरामद कर लिए गए। जानकारी के अनुसार 13 साल का रियाजुद्दीन पुत्र खुर्शीद निवासी गांव कपूरपुर थाना शिवराजपुर जिला कानपुर अपनी दादी शाहजहां के साथ पहली बार कलियर दरगाह पर जियारत करने के लिए आया था। बीती 11मई को वह अपनी दादी के साथ गंगनहर किनारे जैसे ही स्नान करने गया तो वह तेज पानी के बहाव की चपेट में आ गया और वह गंगनहर पानी में लापता हो गया बुधवार की देर शाम उसका शव गंगनहर से पुलिस ने बरामद किया है। वहीं मृतक के परिजन कानपुर से रुड़की पहुंच चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ 20वर्षीय जरगाम हुसैन पुत्र सगीर अहमद निवासी खलील गिरवी जिला शाहजहांपुर से अपनी बहन और जीजा के साथ कलियर शरीफ जियारत करने आया था जो नहाते समय गंगनहर की चपेट में आ गया था पुलिस ने उसका भी शव बुधवार की शाम को गंगनहर से बरामद किया है फिलहाल दोनों बच्चों के परिजन रुड़की पहुंच चुके हैं।फिलहाल पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम पर भेज दिए हैं। दोनो परिवार में कोहराम मचा है।

## सेना व अन्य सुरक्षाबल से संबंधित दुकानदारों का किया सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोतवाली सिविल लाइन रुड़की क्षेत्र में स्थित सेना व अन्य सुरक्षाबल से संबंधित दुकानदारों व टेलरों के सत्यापन की'कारवाही की गई। आज दिनांक 15/5/25 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में प्रभारी कोतवाली रुड़की द्वारा टीम गठित कर कोतवाली क्षेत्र में स्थित सेना आदि से संबंधित दुकानों, विशेष तौर पर लाल कुर्ती क्षेत्र के दुकानदार जो वर्दी के कपड़े आदि व अन्य समान बेचते है तथा सुरक्षा बलों की वर्दी सिलने वाले टेलर के सत्यापन की कार्रवाई की गई साथ ही नोटिस भी दिए गए कि यदि आपकी दुकान पर कोई व्यक्ति वर्दी आदि का सामान खरीदने या सिलवाने आता है तो आप उनकी आईडी लेकर रजिस्टर बनाएंगे ताकि कोई गलत व्यक्ति इस प्रकार से वर्दी आदि न खरीद पाए। साथ ही यह भी हिदायत दी गई कि यदि कोई आपको संदीप व्यक्ति इस प्रकार से दुकान पर वर्दी आदि खरीदने का प्रयास करता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करेंगे।

## स्वच्छता सबका दायित्व थीम पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वच्छता सबका दायित्व थीम के तहत भारत सरकार की पहल स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के चल रहे उत्सव के हिस्से के रूप में, सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीबीआरआई), रुड़की ने अपने दो सप्ताह के स्वच्छता अभियान का समापन आज आरएनटी ऑडिटोरियम में आयोजित एक समापन समारोह के साथ किया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. लीना चौरसिया और डॉ. नीरज जैन ने किया। डॉ. लीना चौरसिया ने सम्मानित सभा का स्वागत किया और पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें वृक्षारोपण अभियान, सीएसआईआर-सीबीआरआई सदस्यों के लिए एक नारा प्रतियोगिता, सीएसआईआर-सीबीआरआई कर्मचारियों और बाल विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, बिजली के उपकरणों की सफाई और पूरे संस्थान में व्यापक सफाई अभियान आदि शामिल थे। सीएसआईआर-सीबीआरआई के निदेशक प्रो. आर. प्रदीप कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और सभी समन्वयकों, प्रतिभागियों और सहयोगी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सतत विकास के महत्व पर जोर दिया, युवाओं को अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अभिनव समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित किया और बाहरी सफाई के साथ-साथ मानसिक शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा, "स्वच्छता पूजा के बाद दूसरे स्थान पर है।" डॉ. नीरज जैन ने चित्रकला प्रतियोगिता में उल्लेखनीय उत्साह और प्रतिभा के साथ प्रतियोगिताओं के विजेताओं और उपविजेताओं के नामों की घोषणा की। प्रशंसा और प्रेरणा के रूप में, प्रो. आर. प्रदीप कुमार ने स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए, बच्चों और प्रतिभागियों के प्रयासों और रचनात्मकता की सराहना की। एक विशेष सम्मान के रूप में, ए.आर. एस.के. नेगी, वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक ने संस्थान के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के उनके निरंतर प्रयासों के लिए प्रशंसा का प्रतीक देकर सम्मानित किया। समारोह का समापन डॉ. एस. मैती द्वारा दिए गए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने निदेशक महोदय, बाल विद्या मंदिर के शिक्षकों और छात्रों, आयोजन टीम और सीएसआईआर-सीबीआरआई में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी करते हुए दो शराब तस्कर गिरफ्तार किए हैं उनसे 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर के द्वारा जानकारी दी गई की एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध नशा बेचने वालो के खिलाफ कार्रवाई के लिए सभी कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। उनसे 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।उन्होंने अपना नाम बलेश कुमार पुत्र हरिराम, रोशन पुत्र करणपाल बताए।

## कल दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अरब के लिए रवाना होंगे हज यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड के हज यात्री 17 मई को दिल्ली अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अरब के लिए रवाना होंगे। उत्तराखंड राज्य हज समिति के हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने बताया कि 17 मई को उत्तराखंड के हज यात्रियों की दो फ्लाइट दिल्ली अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सऊदी अरब के लिए रवाना होगी। 11:25 वाली पहली फ्लाइट से उत्तराखंड के 377 ओर 8:05 बजे दूसरी फ्लाइट से 398 हज यात्री रवाना होंगे।17 मई को 6 बजे वाली फ्लाइट से 107 हज यात्री रवाना होंगे। बाकी तीन हज यात्री 30 मई को 11:25 पर रवाना होंगे। 30 मई तक उत्तराखंड के सभी हज यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना हो जाएंगे। इस साल हज यात्रा के लिए उत्तराखंड से 916 लोग हज यात्रा पर जा रहें हैं। मोहम्मद अहसान ने बताया कि हाजियों की सुविधा के लिए दिल्ली हज मंजिल पर कैंप कार्यालय खोला गया है। हज समिति कार्यालय का पूरा स्टाफ दिल्ली हज मंजिल कैंप कार्यालय पर मौजूद है। यात्रियों की देखरेख के लिए पांच हज इंस्पेक्टर भेजे जा रहे हैं। ये पांचों इंस्पेक्टर सऊदी अरब में हाजियों की मदद करेंगे।

## महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर भाकियू ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**शाह टाइम्स सवददाता**

**मंगलौर।** भारतीय किसान यूनियन उत्तराखंड ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि पर गुड मंडी मंगलौर कार्यालय पर हवन के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वहीं हरिद्वार में होने वाले किसान कुंभ को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। भाकियू के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जो रास्ता हमें दिखा कर गए हैं उस पर चलने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकारे किसानों का उत्पीड़न करने पर लगी हुई है। किसानों को चाहिए एक प्लेटफार्म पर आकर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के बताए हुए रास्ते पर चलें तभी किसानो की समस्याओं का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में अगले महीने होने वाले किसान महाकुंभ में सभी को मिलकर काम करना है। देश-विदेश से आने वाले किसानों को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए इसका हम सबको ध्यान रखना है। वहीं उस वक्त सब देखते रह गए जब गढ़वाल मंडल अध्यक्ष के द्वारा अल्लाह हू अकबर और सभा में मौजूद किसानों के द्वारा हर हर महादेव फिर चौधरी के द्वारा हर हर महादेव और किसानो के द्वारा अल्लाहु अकबर का नारा लगाया गया। उन्होंने कहा कि हम सब एक हैं हमें कोई अलग नहीं कर सकता हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब एक हैं। वहीं जिला अध्यक्ष विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि किसान कुम्भ मैं सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है बाहर से आने वाले सभी किसान हमारे मेहमान हैं। उनका ख्याल रखना हम सब का काम है। संचालन कर रहे हैं प्रदेश महासचिव रवि चौधरी ने कहा कि हम सबको एकता की जरूरत है एक होकर ही हम किसी भी बड़ी से बड़ी समस्या का मुकाबला कर सकते हैं। इस मौके पर गढ़वाल मंडल अध्यक्ष के द्वारा मोहम्मद अरशद अकबरपुर को गढ़वाल मंडल का सचिव मनोनीत किया गया। सभा में मोहम्मद अरशद नितिन सालार सुबहा सिंह ढिल्लो धर्मेंद्र सिंह नसीम अंसारी शुक्रमपाल नरेश हरेन्द्र चौधरी आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओ की तामिल के लिए मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम इश्तियाक पुत्र इसाक निवासी रायपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल किशोर नेगी शामिल रहे।

### उप खंड शिक्षा अधिकारी नारसन ने स्कूलों का किया निरीक्षण

# शिक्षा का स्तर और बेहतर बनाया जाए: मेराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** नारसन विकास खंड के राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का उप शिक्षा अधिकारी मैराज अहमद द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया जहां खामियां मिलने पर उप खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाए जाने के लिए सभी शिक्षकों को सख्त निर्देश दिए।

दरअसल उप खंड शिक्षा अधिकारी मैराज अहमद ने सुबह सवेरे प्राथमिक विद्यालय नगला सलारू, मन्ना खेड़ी, शीतलपुर, झबरेडा, उच्च प्राथमिक विद्यालय ठसका, उच्च माध्यमिक हाईस्कूल नगला सलारू का पूरी टीम के साथ निरीक्षण किया। जिसमें उपखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों की स्थिति, सफाई व्यवस्था, एम डी एम तथा स्कूलों के सभी रिकॉर्ड चौक किए। कुछ स्कूलों में खामियां मिलने पर उन्हें मौके पर जमकर फटकार भी लगाई तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के सख्त निर्देश भी दिए। इस दौरान उप खंड शिक्षा अधिकारी मैराज अहमद ने कहा कि अगर स्कूलों के सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को लेकर गंभीर हो जाएं तो सरकारी स्कूलों की शिक्षा का स्तर और भी बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूलों के शिक्षक काफी मेहनत कर भी रहे हैं लेकिन कुछ शिक्षक औपचारिकता पूरी कर वापस घर लौट जाते हैं अब ऐसा नहीं चलेगा।शिक्षक पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है शिक्षक समाज का दर्पण होता है अगर वह ही सही नहीं होगा तो शिक्षा पर काफी प्रभाव पड़ेगा। बच्चे देश का भविष्य होते हैं अगर शिक्षक और उनके अभिभावक गण उनके साथ मेहनत करलें तो नए समाज और नए राष्ट्र का निर्माण होता ही। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## दून पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शैक्षणिक सत्र (2024-25) में दून पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर से साबित कर दिखाया मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं होता। स्कूल के छात्रों ने शानदार अंको के साथ सफलता प्राप्त की। यह उनके दृढ संकल्प अनुशासन व कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।



जानकारी के अनुसार 12 वीं कक्षा में हसन 93%, मयंक कुमार 93%, 91.4% अरसी 89%, सना अंसारी 10 वीं कक्षा में मो साद 90%, उत्तरा सैनी 90% हुदैन 87% अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक जहीर अहमद, प्रधानाचार्य गौरव शर्मा, तथा स्कूल के शिक्षकों ने छात्रों को बधाई प्रेषित की है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 मई 2025

## ट्रम्प की पैंतरेबाजी

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नया पैंतरा खेलते हुए एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। भारत अपना ख्याल खुद रख सकता है। याद रहे कि भारत और पाक में सीजफायर में मध्यस्थता का दावा करने वाले ट्रम्प को भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है। अब हमारी समझ में आया है कि जो देश पहले भारत की पाक समर्थित आतंकियों पर कार्रवाई को सही बता रहा था, उसे ने अब एक इनामी आतंकी को गले लगा लिया है। भारत ने उसे साफ कह दिया है कि कश्मीर मामले पर तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं है और यदि पाकिस्तान से बात होती है, तो सिर्फ पीओके वापसी पर ही होगी। भारत को तो बहुत पहले समझ लेना चाहिए था कि अमेरिका दो देशों को लड़ाकर अपना फायदा उठाना चाहता है। कहते हैं कि देर आयद, दुरुस्त आयद। भले ही भारत को ट्रम्प की बात देर से समझ आई है, लेकिन अब साफ जवाब भी दे दिया है। ट्रम्प ने दावा किया था कि उसके कहने पर ही भारत और पाक में सीजफायर हुआ है। उसने केवल अपने ट्वीटर हैंडल पर ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब में भी यही कहा था। अब एक आतंकी को गले लगाने का मतलब ये है कि अमेरिका भी एक आतंकवादी समर्थित देश हो गया है और अब भारत को उससे सचेत रहना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसम्बर में हटा दिया गया था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जो भारत के अलग -अलग राज्यों से पहलगाम घूमने गए थे। इसके बाद सात मई को पाकिस्तान ने देश के तीन राज्यों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर दिया था, जिसे भारत के सुदर्शन चक्र ने विफल कर दिया था। तीन दिन चली गोलीबारी के बाद दोनों देशों के डीजीएमओ में वार्ता होने के बाद सीजफायर हो गया था, जिसका श्रेय अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ले रहे हैं। जो उनका सफेद झूठ है। इस झूठ को क्या कहा जाए, जिस डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय पीएम मोदी ने बहुत अच्छा बताया था, वही अब आतंकवादी के समर्थित लग रहे हैं। अब भारत ने अमेरिका को साफ शब्दों में कह दिया है कि यदि बात होती है, तो केवल द्विपक्षीय होगी। किसी तीसरे की दखल स्वीकार नही है। उधर भारत के चार विश्वविद्यालयों ने तुर्की से समझौते रद्द कर दिए हैं। इनमें जामिया मिल्लिया, जेएनयू, इंदिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## जाति जनगणना निष्पक्ष तरीके से हो



प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन यह उनका दबाव था, जिसने श्री मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया, हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो, ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके, तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई, अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए, देश में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है, इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना व उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी और ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है।

**राहुल गांधी**
**सांसद, कांग्रेस**

# डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी






**श्वेता गोयल**

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं।

मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।

**डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है, पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं, वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जा रहा है, वह कोई नई बात नहीं है**

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्राय: गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्राय: बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

**( लेखिका डेढ़ दशक से शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं )**

# प्रकृति के रहस्यों की खोज...

**सत्यवती एम. सिरसाट**

अपने बारे में लिखने बैठें, तो बचपन से जुड़े अनुभव और यादें उभर ही आती हैं। मेरा जन्म कराची में हुआ था, और मेरे पिता के शिपिंग व्यवसाय के कारण हम कई देशों में भटक ते रहे। मेरे माता-पिता कट्टर थियोसॉफिस्ट थे इसलिए उन्होंने मुझे बेसेंट मेमोरियल स्कूल में भेजा, जिसे डॉ. जॉर्ज और रुक्मणी अरुंडेल चलाते थे। रुक्मणी ने कलाक्षेत्र में रहते हुए प्राचीन भारतीय कला और संगीत का पुनर्जागरण किया था। किशोरावस्था में मैंने पॉल डी क्रुइफ की किताब दी माइक्रोब हंटर्स पढ़ी, जिसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। औपचारिक शिक्षा के साथ मुझे सांस्कृतिक धरोहर का भी लाभ मिला। मैंने मुंबई के सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री प्राप्त की। पहली बार जब मैंने प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी से ग्राम पॉज़िटिव व ग्राम नेगेटिव जीवाणुओं की मिली-जुली स्लाइड देखी तो मुझे ऐसा जज़्बाती रोमांच हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकती।

डिग्री प्राप्त करने के अगले ही दिन मैं बिना सोचे-समझे प्रयोगशाला के अध्यक्ष और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट (कैंसर और सम्बंधित रोग) डॉ. वी. आर. खानोलकर के कार्यालय के बाहर खड़ी थी। न कोई फोन कॉल न कोई अपॉइंटमेंट-मैं तो बस उनसे मुलाकात के इंतज़ार में खड़ी रही। करीब दो घंटे बाद उन्होंने मुझे अंदर बुलाया और लंबी बातचीत की। मुझे नहीं पता था कि यह उनका युवाओं का साक्षात्कार लेने का तरीका था। अंत में उन्होंने मुझसे पूछा कि अभी जिस बारे में बातचीत हुई है, क्या मैं वह सब संभाल पाऊंगी। मैंने युवा अक्खड़पन के साथ कहा कि बिलकुल! और इस तरह मेरे विज्ञान के जीवन की शुरुआत हुई।

डॉ. खानोलकर बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वे एक चिकित्सक थे जिनमें वैज्ञानिक सोच तो स्वाभाविक रूप से थी। साथ ही वे कला प्रेमी, भाषाविद और कई भाषाओं के साहित्य के विद्वान भी थे। मैंने उनसे व्यापक वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण सीखा।

**1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया, एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी**

1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया। एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी। हम तीन लोगों को विदेश भेजा गया ताकि हम जैव-चिकित्सा अनुसंधान में उपयोगी नई तकनीकों जैसे जेनेटिक्स, टिशू कल्चर और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सीखकर लौटें। विज्ञान के दिग्गजों-हैंसस सेलिये, अल्बर्ट जेंट-गेओरगी, लायनस पॉलिंग, एलेक्स हैडो, चार्ल्स ओबरलिंग और विलियम ऐस्टबरी-की प्रयोगशालाओं में काम करके विज्ञान की विधियों के साथ-साथ, मैंने वह वैज्ञानिक तहजीब भी सीखी जो आधुनिक जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवश्यक है। लौटकर मैंने अल्ट्रास्ट्रक्चरल सायटोलॉजी और डायग्नोस्टिक मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी में भारत की पहली बायोमेडिकल प्रयोगशाला स्थापित की। इस केंद्र में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने लगी, और यह अपने काम के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। इस प्रयोगशाला में हमने कोशिका झिल्ली के सामान्य से असामान्य में परिवर्तित होने, कैंसर, जंक्शनल कॉम्प्लेक्स और कैंसर के फैलाव, वायरस, रक्त, स्तन और नाक के कैंसर पर अध्ययन किए। हमारा मुख्य ध्यान मुंह के कैंसर की कैंसर-पूर्व स्थितियों, जैसे ल्यूकोप्लाकिया और ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस तथा, सच कहूं तो, भारत में पान और तंबाकू के सेवन से फैलने वाले मुंह के कैंसर पर था। प्रयोगशाला में प्रशिक्षित शोधार्थियों को औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के साथ-साथ और भी बहुत कुछ सीखने को मिला। जब बॉम्बे युनिवर्सिटी ने लाइफ साइंसेज़ में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किए तो यह एक वरदान था। मैं हमेशा अस्पताल के गलियारों में पीड़ित मानवता के प्रति जागरूक रही। हम अपने काम के वैज्ञानिक पहलुओं (जैसे इलेक्ट्रॉन हिस्टोकेमिस्ट्री, इम्यून इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन ऑटोरेडियोग्राफी, क्रायोइलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) के साथ-साथ मानवीय पक्ष को लेकर भी सचेत थे। कैंसर रोगियों के जीवन और उनकी मृत्यु की निकटता ने मुझे शांति अवेदना आश्रम-भारत का पहला हॉस्पाइस (मरणासन्न रोगियों का आश्रय)-शुरू करने के लिए प्रेरित किया। मैं इस संस्थान की संस्थापक ट्रस्टी और काउंसलर रही।

**स्रोत फीसर्च**

मैं यह बता चुकी हूं कि कैसे युवावस्था में रोमांस और यथार्थ ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव डाला और मुझे इस रास्ते पर धकेल दिया। जहां तक मार्गदर्शकों की बात है, मेरे पहले गुरु मेरे पिता थे। वे स्वभाव से एक अध्येता थे जिन्होंने शुरुआत सेंट ज़ेवियर कॉलेज में अंग्रेज़ी के प्रोफेसर के रूप में की थी, लेकिन बाद में शिपिंग के क्षेत्र में चले गए। वे खूब पढ़ते थे और संस्कृत के विद्वान थे। ये गुण उन्होंने अपने बच्चों को भी दिए। वे लेखक भी थे। वैज्ञानिक जीवन में मेरे पहले मार्गदर्शक डॉ. खानोलकर थे, और दूसरे मेरे पति, डॉ. एम. वी. सिरसाट, जिन्होंने मेरे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे बीच उम्र का काफी अंतर था, लेकिन वे मेरे दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। वे एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने ऑन्को-पैथोलॉजिस्ट (कैंसर-निदान विशेषज्ञ) थे, जो सामान्य से रोगग्रस्त अवस्था की ओर संक्रमण, विशेषकर नियोप्लेसिया और दुर्दम्यता (मैलिगनेंसी) के संदर्भ में गहन जानकारी रखते थे। वे नौजवान पैथोलॉजिस्ट्स के बीच बेहद लोकप्रिय शिक्षक थे। जब भी मुझे इस भयावह बीमारी की जटिलताओं से जूझना पड़ता, वे इसे धैर्य और स्नेह से हल कर देते। हमारा यह साथ काफी अद्भुत था। उन्होंने मेरे शोध को हर संभव समर्थन दिया और मेरी पेशेवर उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया।

क्या मैंने कभी अपना करियर बदलने पर विचार किया? नहीं, कभी नहीं! मैं कभी भी अपने पेशे को बदलने के बारे में सोच नहीं सकी। यह सिर्फ एक नौकरी नहीं थी, यह टाटा मेमोरियल सेंटर और पूरी दुनिया की प्रयोगशालाओं में मेरी साधना और तपस्या थी। यह मेरे काम के साथ एक 'प्रेम कहानी' थी, जिसमें मैंने जो ज्ञान अर्जित किया, उसे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के सैकड़ों विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

सेवानिवृत्त के बाद भी मैं टाटा मेमोरियल सेंटर की मेडिकल एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष के रूप में काम करती रही। मैंने 17 साल तक भारतीय विद्या भवन आयुर्वेदिक केंद्र में 'प्राचीन ज्ञान और आधुनिक खोज' पर काम किया। इस कार्य में संस्कृत के ज्ञान ने मेरी काफी मदद की। मैंने वृद्धात्रयी-चरक, सुश्रुत और वाग्भट में कैंसर वर्गीकरण के एक प्रोजेक्ट पर काम किया। यह देखकर हैरानी होती है कि इन प्राचीन विद्वानों के विवरण आधुनिक विज्ञान से कितनी अच्छी तरह मेल खाते हैं। उन्हें विभिन्न ऊतकों (टिश्यू) के ट्यूमर और उनके जैविक व्यवहार, सौम्य और घातक (बेनाइन और मैलिग्नेंट) कैंसर तथा हड्डी और रक्त कैंसर के बारे में गहरी जानकारी थी। उनके पास तो केवल मानव शरीर, मृत व्यक्ति का बारीकी से निरीक्षण तथा उनका अंतर्ज्ञान ही एकमात्र साधन था। आखिर में युवा वैज्ञानिकों के लिए कुछ बातें: क्या आप एक सम्मानित वैज्ञानिक कहलाना चाहते हैं? जीवन के सिद्धांत सख्त होते हैं! अपने काम के प्रति ईमानदार रहें और खुद से सच्चे रहें। अनुशासन बनाए रखें। अपने साथी वैज्ञानिकों के काम का कभी अपमान न करें। सतर्क रहें दृ अपनी लॉगबुक या रिकॉर्ड में किसी पहले से तय सिद्धांत के अनुसार कभी हेरा-फेरी न करें।

# पाकिस्तान से टेंशन के कम होने के बाद ब्रिटेन के साथ भारत की 'महाडील' पर ध्यान देने की बारी



**ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी**



**अशोक भाटिया**

हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बातचीत के बाद हुआ है।

इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए।

जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए 'प्यार खो देगा'। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से यूके द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# गर्मी में शरीर को हेल्दी और हाइड्रेटेड रखने के लिए जरूर करें इन तीन ड्रिंक्स का सेवन

गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर एक्टिव रहते हैं, फिर चाहे ऑनलाइन हो या फिर चलते-फिरते। गर्मियों में सिर्फ पानी ही काफी नहीं होता, शरीर को ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स की भी जरूरत होती है, जो पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। इससे थकान, चक्कर आना या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आज हम आपको तीन ऐसे कूल और हेल्दी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ आपको तरोताजा रखेंगे, बल्कि आपके गर्मियों के दिनों को भी सुपरचार्ज कर देंगे।

### आम पन्ना...

उन्होंने आम पन्ना की तारीफ करते हुए कहा कि यह पसीने से खोए तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है और विटामिन सी से भरपूर होता है। श्वेता ने आगे कहा कि आम पन्ना पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है और इसमें काला नमक और जीरा पाउडर मिलाने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। यह विटामिन सी का भी एक बेहतरीन स्रोत है, जो गर्मियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### बेल का जूस...

श्वेता ने बताया कि बेल फल, जिसे वुड एप्पल भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका जूस पाचन में सुधार करने और गर्मी से संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होता है। बेल फल के जूस का सेवन करने से आप गर्मियों में अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं।

### फालसा जूस...

श्वेता ने बताया कि फालसा या भारतीय ब्लैकबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसका जूस शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि फालसा जूस एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है और इसका सेवन करने से आप अपने स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकते हैं। श्वेता ने सलाह दी कि जूस को ज्यादा न छानें ताकि इसके पोषक तत्वों का पूरा लाभ मिल सके।

श्वेता ने अपने कैप्शन में इन जूस के सेवन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बेल के जूस में कोई चीनी या स्वीटनर नहीं डालना चाहिए। आम पन्ना में चीनी या गुड़ मिलाने से इसका असर उलट हो सकता है और शरीर निर्जलित हो सकता है।

# ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# भारत में उत्पादन पर ट्रम्प ने एप्पल को चेताया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एप्पल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है। ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ एक कार्यक्रम में एप्पल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, मैंने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया, तुम 500 बिलियन डालर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो।

अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील आफर की है जिसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, टिम, देखो, हमने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में निर्माण करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमे. रिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री आफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपाड्स, एप्पल वाच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एप्पल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एप्पल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। यह मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है। आईफोन के मैन्युफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। IDC के अनुसार, 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28 प्रतिशत था।

## अंबानी ने दोहा में ट्रम्प, अमीर शेख से की मुलाकात

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमे. रिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिन्हों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनी. तिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है।

# भारत के हमले: पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ी

### ज्यादा सटीक हमले किए, सैन्य ठिकानों व एयरबेस को बनाया निशाना

**न्यूयार्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चली सैन्य झड़प पिछले 50 सालों में सबसे बड़ी लड़ाई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयर डिफेंस क्षमताओं को परखा और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दोनों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। सैटेलाइट तस्वीरों से पता लगा कि हमले काफी ज्यादा थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं कम था। इनमें भी ज्यादातर हमले भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर किए थे। इस हाई-टेक वारफेयर की जमाने में दोनों पक्षों ने सटीक निशाना साधा। इस लड़ाई में दोनों पक्षों की सेनाओं को नुकसान भी उठाना पड़ा है। भारत ने पांच सैनिकों के नुकसान की बात स्वीकार की है, जबकि पाकिस्तान ने 11 सैनिकों के नुकसान की बात कही है।

हमलों से पहले और बाद की हाई रिजाल्यूशन तस्वीरों से पता चला है कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। ये हमले सीमित और सटीक थे। पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची से 150 किमी से भी कम की दूरी पर मौजूद भोलारी एयरबेस को भारत ने निशाना बनाया। भारतीय सैन्य अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने एक विमान हैंगर पर सटीक हमला किया। सैटलाइट तस्वीरों से भारत का यह दावा सही नजर आया। तस्वीरों में हैंगर वाली जगह पर साफ तौर पर बड़ा नुकसान दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर भारत ने नूर खान एयरबेस को निशाना बनाया। परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी और सिक्योरिटी यूनिट यहां से कुछ ही दूरी पर है। इस लिहाज से यह सबसे संवेदनशील सैन्य टारगेट था, जिस पर भारत ने हमला किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान एयर खान एयरबेस को भी निशाना बनाया।

## मेक्सिको में हुए सड़क हादसे में 21 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मध्य-पूर्वी राज्य पुएब्ला में राजमार्ग दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुएब्ला के आंतरिक मंत्री सैमुअल एगुइलर ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह हादसा तीन वाहनों से जुड़ा हुआ है और इसके कारण कई अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना बुधवार सुबह कुआकनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के किलोमीटर 31 पर हुई। घटनास्थल पर एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घातक टक्कर उस समय हुई, जब एक ट्रक ने विपरीत लेन में जाने से पहले एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और फिर एक बस को टक्कर मार दी, फिर एक परिवहन वैन से टकरा गया।

## शुभांशु शुक्ला 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत अब 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। यह मिशन पहले 29 मई को होना था लेकिन अब लॉन्च शेड्यूल में बदलाव हुआ है। नासा ने एक्स पर बताया-स्पेस स्टेशन की फ्लाइट शेड्यूल के रिव्यू के बाद कई मिशन के लॉन्च तारीखों में बदलाव हुआ है। एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 8 जून शाम 6:41 बजे (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होगा। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

## हमने भारत के घमंड को धूल में मिलाया: पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब प्रांत के सियालकोर्ट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डान न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा-दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डालर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा-अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सरगना मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी करेंसी में) देने का ऐलान किया है। बहावलपुर में जैश के आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की स्ट्राइक में मसूद के परिवार के 14 लोग मारे गए थे। इनमें मसूद की बहन और भांजे-भतीजे शामिल थे।

## इंडोनेशिया में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादी मारे गए

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई सेना ने गुरुवार को कहा कि उसके गश्ती दल ने देश के मध्य पापुआ प्रांत के इंतान जया रीजेंसी में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादियों को गोली ढेर कर दिया। टीएनआई के प्रवक्ता क्रिस्टोमी सियानतुरी ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह चार से पांच बजे के बीच टिटिगी, नडुगुसिगा, जैनडापा, सुगापा लामा और ज़ानम्बा गांवों में गोलीबारी हुई। सियानतुरी के अनुसार गश्ती दल का उद्देश्य शुरू में उन गांवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाएं प्रदान करना था।

## सूडानी छात्र की चाकू घोंपकर हत्या, 6 पकड़े

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के निकट गुरुवार सुबह हुए हिंसक झगड़े में एक सूडानी छात्र की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई तथा अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रूपिंदर भट्टी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस टीम ने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई करते हुए अपराध के पांच घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना आज तड़के लॉ गेट के पास ग्रीन वैली इलाके में हुई, जो कि गांव माहेरू में है- यह अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, खासकर अफ्रीकी देशों से आए छात्रों का आवासीय केंद्र है। तूरा ने बताया कि सतनामपुरा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी और घायल छात्र अहमद मोहम्मद नूर अहमद हुसैन के बयान के अनुसार, वह और मृतक मोहम्मद वादा बाला यूसुफ अहमद, दो सूडानी महिला छात्रों के साथ सुबह की नमाज (नवाज) से लौट रहे थे, जब उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोका।

# सीरिया पर लगे तमाम प्रतिबंध हटे

### 84 करोड़ के इनामी आतंकवादी से मिले ट्रम्प

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला सीरिया को दोबारा तरक्की करने का मौका देगा।

इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टाप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे।

अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डालर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया गया था। ट्रम्प के साथ सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा (दाएं)। इस मुलाकात के दौरान सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (बाएं) भी मौजूद रहे। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता था।

जुलानी 2003 में मेडिकल की पढ़ाई छोड़ अल कायदा नेताओं के संपर्क में आया। उसे अमेरिकी सेना ने 2006 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद अल-शरा ने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्र का गठन किया।

2016 में वह अल कायदा से अलग हो गया और हयात तहरीर अल-शाम HTS की स्थापना की। दिसम्बर 2024 में बशर अल-असद के पतन के बाद जुलानी ने सत्ता संभाली। इसके बाद दुनिया को उसके असली नाम का पता चला।

# कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद में रिकॉर्ड गिरावट



पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित।

**नगर।** कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जहां पिछले तीन दिनों में दक्षिण कश्मीर में छह स्थानीय आतंकवादियों के मारे जाने के बाद सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या एकल अंक पर आ गई है।यह संख्या 1990 के दशक में आतंकवाद शुरू होने के बाद से सबसे कम है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि हालांकि,क्षेत्र में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों की संख्या लगभग 40 है। मंगलवार को, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन स्थानीय आतंकवादी- शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और एहसान उल हक शेख केलर के ऊपरी इलाकों में एक मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, शाहिद दक्षिण कश्मीर में लश्कर के ऑपरेशन कमांडर के रूप में काम कर रहा था।सभी शोपियां के रहने वाले थे।

अवंतीपोरा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार को मुठभेड़ में तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि उनके मारे जाने के साथ ही कश्मीर में अब केवल सात स्थानीय आतंकवादी सक्रिय रह गए हैं। माना जाता है कि शेष बचे अधिकांश आतंकवादी वर्ष 2021 के बाद शामिल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, उनमें से छह दक्षिण कश्मीर में सक्रिय हैं, जबकि एक उत्तरी कश्मीर में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं, हालांकि माना जाता है कि कुछ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मंगलवार की मुठभेड़ से पहले केंद्रीय एजेंसियों ने क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 14 आंकी थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय आतंकवाद में गिरावट का मुख्य कारण हाल के वर्षों में नए आतंकवादियों की भर्ती में भारी कमी है, जिसके साथ-साथ आतंकवादी समर्थन नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई भी की गई है।अधिकारियों ने यह भी नोट किया कि स्थानीय आतंकवादियों की कार्यशैली में बदलाव आया है। पहले के वर्षों के विपरीत, अब वे सोशल मीडिया पर तस्वीरें या दावा पोस्ट करने से बच रहे हैं और अधिक. ंशतः भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका में विदेशी आतंकवादियों को सैन्य एवं सामरिक सहायता प्रदान करना शामिल है, विशेष रूप से जंगली इलाकों में गुरिल्ला शैली में युद्ध करने के लिए मार्ग निर्देशन करने में। सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या हालांकि एकल अंक पर आ गई है, सुरक्षा एजेंसियों को हाइब्रिड आतंकवादियों को लेकर चिताएं बनी हुई हैं। हाल में हुए पहलगाम हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है, जिसमें आतंकवादियों के कई घरों को ध्वस्त करना शामिल है।

## सीईईडब्ल्यू के अरुणाभा घोष कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया के दूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** जलवायु और ऊर्जा के क्षेत्र में एशिया के प्रमुख अध्ययन संस्थानों में एक राजधानी के काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. अरुणाभा घोष को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन -कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया का दूत नियुक्त किया गया है। यह सम्मेलन इस साल नवंबर में 10 से 21 तारीख तक ब्राजील में बेलेम में आयोजित किया जाएगा। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ घोष कॉप 30 के लिए नियुक्त हुए आठ अंतर्राष्ट्रीय दूतों में से एक हैं, जो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दूतों में जैसिडा अर्डर्न, पैट्रिशिया एस्पिनोसा, लॉरेंस ट्यूबियाना और अदनान अमीन (आईआरईएनए के पहले महानिदेशक और कॉप 28 यूएई के सीईओ) जैसी वैश्विक हस्तियां शामिल हैं।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects

Qualification: As per University/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

